नई दिल्ली
शनिवार, 29 जून 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 79
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 26

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## यूजीसी नेट की नई तारीखों का ऐलान
### 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच एग्जाम

नई दिल्ली। यूजीसी नेट परीक्षा की नई तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बताया है कि यूजीसी नेट की परीक्षा 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच में होने वाली है। इसके साथ-साथ ज्वाइंट सीएसआईआर यूजीसी नेट की परीक्षा ▸▸ शेष पेज 5 पर

विचार पेज
00 0000000000000




### लोकसभा में नीट परीक्षा मामले में हुआ हंगामा, नहीं चली सदन की कार्यवाही

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बोले: सदन में पहले नीट में धांधली पर हो चर्चा, यह देश के भविष्य से जुड़ा मामला

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा सदन में शुक्रवार को नीट मामले में जोरदार हंगामा हुआ। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट परीक्षा मामले पर चर्चा की मांग की। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान आप इन मुद्दों को उठा सकते हैं। हालांकि, विपक्ष इस मांग पर अड़ा रहा कि सदन में पहले नीट पर चर्चा होनी चाहिए। मामला शांत न होता देख सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। दोबारा बैठक शुरू होने पर भी हंगामा हुआ, इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। उधर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सदन के बाहर कहा कि सरकार चर्चा से भाग नहीं रही है। लोकसभा की कार्यवाही से पहले राहुल गांधी ने शुक्रवार को ▸▸ शेष पेज 5 पर

## लोकसभा अध्यक्ष ने कहा: राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान आप इन मुद्दों को उठा सकते हैं



### कार्यवाही शुरू होते ही उठी मांग

बाद में लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट का मुद्दा उठाया और विपक्षी सांसदों के साथ मिलकर इस मामले पर चर्चा की मांग की। अध्यक्ष ओम बिरला ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा पहले की जाए। राहुल गांधी ने कहा कि हम विपक्ष और सरकार की ओर से भारत के छात्रों को ▸▸ शेष पेज 5 पर

### राहुल बोले- मेरा माइक ऑन कीजिए, बिरला ने कहा- मेरे पास स्विच नहीं

लोकसभा में शुक्रवार को नीट-यूजी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के मुद्दे को लेकर चर्चा की मांग कर रहे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अध्यक्ष ओम बिरला से कहा कि माइक ऑन कर दीजिये। इस पर बिरला ने कहा कि 'माइक मैं बंद नहीं करता हूं, यहां कोई बटन नहीं होता।' दरअसल, संसद के दोनों सदनों में प्रत्येक संसद सदस्य की टेबल पर एक माइक होता है, जिससे वे अपनी बात संसदीय सत्रों के दौरान अध्यक्ष और अन्य सदस्यों तक पहुंचाते हैं। लोकसभा में चर्चा में जो सदस्य अपनी बात रख रहा होता है, उसका माइक ऑन होता है। जैसे ही वह अपनी बात खत्म करता है उसका माइक ऑफ हो जाता है। सच बात यह है कि लोकसभा और राज्यसभा में सांसदों के माइक ऑन या ऑफ करने के लिए अध्यक्ष या सभापति के पास कोई स्विच नहीं होता। यही बात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल गांधी से ▸▸ शेष पेज 5 पर

### सुझाव भेजने के लिए माई गॉव पोर्टल पर 27 जून से 7 जुलाई तक की व्यवस्था की गई

## नीट विवाद के बीच छात्र, अभिभावक समिति को ऑनलाइन भेजेंगे सुझाव

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** नीट-यूजी पेपर लीक विवाद के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधार के लिए गठित की गई उच्च स्तरीय समिति ने इस मामले में प्रभावित छात्रों और अभिभावकों से बीते गुरुवार से ऑनलाइन सुझाव मंगाने की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। इसके लिए 'मेरी सरकार' यानी 'माई गॉव' पोर्टल पर एक लिंक साझा कर कहा गया है कि छात्र और अभिभावक एनटीए और परीक्षा तंत्र के सुधार के लिए 7 जुलाई 2024 तक अपने विचार, सुझाव और चिंताओं को साझा कर सकते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पिछले 22 जून को मामले की जांच केंद्रीय जांच एवं अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के साथ ही एनटीए के संपूर्ण परीक्षा तंत्र में सुधार के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ.के.राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक सात सदस्यीय उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया था। यह दो महीने में अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपेगी। इसी सप्ताह 17 जून को समिति की राजधानी में पहली बैठक हुई थी। जिसके बाद डॉ.राधाकृष्णन ने कहा था कि ▸▸ शेष पेज 5 पर

### वसंत विहार में टीन शेड गिरने से तीन मजदूरों की दबकर मौत

## आईजीआई एयरपोर्ट पर छत गिरी, कैब ड्राइवर की मौत, आठ लोग घायल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के 'टर्मिनल-1' की छत का बड़ा हिस्सा गिरने से शुक्रवार तड़के एक कैब चालक की मौत हो गई और आधा दर्जन लोग घायल हुये हैं। मृतक का नाम रोहिणी निवासी रमेश कुमार (45) बताया गया है।

वहीं घायलों में संतोष कुमार यादव (28), शुभम शाह (30), दशरत अहिरवार (25), अरविंद गोस्वामी (34), साहिल कुंदन (27) और योगेश धवन (44) शामिल है। घायलों का मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटना को लेकर केस दर्ज किया है। मामले की उच्च स्तरीय जांच भी की जा रही है। उधर वसंत विहार में एक निर्माणाधीन साइट पर टीन शेड गिरने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। किराड़ी में भी करंट लगने से एक युवक की मौत का मामला सामने आया है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि शुक्रवार तड़के करीब साढ़े पांच बजे घटना की सूचना मिलने के बाद तीन दमकल गाड़ियों को हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 (टी-1) पर भेजा गया था। छत के अलावा ▸▸ शेष पेज 5 पर

## अमरनाथ यात्रा शुरू रक्षाबंधन तक दर्शन



**नई दिल्ली।** आज से अमरनाथ यात्रा की शुरुआत होने जा रही है। यह यात्रा 19 अगस्त 2024 सावन पूर्णिमा (रक्षाबंधन) तक चलेगी। शुक्रवार को तड़के बम भोले के जयघोष के साथ पहल जत्था कश्मीर के लिए रवाना हुआ। पहले जत्थे में कुल 4603 तीर्थयात्री जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुए। यात्रियों में खासा उत्साह देखा गया।

### विनय क्वात्रा की जगह पर 15 जुलाई को संभालेंगे कार्यभार

## एलएसी विवाद के दौरान चीन में भारत के राजदूत रहे विक्रम मिसरी होंगे विदेश सचिव

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



वर्ष 1989 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी और राष्ट्रीय सुरक्षा सचिवालय में उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार विक्रम मिसरी भारत के अगले विदेश सचिव होंगे। विदेश मंत्रालय में 15 जुलाई 2024 को वह अपना कार्यभार संभालेंगे। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने शुक्रवार को इस संबंध में एक आदेश जारी कर बताया कि मिस्त्री की नियुक्ति मौजूदा विदेश सचिव विनय क्वात्रा को मार्च महीने में दिए गए छह महीने के सेवा विस्तार को ध्यान में रखकर की गई है। यह अवधि अक्टूबर के अंत में समाप्त होगी। लेकिन इसके पूर्व में वह 30 अप्रैल से 14 जुलाई तक ही विदेश सचिव के पद पर रहेंगे। विदेश सचिव के रूप में क्वात्रा का आधिकारिक कार्यकाल 30 अप्रैल 2024 को समाप्त हो गया था। विक्रम मिसरी वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन की सेनाओं के बीच शुरू हुए एलएसी विवाद के दौरान (जनवरी 2019 से दिसंबर 2021 तक) चीन में भारत के राजदूत थे। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### भाजपा की फैक्ट फाइंडिंग..

## टीम ने बंगाल पर जेपी नड्डा को सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में हुई राजनीतिक हिंसा की जांच के लिए बनाई गई समिति ने शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को रिपोर्ट सौंप दी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में टीएमसी के सत्ता पोषित उपद्रवियों और प्रशासन के राजनीतिकरण का हवाला दिया गया है। रिपोर्ट में कहा है कि पश्चिम बंगाल में आमजन जीना मुश्किल हो गया है। त्रिपुरा के पूर्व सीएम एवं सांसद बिप्लब कुमार देब की अगुवाई में गठित की ▸▸ शेष पेज 5 पर

## दिल्ली में सड़कें हुई जलमग्न, कई जगहों पर टूटे पेड़ और गाड़ियां डूबीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



चिलचिलाती गर्मी और गर्म हवाओं के मौसम के बाद जब बारिश ने सर्द लहजे के साथ दस्तक दी तो हर किसी के चेहरा खिल उठा, लेकिन शुक्रवार की सुबह से बरस रहे बादल राजधानी दिल्ली की व्यवस्थाओं के लिए हर बार की तरह आफत बनते दिख रहे हैं।

शहर की सड़कों पर बहता पानी और रुकी हुई गाड़ियों ने सरकारी इंतिज़ाम की पोल खोल कर रख दी है। इतनी बारिश कि रिकॉर्ड तक कायम हो गया।जानकारी ऐसी है कि 88 साल बाद जून के महीने ने इतनी बारिश देखी है। जब सुबह बारिश शुरू हुई तो खबर आई कि आईजीआई एयरपोर्ट पर छत का एक हिस्सा गिर गया, जिससे एक शख्स की मौत भी हो गई। आम ▸▸ शेष पेज 5 पर

### हेमंत सोरेन को 5 महीने बाद जमानत

# जेल से बाहर आते ही बोले- मेरे खिलाफ रची साजिश

हाई कोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल होने के ठोस सबूत नहीं मिले

एजेंसी ▸▸ रांची

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार को रांची की बिरसा मुंडा जेल से बाहर आ गए। जेल के बाहर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन भी उन्हें लेने के लिए जेल पहुंची थीं। जेल से निकलने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि मुझे झूठे आरोपों में 5 महीने जेल के अंदर रखा गया। झारखंड के लोगों के लिए 5 महीने बहुत कठिन थे।



सुनियोजित तरीके से लोगों की आवाज दबाई जा रही है। दिल्ली में मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल में बंद हैं। मंत्रियों को जेल में डाल दिया जा रहा है। न्याय की प्रक्रिया इतनी लंबी हो रही है कि न्याय मिलने में कई महीने लग रहे हैं। मेरे मामले में कोर्ट का आदेश आज सभी को मिलेगा। उसे देखना चाहिए। कोर्ट ▸▸ शेष पेज 5 पर

### हेमंत सोरेन की जमानत पर हाईकोर्ट की टिप्पणी विपक्षी दलों के लिए बनेगा नया सियासी औजार

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जिस अंदाज में झारखंड हाईकोर्ट ने कथित भूमि घोटाले से जुडे मनी लांड्रिंग मामले में जमानत देते हुए टिप्पणी की है उससे विपक्षी दलों को संसदीय सत्र के दौरान केंद्र सरकार को घेरने का एक और औजार मिल गया है। देर शाम तक कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सहित इंडिया गठबंधन के अन्य साथी दल बैठे इस बात पर एकराय बनी कि मुख्यमंत्री रहते हुए जिस तरह से ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया अब 149 दिनों के बाद उनकी जमानत हुई है उसे बड़ा मुद्दा बनाया जाए, खासकर तब जब हाईकोर्ट ने जमानत देते हुए ईडी के केस को पूरी तरह नकारते हुए ▸▸ शेष पेज 5 पर



## पड़ोस में रहने वाले दो युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

# 10 वर्षीय बच्ची की सामूहिक दुष्कर्म के बाद की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



**खास बात**

- पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

नरेला में गुरुवार रात 10 वर्षीय बच्ची का शव खाली प्लॉट में पाया गया। मामला सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या का है। आरोप दो पड़ोसी युवकों पर है। दोनों युवक रात को बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए और झाड़ियों में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म के बाद पत्थरों से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। दोनों आरोपी गिरफ्तार कर लिये गये हैं।

पुलिस के अनुसार गुरुवार रात करीब साढ़े 12 बजे नरेला सेक्टर ए6 से बच्ची के लापता होने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ ही देर बाद बच्ची के घर से सौ मीटर दूरी पर खाली प्लॉट से बच्ची की डैड बॉडी बरामद कर ली गई। बच्ची का पत्थरों से सिर कुचला गया था। पुलिस ने घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच भी करवाई। पुलिस को बच्ची के पिता ने बताया कि बेटी ने रात करीब पौने 10 बजे उनके साथ खाना खाया। फिर गली में टहलने चली गई। जिसके बाद वह गायब हो गई थी। बच्ची के पिता ने पुलिस को यह भी बताया कि आसपास के लोगों ने उन्हें बताया कि पड़ोसी राहुल उनकी बच्ची को साथ ले जा रहा था। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट और अगवा कर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने राहुल और देवदत्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राहुल की उम्र 20 साल है। वह रबड सिलेंडर ट्यूब बनाने की फैक्ट्री में काम करता था। वहीं दूसरे आरोपी की उम्र 30 साल है। वह छाता बनाने की फैक्ट्री में कार्यरत था।

# छत का हिस्सा गिरने की घटना की जांच के लिए बनायी समितिः हवाई अड्डा परिचालक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी डायल ने शुक्रवार को हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर छत का एक हिस्सा ढहने की घटना की जांच के लिए एक तकनीकी समिति गठित की। डायल ने कहा कि शुरुआती जांच में घटना का कारण संभवतः भारी बारिश है। शुक्रवार तड़के लगभग पांच बजे हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि कुछ लोग घायल हो गए हैं।

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. (डायल) ने कहा कि शहर में रातभर भारी बारिश और हवाओं के कारण टर्मिनल-1 (टी1) के पुराने प्रस्थान प्रांगण की छत एक हिस्सा ढह गया। कंपनी ने बयान में कहा कि हालांकि इसके कारण का पता लगाया जा रहा है, लेकिन प्राथमिक कारण पिछले कुछ घंटों से जारी भारी बारिश लग रही है। डायल ने घटना के कारणों की जांच के लिए एक तकनीकी समिति गठित की है जो जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट देगी। घटना के बाद टी-1 पर उड़ान परिचालन ठप हो गया है।

डायल ने कहा कि वह स्थिति का आकलन करने और परिचालन बहाल करने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए), नागर विमानन ब्यूरो (बीसीएएस), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) सहित सभी संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। टर्मिनल-1 का उपयोग इंडिगो और स्पाइसजेट की घरेलू उड़ानों के लिए किया जाता है।

### कारों पर लोहे की शहतीरें गिरते ही मच गई अफरा-तफरी

हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर शुक्रवार को जब छत का एक हिस्सा गिरा तो उस समय किसी चीज के टूटने जैसी कोई तेज आवाज नहीं हुई। हालांकि कारों पर (छत के हिस्से के साथ) लोहे की शहतीरें गिरने पर लोगों को घटना पता चली और वहां अफरा-तफरी मच गई व लोग मदद के लिए चिल्लाते नजर आए। हादसे के दौरान वहां मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी ने यह बात कही। राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश के बीच शुक्रवार को सुबह करीब पांच बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के 'टर्मिनल-1' की छत का एक हिस्सा वाहनों पर गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान अबतक नहीं हो पाई है। टर्मिनल के 'पिक-अप' और 'ड्राप' क्षेत्र की छत का एक हिस्सा और उन्हें सहारा देने वाली शहतीरों के गिरने से वहां कई कार क्षतिग्रस्त हो गईं। एक अन्य कैब चालक ने बताया कि हादसे के समय बहुत कम लोग वहां मौजूद थे और ट्रैफिक भी सीमित था। अधिकारियों ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने तत्काल घटना की जानकारी हवाई अड्डे पर तैनात स्थानीय पुलिस और अग्निशमन सेवा को दी। घटना के समय ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने बताया, "शहतीरों का वजन बहुत अधिक था, इसलिए हमने तत्काल अग्निशमन विभाग को क्रेन मशीन भेजने को कहा। अग्निशमन कर्मी और उनके अधिकारी भी सुबह करीब साढ़े पांच बजे क्रेन के साथ पहुंच गए थे।" पुलिस उपायुक्त (इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) उषा रंगनानी ने बताया कि जहां पर छत गिरी है उसकी घेराबंदी कर दी है और टीम तैनात की गई है ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि वहां तक कोई न जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस और सरकार की अलग-अलग टीम जांच के लिए उक्त स्थान का दौरा करेंगी। हमने इस उद्देश्य से इलाके की घेराबंदी कर दी है। हमारे पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा बलों और दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के साथ मिलकर तुरंत बचाव अभियान शुरू कर दिया है।

### 'आप' ने जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिजनों को एक करोड़ रुपये देने की मांग की

आम आदमी पार्टी (आप) ने हवाई अड्डे की छत का एक हिस्सा गिरने की घटना में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की है। 'आप' के नेता जैस्मीन शाह ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को आगे आकर घटना का कारण बताना चाहिए। उन्होंने कहा, "आज एक बेहद दर्दनाक घटना घटी। दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा ढह गया। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा या देश के अन्य हवाई अड्डे केंद्र सरकार के भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के तहत आते हैं। इस घटना में लगभग आठ लोग घायल हुए हैं और एक की मौत हुई है।" शाह ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि हम घटना में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिजन को एक करोड़ रुपये जबकि घायलों को 50-50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग करते हैं।" शुक्रवार को हुई इस घटना के चलते कई लोग हवाई अड्डे पर फंस गए। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### एयरपोर्ट हादसे पर आप नेता कांग्रेस से मांगे जवाब

प्रवक्ता कपूर कपूर ने एयरपोर्ट हादसे पर बोल रहे "आप" नेताओं को याद दिलाया कि एयरपोर्ट की यह बाहरी छत 2009 में कांग्रेस सरकार के समय बनी थी इसलिए इस पर वह कांग्रेस से जवाब मांगे।

## ऑटो में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



वजीराबाद क्षेत्र में एक ऑटो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मृतका का नाम मंजू देवी (24) पत्नी चरणजीत बताया गया है। शव सब्जी मंडी मोर्चरी भिजवाया गया है। पुलिस का शुरुआती जांच में कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि ऑटो को पीछे से टक्कर मारी गई है।

पुलिस के अनुसार वजीराबाद पुलिस को सूचना मिली कि गोपालपुर फुट ओवर ब्रिज के पास आउटर रिंग रोड पर हादसा हुआ। पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर एक ऑटो और उसका चालक मुकेश मिला। पूछताछ करने पर ऑटो चालक ने उन्हें बताया कि घायल महिला को एक निजी वाहन से अस्पताल ले जाया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि ऑटो सड़क पर खड़ा था तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसके बाद मैक्स अस्पताल से घायल मंजू देवी की मौत की सूचना मिली। इस संबंध में आईपीसी की धारा 279/337/304ए के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की आगे की जांच चल रही है।

# बर्गर किंग शूटआउट केस में शूटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- स्पेशल सेल की कार्रवाई

राजौरी गार्डन के बर्गर किंग में सनसनीखेज शूटआउट और हत्या में वांछित एक शूटर को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से आठ कारतूस और 7.65 कैलिबर की एक अत्याधुनिक पिस्टल बरामद हुई। आरोपी फरीदाबाद में सेल की टीम पर फायरिंग केस में भी शामिल रहा है।

एडिशनल सीपी पी एस कुशवाहा ने बताया कि उत्तरी रेंज की टीम ने बिजेंद्र उर्फ गोलू पुत्र स्वर्गीय नसीब सिंह उर्फ थंबू निवासी गांव रिटोली, रोहतक को गिरफ्तार किया है। 27 वर्षीय बदमाश 18 जून को बर्गर किंग रेस्तरां में हुई अमन निवासी झज्जर की हत्या के मामले में शामिल था। रेस्त्रां में तीन व्यक्ति बाइक पर पहुंचे थे। एक व्यक्ति निगरानी रखने और हथियार के साथ बैकअप के रूप में बाइक पर बाहर खड़ा रहा, जबकि उनमें से दो बर्गर किंग के अंदर गए और करीब से अमन पर लगभग 20/25 राउंड अंधाधुंध गोलियां चलाई। अमन की मौके पर ही मौत हो गई थी। मामला सेल को हैंडओवर किया गया था। जांच में तीन आरोपियों की पहचान आशीष उर्फ लालू निवासी गांव-खरिया, जिला हिसार, विकास उर्फ विक्की निवासी गांव-रिढाणा, जिला झज्जर व बिजेंदर उर्फ गोलू निवासी रिटोली, जिला रोहतक के रूप में की गई थी। उनकी धरपकड़ के लिए टीम ने हरियाणा, राजस्थान, यूपी और पंजाब में कई संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। कुछ मौकों पर अपराधी पकड़े जाने से बाल-बाल बच गये। लेकिन टीम लगातार उनका पीछा करती रहती है। पिछले 10 दिनों के कठिन परिश्रम के बाद 28 जून को बिजेंद्र को रोहिणी क्षेत्र से दबोचा गया। इसके पास से बरामद पिस्टल बरेटा बताई गई है। शूटर बिजेंद्र ने 9वीं तक की पढ़ाई अपने गांव रिटोली के सरकारी स्कूल से की है। वह पहले हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के पांच मामलों में शामिल रहा है। पूछताछ में इसने खुलासा किया है कि अमन की हत्या विदेश में बैठे गैंगस्टर हिमांशु भाऊ और उसके भाई नवीन बाली के निर्देशों पर की गई थी। हत्या एक पुरानी दुश्मनी के चलते अंजाम दी गई थी।

### अवैध उगाही करने वाले चार पुलिसकर्मी अरेस्ट

**नई दिल्ली।** लक्ष्मी नगर इलाके में एक होटल पर छापा मारकर मोटी रकम हड़पने के आरोप में इंस्पेक्टर प्रकाश रॉय समेत चार पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को सभी को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि यह कार्रवाई उनकी भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति की प्रतिबद्धता है और इसे आगे भी जारी रखा जाएगा।गौरतलब है कि इंस्पेक्टर प्रकाश रॉय ने लक्ष्मी नगर थाने के तीन अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ 29 मई को शकरपुर थानाक्षेत्र में एक होटल के कमरे पर छापा मारा था। चूंकि एमसीसी लागू थी और उपरोक्त छापेमारी के लिए कोई पूर्व अनुमति सीनियर अधिकारियों से नहीं ली गई थी, इसलिए मामला संदिग्ध लग रहा था। पूर्वी जिले के एसीपी/पीजी द्वारा इसकी जांच करवाई गई।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल कुमार, पुत्रः** श्री आनंद कुमार, **पताः** ई–329, छज्जुपुर, शाहदरा, दिल्ली ने मुकदमा Case No. **513359/16, U/s 138 NI Act, थानाः दरिया गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा Case No. **513359/16, U/s 138 NI Act, थानाः दरिया गंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विशाल कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री नितीश कुमार शर्मा
महानगर दण्डाधिकारी
कमरा नं. 201, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7512/CD/2024
(Court Matter)


## निर्माणाधीन साइट पर टीन शेड गिरा, तीन दबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



वसंत विहार के बी ब्लॉक में एक निर्माणाधीन साइट पर शुक्रवार सुबह बन रहे बेसमेंट के पास टीन शेड गिर गया। इसमें तीन मजदूरों के दबे होने की आशंका है। देर रात भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था। खबर लिखे जाने तक किसी भी मजदूर का शव बाहर नहीं निकाला जा सका था।

मिली सूचना के अनुसार बेसमेंट की खुदाई वाले हिस्से में पानी व मिट्टी भरी थी। उसके साथ ही मजदूरों ने अस्थाई टिन शेड बनाया था। टिन शेड पर अचानक पेड़ टूटकर गिर गया। मजदूर बेसमेंट की खुदाई वाले हिस्से में दब गए। पुलिस, फायर विभाग, एनडीआरएफ सहित अन्य टीमें बचाव अभियान में जुटी रही।

## डेटिंग एप के जरिए चुना लगाने वाले गैंग का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी जिले की शकरपुर पुलिस ने एक डेटिंग एप स्कैम उजागर किया है। दरअसल डेटिंग एप टिंडर पर युवकों को हनी ट्रैप में फंसाकर कैफे में लाया जाता था। वहां कैफे संचालकों की मदद से युवक का भारी भरकर बिल बनाया जाता था। इस मामले में अभी एक लड़की और युवक को अरेस्ट किया गया है। इनके नाम अक्षय पाहवा, निवासी शिवम एन्क्लेव, विश्वास नगर, शाहदरा और वर्षा उर्फ अफसान परवीन उर्फ आयशा उर्फ नूर निवासी कृष्णा नगर बताये गये हैं। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि 24 जून को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले युवक ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि एक दिन पहले वह अपनी टिंडर डेट वर्षा से उसके जन्मदिन पर मिला था। वह उसे ब्लैक मिरर कैफे, विकास मार्ग ले गई थी। वहां उन्होंने स्नैक्स, दो केक खाए और वर्षा ने फ्रूट वाइन के चार शॉट लिए। इसके बाद वह युवक को बताए बिना अचानक चली गई। बाद में पारिवारिक मुद्दों का हवाला दिया। इसके बाद कैफे मैनेजर ने युवक को एक लाख 21 हजार 917 रुपये का बिल दिया। बिल पर विवाद हुआ तो युवक को धमकाया गया और बंधक बना लिया गया। आखिर में युवक को भुगतान करने के लिए मजबूर किया गया। युवक ने ऑनलाइन भुगतान किया। बाद में ठगा हुआ महसूस करने पर उसने स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी दी। शकरपुर थाने में केस दर्ज किया गया। कैफे के मालिकों में से एक अक्षय पाहवा को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अक्षय ने खुलासा किया कि ब्लैक मिरर कैफे के तीन मालिकों में से एक है। अन्य दो के नाम अंश ग्रोवर और वंश पाहवा है। अक्षय और वंश चचेरे भाई हैं, जबकि अंश उनका दोस्त है। इन्होंने पूछताछ में युवती के नाम का भी खुलासा किया। बाद में अफसान परवीन को एक अन्य कैफे से पकड़ा गया, जहां वह मुंबई के एक लड़के के साथ मौजूद थी। युवक से उसकी मुलाकात शादी.कॉम के जरिए हुई थी।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हेमा मतलानी पुत्री किरन लाल निवासी मकान नं. 1098, के-ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली** ने एफआईआर नं./सीसी केस नं. **684/15 अन्तर्गत धारा 406/420 आईपीसी के तहत् थाना मॉडल टाउन, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हेमा मतलानी** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हेमा मतलानी** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं./ सीसी केस नं. **684/15 अन्तर्गत धारा 406/420 आईपीसी के तहत् थाना मॉडल टाउन, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हेमा मतलानी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.08.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री हिमांशू सेहलोथ**
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट-03
कोर्ट नं. 213 (उत्तर), रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/8262/NW/2024**
**(Court Matter)**


#### रुपयों के लेनदेन का था विवाद, तीन गोलियां मारकर की गई थी हत्या

# प्रॉपर्टी डीलर की हत्या का आरोपी निकला बिजनेस पार्टनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- क्राइम ब्रांच ने आरोपी प्रॉपर्टी डीलर को किया अरेस्ट

कालिंदी कुंज इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर की दिनदहाड़े हत्या का मामला क्राइम ब्रांच ने सुलझा लिया है। आरोपी के पास से मृतक की स्कूटी भी बरामद हो गई है। गिरफ्तार शख्स का नाम फिरोज खान (30) निवासी जैतपुर है। आरोपी पेशे से प्रॉपर्टी डीलर था और मृतक का बिजनेस पार्टनर भी था।

डीसीपी संजय सेन के अनुसार मोहम्मद जैद नाम का एक युवा प्रॉपर्टी डीलर 21 जून को जैतपुर इलाके में स्थित अपने दोस्त फिरोज खान के कार्यालय में मृत पाया गया था। उसे तीन गोलियां लगी थी। ऑफिस पर बाहर से ताला लगा था। मृतक की स्कूटी गायब थी। बाद में स्थानीय पुलिस ने जैद का शव कार्यालय से बरामद किया था। फिरोज लगातार फरार चल रहा था। हाल ही में क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली कि फिरोज के साथ जैद का पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। इसके बाद कई जगह छापे मारे गए और फिरोज को पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान इसने बताया कि वह कालिंदी कुंज इलाके में मिर्जा एसोसिएट्स के नाम से प्रॉपर्टी डीलिंग का ऑफिस चलाता था। मोहम्मद जैद उसका दोस्त था। उसका इलाके में ही ए-2-जेड नाम से प्रॉपर्टी डीलर का ऑफिस था। दोनों पार्टनरशिप में एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे। 21 जून को दोपहर लगभग एक बजे जैद उसके कार्यालय में आया और पांच लाख की मांग करने लगा। उसने पैसे देने से इंकार कर दिया। इस पर उनके बीच नोकझोंक होने लगी और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। इसी बीच फिरोज ने पिस्तौल निकाली और जैद पर तीन गोलियां चला दी थी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | एम.सी. टोहाना में डम्प साइट हेतु रोड का विस्तार। | 26.06.2024 10.07.2024 | 68.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467820947 eo-tohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/27278/I/88/7 दि. 28.06.24


# लोहे के पाइप में करंट से युवक की मौत

किराड़ी में शुक्रवार सुबह दुकान के बाहर लोहे के पाइप में आ रहे करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। घटना के समय युवक बाजार गया था। उसने दुकान के बाहर लगे लोहे के पाइप को छू लिया। युवक ने जल भराव से बचने के लिए पाइप का सहारा लिया था। युवक की पहचान राजेश के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को संजय गांधी अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया है।

पुलिस के अनुसार हादसा किराड़ी के मुबारकपुर रोड स्थित बाजार में गारमेंट की दुकान के बाहर हुआ। दुकानदार ने टीन शेड लगा रखा है। टीन शेड की सपोर्ट के लिए लगाए गए पाइप में ही करंट प्रवाहित हो रहा था। उधर बिजली कंपनी ने दुकान का बिजली का कनेक्शन काट दिया है।


**IndusInd Bank**

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

**Hypothecated Repossessed Vehicle Auction/Sale Notice to General Public**
IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below


| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DUB00234G | SHAHBAZ | UP20AT9814 | UYN3F90891 | MA1KT2UYEN3F61786 | Mahindra Jeeto Plus 20 Cng Bs VI | 2022 |
| UYN00461G | TILAK | UP24AT3936 | 15CR06KXXSE1722 | MAT535093NYK48362 | Tata Intra V50 Bs6 | 2022 |
| UYN00617G | VEDPAL | UP24AT5484 | REVTRN18AWXS14282 | MAT535327PYB05719 | Tata Ace Ht Plus Bsvi | 2023 |
| UYN00656G | MAU | UP38AT0788 | 1.5CRAIL05BWXS18286 | MAT535308PYB06576 | Tata Intra V50 Bs6 | 2023 |
| DAA02714G | SIDDHARTH | UP80HT2155 | AZXWPC20381 | MD2B47AX8PWC25045 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| DDB02326G | MS..JAI MATA COAL TRADERS | HR38Z7420 | AK6B55203 | MA1FN2VARK6B55203 | M & M Supro Mini Truck Cng | 2019 |
| DDP01920G | FAKRUDEEN | HR55AP7789 | AZXWPL79528 | MD2B47AX9PWL32988 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| DDP02101GM | HOSHIYAR | HR73B4556 | PXP6D15882 | MA1FN2PXRP6D56929 | MAHINDRA SUPRO MINITRUCK CNG Bs6 | 2023 |
| DAS00934G | SHEKHAR | DL1LAJ9522 | 275CNG17BWXS25081 | MAT556002PVB11492 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2023 |
| DAS00954G | RAKESH | DL1LAL0507 | REVTRN18EWXS56397 | MAT535327PYE21109 | Tata Intra V20 Bifuel Bs6 | 2023 |
| DBR00342G | MANOJ | DL1LAG0666 | 275CNG17PYXSD8030 | MAT556002MVP68178 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2021 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 7 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

Place : New Delhi
Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245





# मानसून की पहली बारिश से दिल्ली की सड़कें बनी तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में शुक्रवार को हुई भारी बारिश सरकार और दिल्ली नगर निगम के दावों को पोल खोल कर रख दी है। इस बारिश से पूरी दिल्ली पानी-पानी हो गई। सड़कों पर जगह-जगह जलभराव और वर्षाजनित हादसों से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। वहीं दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत विहार इलाके में एक निर्माणाधीन दीवार के गिर गई। सड़कों पर जलभराव के कारण वाहन जलमग्न हो गए और यातायात बाधित हो गया। कई स्थानों पर पानी लोगों के घरों में घुस गया। वहीं दिल्ली की कई सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए। कुछ सड़कों पर 4 से 5 फीट तक पानी भर गया। वहीं यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25 मेट्रो स्टेशन के एंट्री और एग्जिट गेट भी बंद कर दिए गए। वहीं सड़कों पर यातायात बाधित होने के कारण कार्यालय, विद्यालय, कॉलेज या अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के जा रहे हजारों यात्री घंटों फंसे रहे। इस साल मानूसन की पहली भारी बारिश के बाद प्रगति मैदान सहित प्रमुख सुरंगों को बंद करना पड़ा तथा हौज खास, साउथ एक्सटेंशन और मयूर विहार जैसे पॉश इलाकों सहित शहर के कई स्थानों पर मकानों में पानी भर जाने की खबरें मिली हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि दीवार गिरने की सूचना शुक्रवार सुबह साढ़े पांच बजे मिली जिसके बाद पांच दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तीन मजदूरों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल), डीडीएमए (दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण), विभिन्न नगर निकाय एजेंसी, अग्निशमन और पुलिस के बचाव दल मौके पर मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि श्रमिकों को बचाने के प्रयास जारी हैं। अधिकारी ने बताया कि मलबे में फंसे मजदूरों के एक गहरे गड्ढे में गिरने की आशंका है और उन्हें बचाने के लिए गोताखोर एवं दमकलकर्मी तलाश अभियान चला रहे हैं।

## कई इलाकों में बिजली आपूर्ति हुई बाधित

भारी बारिश के बीच शुक्रवार सुबह कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के अधिकारियों ने बताया कि शहर के जलभराव वाले इलाकों में तकनीकी खराबी और एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद करने से बिजली आपूर्ति बाधित हुई। द्वारका, जंगपुरा और लक्ष्मीनगर के लोगों ने बताया कि इन क्षेत्रों में सुबह बारिश शुरू होते ही बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई। डिस्कॉम के अधिकारी ने बताया कि बारिश के कारण राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में बिजली की लाइन, खंभे आदि क्षतिग्रस्त हो गए जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हुई। उन्होंने कहा कि मरम्मत का कार्य जारी है और जल्द आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## महापौर ने जलभराव वाले क्षेत्रों का किया दौरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने शुक्रवार को जंगपुरा विधायक प्रवीण कुमार और वरिष्ठ निगम के अधिकारियों के साथ जलभराव वाले क्षेत्रों जैसे की आइटीपीओ, मथुरा रोड, जंगपुरा का दौरा किया। उन्होंने बताया कि निजामुद्दीन का नाला ओवरफ्लो हो रहा था और एमसीडी अधिकारियों को निर्देश दिए गए की जल निकासी के लिए जल्द से जल्द प्रबंध किए जाएं। डॉ. शैली ओबेरॉय ने सभी अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में रह कर जलभराव पर नियमित अपडेट प्राप्त करने और स्थिति की प्रभावी निगरानी और प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने एमसीडी अधिकारियों के सक्रिय प्रयासों को उजागर किया, जो शहर भर में जलभराव से सम्बंधित शिकायतों पर जमीनी स्तर पर निरंतर काम कर रहे हैं।



## ओबरॉय ने की आपातकालीन बैठक

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल, नेता सदन मुकेश गोयल के साथ शुक्रवार को जलभराव की स्थिति को लेकर एमसीडी अधिकारियों व क्षेत्रीय उपायुक्तों के साथ आपातकालीन बैठक की। बैठक में महापौर ने निर्देश जारी कर कहा कि जिन क्षेत्रों में जल भराव हुआ है, वहां विशेष तैयारी की जाए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न हो। महापौर ने कहा कि जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए निगम के सभी नेता व अधिकारी ग्राउंड ज़ीरो पर, सभी क्षेत्रों में संसाधनों व मैनपावर के साथ व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति में जल निकासी के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए, सेंट्रल कंट्रोल रूम व क्षेत्र के कंट्रोल रूम सक्रिय रूप से कार्य करें।

## पहली बारिश में ही दावों की सारी सच्चाई सामने आ गई : राजा इकबाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने समय रहते अपने नालों से गाद निकालने का कार्य पूरा नहीं किया जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में मुख्य मार्गों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह ने शुक्रवार को निगम महापौर पर निशाना साधते हुए कहा कि आईटीओ, कश्मीरी गेट बस अड्डा, सीलमपुर, मिंटो रोड, राजघाट, गांधीनगर, यमुना विहार, यमुना बाजार, निगम बोध घाट, छतरपुर, वसंत कुंज, एम्स व अन्य क्षेत्रों में भारी जलभराव के कारण लोगों को अपने कार्यालय पहुचने में काफ़ी परेशानी हुई।

## बारिश में 33 जगह हुआ जलभराव, 11 जगह गिरे पेड़

नई दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार सुबह हुई बारिश के दौरान 33 जगह जल भराव हुआ है और 11 जगह पेड़ गिरने की सूचना है। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से यह जानकारी प्राप्त हुई है और यह आकंडे सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे के बीच के हैं। जबकि इससे पहले गत सोमवार को हुई बारिश के दौरान 12 जगह जल भराव और 11 जगह पेड़ गिरने की सूचना दी गई थी।










## उपराज्यपाल ने बुलाई आपात बैठक, अधिकारियों की छुट्टियां रद्द

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में हुई प्री मानसून की पहली घनघोर बारिश से डूबी दिल्ली को लेकर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को राजनिवास में एक आपात बैठक बुलाई। जिसमें समीक्षा के बाद एलजी ने सभी अधिकारियों की छुट्टियां रद्द करने, एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित करने तथा जलभराव की समस्या के समाधान के लिए प्रर्याप्त संख्या में पंप लगाने का निर्देश दिया। इनके अलावा एलजी ने सभी आला अधिकारियों को यह भी सपष्ट कहा कि कार्य में कौताही बरतने वाले अधिकारियों कर्मचारियों की पहचान कर कार्रवाई की जानी चाहिए। राजनिवास अनुसार बैठक में एलजी के अलावा दिल्ली जल बोर्ड, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विकास प्राधिकरण, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। राजनिवास से जुड़े सूत्रों के अनुसार एलजी ने कहा कि भारी बारिश को देखते हुए अवकाश पर गए सभी वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत ड्यूटी पर वापस आने और मानसून के दौरान अगले दो महीनों तक एक भी दिन अवकाश नहीं दिया जाए।

## 1936 के बाद टूट कर बरसा पानी, 88 साल का रिकॉर्ड ध्वस्त

नई दिल्ली। दिल्ली में गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे से शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक महज 24 घंटे में ही टूटकर बरसे पानी ने गत 1936 के बाद दूसरा नया रिकार्ड बनाया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्री मानसून की पहली झमाझम बारिश ने 88 साल का रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए 228.1 मिमी का आंकड़ा दर्ज किया है। इस बारे में प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 24 घंटे में दिल्ली में 228.1 मिमी बारिश हुई दर्ज हुई। जबकि इससे पहले 88 साल पूर्व 28 जून 1936 को 235.5 मिमी बारिश दर्ज हुई थी, जो इस महीने होने वाली कुल बारिश का आल टाइम रिकॉर्ड रहा। आईएमडी के आंकड़े बताते है कि अगर इन 24 घंटों में अगर 235.5 मिमी से थोड़ी सी भी अधिक वर्षा हो जाती तो दिल्ली 1901 से लेकर 2024 तक के 124 साल के अपने ही पुराने ऑल टाइम रिकॉर्ड को तोड़ कर नया रिकॉर्ड बना देती।

## 'जलभराव पर 24 घंटे नजर रखने के लिए दिल्ली सरकार बना रही संयुक्त कंट्रोलरूम'

नई दिल्ली। दिल्ली में भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति को लेकर दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को एक आपात बैठक बुलाई। इस बैठक में भारी बारिश की वजह से जगह-जगह होने वाले जल भराव से तत्काल निपटने के लिए कई अहम फैसले लिए गए। इसके लिए एक संयुक्त कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां 24 घंटे अधिकारी मौजूद रहेंगे। सरकार ने हेल्पलाइन नंबर 1800110093 और वाट्सएप 8130188222 नंबर जारी किया है, जिस पर लोग कॉल कर या मैसेज कर कंट्रोल रूम को जल-जमाव की जानकारी दे सकेंगे। गौरतलब है कि मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय और इमरान हुसैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य सचिव, शहरी विकास विभाग के अतिरिक्त प्रधान सचिव, पीडबल्यूडी, एमसीडी, एनडीएमसी और दिल्ली जल बोर्ड समेत जल-जमाव को रोकने से संबंधित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी भी राहत कार्य में जुटे



नई दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार सुबह की भारी वर्षा के बाद दिल्ली जलमग्न हुई तो दिल्ली वालों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ और स्थिति का संज्ञान लेते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सुबह ही अपने सभी जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों को जनता को जलभराव से राहत दिलवाने के लिए जुटने का आदेश दिया। साथ ही सचदेवा ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से बात कर ट्रैफिक को यथासंभव सुचारू रखने का निवेदन किया ताकि सुबह काम पर जाने वालों की परेशानी कम हो। प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व के बाद सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने अपने चुनाव क्षेत्र के मुंडका, बवाना, किराड़ी सहित अनेक क्षेत्रों में जनताके बीच पहुंचे और किराड़ी में बिजली करंट से मृत 39 वर्षीय राजेश जी के परिवार से भेंट कर संवेदना प्रकट की और हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया। सांसद ने पुलिस उपायुक्त से परिवार को जल्द से जल्द शव दिलवाने का अनुरोध किया। सांसद कमलजीत सहरावत ने द्वारका मुख्य मार्ग एवं नजफगढ़ रोड़ जो पश्चिम दिल्ली की लाइफ लाइन हैं से जलभराव कम करवा कर ट्रैफिक चलवाने पर पूरा ध्यान दिया। बांसुरी स्वराज ने भारती नगर के पंपिंग स्टेशन पर जा कर लोधी कॉलोनी, सुब्रह्मण्यम भारती कॉलोनी एवं सुजान सिंह पार्क क्षेत्र में भरे तीन तीन फुट पानी की निकासी करवाई और मोती नगर, पटेल नगर, पहाडगंज के जलभराव साफ करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। सांसद मनोज तिवारी मिंटो ब्रिज के साथ ही सीलमपुर, घोंडा आदि पहुंचे और विधायक अजय महावर, मोहन सिंह बिष्ट, जितेन्द्र महाजन के साथ अधिकारियों को जल निकासी पंप लगाने का निर्देश दिया और मलका गंज में अनेक गाडियों के सड़क धंसने से क्षतिग्रस्त होने पर चिंता व्यक्त की।




## खबर संक्षेप

### हथियार के साथ पोस्ट डालने वाले 2 पर कार्रवाई



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच द्वारा सोशल मीडिया पर सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ पोस्ट डालकर हवाबाजी करने वाले अपराधिक व असामाजिक तत्वों व इन पोस्ट को लाइक शेयर व इन पर कमेंट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है जो सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रख रही है।

### दो आरोपियों से सरकारी जमीन खाली करवाई



**फरीदाबाद।** सरकार द्वारा नशा तस्करी व अपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के दिए गए निर्देश पर जिला प्रशासन व पुलिस ने नशा तस्करी करने वाले मां और बेटे के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें आरोपियों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर घर बनाया गया था। जिसको थाना सेक्टर प्रबंधक की टीम पुलिस चौकी सेक्टर-11 की टीम के साथ तोड़ा गया है।

### ऑनलाइन ग्रोसरी खरीदी पर 40 हजार की चपत




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ एरिया में ऑनलाइन ग्रोसरी खरीदने पर युवक को 40 हजार 197 रुपए की चपत लग गई। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सनीश सिंह ने कहा कि वह एक ऐप पर ऑनलाइन ग्रोसरी खरीद रहा था। पेमेंट के लिए कार्ड की डिटेल डाली तो ओटीपी नहीं आया, लेकिन एचडीएफसी के क्रेडिट कार्ड से 40 हजार 197 रुपए के लेनदेन का मैसेज आया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से डिलीवरी ब्वॉय की मौत



**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 एरिया में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार डिलीवरी ब्वॉय की मौत हो गई। डिलिवरी ब्वॉय जोमेटो कंपनी में कार्यरत था और देर रात घर आ रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतक की पत्नी की शिकायत पर फरार हुए ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक की पत्नी ने बताया पति धर्मवीर सिंह जोमेटो में डिलीवरी ब्वॉय था।

### वाहन चोर को ऑटो सहित किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों में गोविन्द और राहुल का नाम शामिल है। आरोपी गोविन्द संजय कॉलोनी का तथा आरोपी राहुल एसजीएम नगर का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से चंदावली पुल के पास से ऑटो सहित गिरफ्तार किया है।

### नशा तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 17 की टीम ने नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी हन्नी को अपराध शाखा टीम ने गस्त के दौरान पटेल चौक से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से नशे 60 गोली की बारामद हुई है। आरोपी नशे की गोलियों को गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में किसी व्यक्ति से 3000 रुपए में प्रयोग करने व बेचने के लिए खरीद कर लाया था।

उत्तर प्रदेश की पहली सिटी ईव एक्सेलरेटर कार्यशाला

# इलेक्ट्रिक व्हीकल के उपयोग से शहर को मिलेगा शुद्ध पर्यावरण

महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों को भी इलेक्ट्रिक व्हीकल का उपयोग बढ़ाने के लिए बेहतर माहौल देने की अपील की।उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल के उपयोग से शहर को शुद्ध पर्यावरण मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश की पहली सिटी ईव एक्सेलरेटर कार्यशाला गाजियाबाद में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में इलेक्ट्रिक व्हीकल का उपयोग बढ़ाने को लेकर घंटों मंथन हुआ। दिल्ली सरकार,नगर निगम, जीडीए, प्रशासन व अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों व विशेषज्ञों ने शिरकत की।

महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों को भी इलेक्ट्रिक व्हीकल का उपयोग बढ़ाने के लिए बेहतर माहौल देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल के उपयोग से शहर को शुद्ध पर्यावरण मिलेगा।




### सरकारी व निजी विभाग मिलकर इलेक्ट्रिक व्हीकल को दें बढ़ावा

जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को इलेक्ट्रिक व्हीकल के प्रति मोटिवेट किया तथा सभी को एकजुट होकर शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने के क्रम में इलेक्ट्रिक व्हीकल को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अधिक से अधिक इंडस्ट्रीज भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने आवाहन किया। उन्होंने कहा कि गाड़ियां बनाने वाले इलेक्ट्रिक व्हीकल पर जोर दे तथा ज्यादा से ज्यादा शहर में चार्जिंग पॉइंट बनाने की प्लानिंग को सफल बनाया जाए।

### गाजियाबाद को ईवी लाइट हाउस सिटी बनाने का निगम का प्रयास

कार्यशाला में नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि गाजियाबाद को शीघ्र ही आने वाले 6 से 7 माह में इलेक्ट्रिक व्हीकल लाइटहाउस के रूप में तैयार किया जाएगा। जिससे अन्य नगर निगम भी इसी तर्ज पर कार्य करेंगे। इस समय महानगर में 50 ई बस भी कार्य कर रही है, गाजियाबाद नगर निगम के ई-रिक्शा भी कार्य कर रहे हैं व अन्य व्हीकल भी इलेक्ट्रिक आधार पर हो तैयारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश नगर निगम में गाजियाबाद पहला नगर निगम है जहां इलेक्ट्रिक व्हीकल की कार्यशाला का आयोजन हुआ। लखनऊ कानपुर तथा गाजियाबाद में इलेक्ट्रिक व्हीकल के ऊपर विशेष रूप से कार्य चल रहा है। कार्यशाला में कार्यक्रम के उपरांत अलग-अलग पैनल डिस्कशन भी हुई जिसमें सभी ने इलेक्ट्रिक व्हीकल को लेकर अपनी-अपने विचार साझा किया शहर में 25 से अधिक इलेक्ट्रिक पॉइंट तथा 110 से ज्यादा चार्जिंग पॉइंट लगाने की तैयारी की जा रही है।

### प्रशासन की लापरवाही से लोगों में रोष

# रात के अंधेरे में दोस्त से मिलकर लौट रहे युवक की गड्ढे में गिरने से हो गई मौत

बीती देर रात युवक विमल उर्फ बिल्ला अपने दोस्त से मिलकर बाइक पर वापस अपने घर नंगला एनक्लेव जा रहा था। रास्ते में अंधेरा होने के चलते रोड किनारे खुला छोड़ा गया गड्ढा उसे दिखाई नहीं दिया। युवक बाइक सहित गड्ढे में जा गिरा। गड्ढे में गिरने से युवक की गर्दन में पाइप लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**खास बातें**

- एफएमडीए विभाग द्वारा गड्ढा खोदा गया था
- दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में खोद कर छोड़ दिए गए गड्ढे में गिरने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा मुजेसर शमशान घाट के सामने आटो पिन झुग्गी के पास हुआ। यहां पर काफी समय पहले सडक़ के किनारे एफएमडीए विभाग द्वारा एक गड्ढा खोदा गया था। जिससे बंद नहीं करने के चलते यह घटना घटी।

बीती देर रात युवक विमल उर्फ बिल्ला अपने दोस्त से मिलकर बाइक पर वापस अपने घर नंगला एनक्लेव जा रहा था। रास्ते में अंधेरा होने के चलते रोड किनारे खुला छोड़ा गया गड्ढा उसे दिखाई नहीं दिया। युवक बाइक सहित गड्ढे में जा गिरा। गड्ढे में गिरने से युवक की गर्दन में पाइप लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया। वहीं इस मामले थाना मुजेसर एसएचओ दर्पण कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### सुरक्षा के लिए यहां बैरिकेड भी नहीं लगाए थे

भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर रोष जताया। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष सुशील ने बताया कि पुलिस व प्रशासन की लापरवाही के चलते युवक की जान गई है। काफी लंबे समय से एफएमडीए विभाग ने गड्ढा खोद रखा है। सुरक्षा के लिए यहां बैरिकेड भी कुछ ही लगाए गए थे। प्रशासन इस मामले में पूरी तरह से लापरवाही नजर आ रही है। दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही की जाए ताकि पीड़ित परिवार को इंसाफ मिल सके।

### जलभराव वाले स्थानों पर रखे कड़ी नजर

## एसडीएम शिखा अंतिल ने शहर में डिस्पोजल का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शहर में हो रही बरसात को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर हैं ताकि किसी शहरवासी को जलभराव का सामना न करना पड़े। एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल ने जलभराव वाले स्थानों का दौरा कर डिस्पोजल पंपों का भी किया निरीक्षण तथा पूरी स्थिति का स्वयं जायजा लिया।

एसडीएम शिखा अंतिल ने बरसाती पानी निकासी के लिए सेक्टर-18, 28, 29 और सेक्टर-37 के रेनीवेल डिस्पोजल का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल ने वहां उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सभी पंपों को पूर्ण क्षमता के साथ चलाने के आदेश दिए। शिखा अंतिल ने बिजली



विभाग को निर्देश दिए कि जितने भी पंप हाउस है उनमें लगातार निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जाए साथ ही वह पम्प जो जेनसेट से चलाए जाते है उनके लिए डीजल का पूरा प्रबंध रखा जाए। उन्होंने कहा कि शहर में जलभराव न हो इस व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अतिरिक्त प्रबंध किए गए हैं। जहां भी आवश्यकता होगी वहां तुरंत सभी विभागों से तालमेल कर मोटर पंप, टैंकर और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।

### सुरक्षित फरीदाबाद, सुरक्षित हरियाणा, विकसित हरियाणा बनाना कांग्रेस का मकसद

# कांग्रेस सरकार बनने पर हरियाणा में बदमाशों को रहने नहीं देंगे: हुड्डा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कांग्रेस सरकार बनने पर हरियाणा में बदमाशों को रहने नहीं देंगे। सुरक्षित फरीदाबाद, सुरक्षित हरियाणा, विकसित हरियाणा बनाना कांग्रेस का मकसद है। ये कहना है पूर्व सीएम व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा फरीदाबाद में धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे थे। इस मौके पर हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान, विधानसभा में कांग्रेस के उप नेता आफताब अहमद और विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक शारदा राठौर, रघुवीर तेवतिया, ललित नागर, वरिष्ठ नेता लखन सिंगला, विजय प्रताप समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। हुड्डा ने मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव लड़ने और भाजपा को कड़ा मुकाबला देने के लिए कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि आधा मोर्चा आप लोगों ने फतेह कर लिया है। तीन महीने बाद विधानसभा चुनाव में पूरा मोर्चा फतह करने का मौका है। इस बार फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की सारी विधानसभाओं में कांग्रेस की जीत ही हमारा लक्ष्य है।

### जबतक सत्ता परिवर्तन नहीं होता, किसी कार्यकर्ता को घर नहीं बैठना

हुड्डा ने कहा कि फरीदाबाद हरियाणा का सबसे पुराना औद्योगिक नगर है। लेकिन जब से भाजपा सत्ता में आई है, उसने इलाके की जनता को आधारभूत सुविधाओं के लिए भी तरसा रखा है। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में यहां आईएमटी, सिक्स लेन सड़कें, गुरुग्राम वाली रोड, बाईपास, यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज, बड़े उद्योग, संस्थाएं, वाटर सप्लाई और सीवरेज व्यवस्था स्थापित की थी। इस मौके पर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए चौधरी उदयभान ने आराम हराम है का नारा दिया। उन्होंने कहा कि ये सत्ता परिवर्तन की लड़ाई है और जब तक इसे जीत नहीं जाते, तब तक किसी को घर नहीं बैठना है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर इसी जुनून को जनता की सेवा में इस्तेमाल करना है।

# गोली मारकर हत्या करने के मामले में 2 इनामी बदमाश काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



सेक्टर-31 क्राइम ब्रांच ने युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी हत्या करने के बाद पुलिस से बचने के लिए फरार चल रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी पर गुरुग्राम पुलिस द्वारा 5-5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया हुआ था। पुलिस टीम इस मामले में अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

दरअसल, सेक्टर-37 थाना एरिया में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची तो उसे दिनेश उर्फ टिम्मू (उम्र-34 वर्ष) मृत अवस्था में मिला। वहीं पुलिस को सुनील नामक व्यक्ति भी गोली लगने से घायल मिला। जिसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन 5 गोली लगने के कारण 55 वर्षीय सुनील की भी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक सुनील के पुत्र व मृतक दिनेश उर्फ टिम्मू के पिता की शिकायत पर अलग-अलग दो केस दर्ज कर लिए। मामले में सेक्टर-31 क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए सुनील की हत्या के संबंध में 5-5 हजार रुपए के 2 इनामी बदमाशों को होटल यूनाइटेड स्टे गाजीपुर, नोएडा से काबू कर लिया। जिनकी पहचान गुड़गांव के खांडसा निवासी गजेंद्र उर्फ गज्जू व कपिल राघव के रूप में हुई। दोनों आरोपी सुनील की हत्या के समय मौके पर मौजूद थे और हत्या के बाद पुलिस से बचने के लिए फरार चल रहे थे। पुलिस अब तक इस मामले में कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# पिता का परिचित बताकर युवती से 10 हजार ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में जालसाज ने युवती के पिता का परिचित बताकर उससे दस हजार रुपए ठग लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। तान्या शर्मा ने कहा कि उसके पास बीती 21 जून को एक कॉल आई। जिसमें कॉल करने वाले ने अपना नाम मनोज बताया और कहा कि वह उसके पिता पंकज शर्मा का परिचित है। उसे पंकज शर्मा को 12 हजार रुपए देने हैं। इसके लिए व तान्या के अकाउंट में वह रुपए डाल रहा है।

### पहले 30 हजार डालने का मैसेज आया, फिर 18 हजार वापस मांगे

तान्या की सहमति के बाद उसने रुपए डालने का मैसेज उसके पास भेजा और फोन कर कहा कि गलती से 30 हजार रुपए डल गए हैं। वह उसे 18 हजार रुपए वापस कर दे। उसने पहले 10 हजार रुपए मांगे और बाकी रुपए बाद में लेने को कहा। तान्या ने उसके द्वारा दिए गए नंबर पर 10 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद तान्या ने जब अपने पिता को इस बाबत बताया तो पता चला कि उसके साथ ठगी हो गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

7 जुलाई को आयोजित परीक्षा के लिए अतिरिक्त उपायुक्त के निर्देश

# यूपीएससी परीक्षाओं के पुख्ता प्रबंध करें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित परीक्षाओं के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें। एडीसी डॉ आनंद शर्मा ने कहा कि जिस अधिकारी और कर्मचारी को जो जिम्मेदारी मिली है उसे पूरी निष्ठा के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आगामी 7 जुलाई को संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा जिला में ईपीएफओ के लिए 3 परीक्षा केंद्रों पर समय सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक और नर्सिंग आफिसर के लिए 4 परीक्षा केन्द्रों पर समय दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

अतिरिक्त उपायुक्त ने उक्त परीक्षाओं की पवित्रता एवं सफल आयोजन के लिए संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा वर्णित दिशा निर्देशों अनुसार नियमानुसार कार्रवाई करने के बारे संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### ट्रांजिट ऑफिसर के साथ सहस्त्र पुलिसकर्मी नियुक्त करें

उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को दिशानिर्देश देते हुए कहा कि पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने का कष्ट करें। उक्त परीक्षा के दौरान आवश्यक प्रबंध के लिए पुलिस विभाग की ओर से किसी सक्षम अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। परीक्षाओं के लिए 27 जून को अधीक्षक डाकघर मण्डल को परीक्षाओं से संबंधित संवेदनशील सामग्री को संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली से प्राप्त करने के लिए उचित मात्रा में आर्मड पुलिस, एस्कॉर्ट उपलब्ध कराने का कष्ट करें। वहीं परीक्षा की समाप्ति तक खजाना कार्यालय में गारद उपलब्ध कराई जाए। परीक्षाओं के लिए 7 जुलाई 2024 को प्रत्येक ट्रांजिट ऑफिसर के साथ 1-1 सहस्त्र पुलिसकर्मी नियुक्त करें। सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेटों के साथ आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराया जाए। परीक्षा केंद्रों पर 3 पुरुष एवं 2 महिला पुलिसकर्मी उक्त परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों की संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आवश्यक जांच के लिए नियुक्त करे।

### लॉड्स क्रिकेट अकादेमी में कराए गए तीन दिवसीय टूर्नामेंट

# नेत्रहीन क्रिकेट चैलेंज कप टूर्नामेंट के फाइनल मैच में हरियाणा ने राजस्थान की टीम को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा नेत्रहीन क्रिकेट संगठन द्वारा सेक्टर 77 स्थित लॉड्स क्रिकेट अकादेमी में कराए गए तीन दिवसीय नेत्रहीन क्रिकेट चेलेंज कप टूर्नामेंट के फाइनल मैच में हरियाणा ने राजस्थान को हराया। राजस्थान ने 20 ओवर मे 164 रन बनाए और हरियाणा ने 15.2 ओवर में ही 168 रन बना लिए अतः हरियाणा टीम को विजयी घोषित किया। इस फाइनल मैच का टॉस फरीदाबाद के दो युवा उद्योगपति विवेक अग्रवाल और पीयूष अग्रवाल द्वारा कराया गया। युवा उद्योगपतियों ने ब्लाइंड क्रिकेट मैच देख कर बहुत उत्साहित था। फाइनल मैच के समापन और विजेताओं को पुरस्कार देने मुख्य अतिथि के रूप में फरीदाबाद शहर के वरिष्ठ समाजसेवी सुधा रस्तोगी



डेंटल कॉलेज के अध्यक्ष धर्मवीर गुप्ता और विशिष्ठ अतिथि के रूप में फ्रेंडस इंडस्ट्रीज फाउंडेशन के निदेशक गौरव नारंग, खुशी एक एहसास के अध्यक्ष और महासचिव अजय चावला और पंकज भाटिया पूरे मैच में उपस्थित रहकर उत्साह बढ़ाया। उनका कहना था कि नेत्रहीन खिलाड़ियों का मैच पहली बार देखा है ।

### दीपक गर्ग व संजय चांडक ने 51000 रुपए दान में देने की घोषणा की

दीपक गर्ग और सीए संजय चांडक ने संस्थान को 11000-11000 रुपए दान दिया। इसके साथ का टॉस करने वाले विवेक अग्रवाल और पीयूष अग्रवाल ने भी 11000 रुपए दान स्वरूप दिए। हरियाणा ब्लाइंड क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष सीए अजीत पटवा ने बताया कि 27 जून को हेलेन केलर के 145वें जन्म दिवस पर तीन दिवसीय नेत्रहीन क्रिकेट चेलेंज कप टूर्नामेंट का आयोजन किया। उन्होनें सभी टीम का आभार किया कि यह इन्टरस्टेट क्रिकेट सीरीज पूरे अनुशासन और शांति के साथ खेला उन्होंने धर्मवीर गुप्ता का भी बहुत बहुत धन्यवाद किया। इस अवसर पर जितेंद्र मलिक, केडी मिश्र, दिवाकर मलिक, रघुबीर यादव आदि उपस्थित थे।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में वार्ड 19 में सेक्टर-23 आउटर रोड ग्रीन बैल्ट के विकास हेतु आकलन + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 6.53 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27288/I/88/7 दि. 28.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू, रोहतक में विभिन्न भवनों में रखरखाव प्रयोजन हेतु 500 अदद बीएलडीसी टाइप सीलिंग फैन्स की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध। | 27.06.2024 18.07.2024 | 11.14 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | विधि विभाग में 3 अदद नये निर्मित लैक्चर थियेटर के अपग्रेडेशन हेतु साउंड एंड इलैक्ट्रिकल एक्सेसरीज स्थापना कार्य + 2 कार्य। | 27.06.2024 18.07.2024 | 37.50 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27312/I/88/7 दि. 28.06.24

# भीड़ प्रबंधन का मॉडल बनेगी काशी, स्थानीय लोगों और पर्यटकों का आवागमन बनेगा सुगम

भीड़ प्रबंधन के लिए दुनिया के तीन शहरों में भारत से इकलौते वाराणसी को चुना गया है। नगर निगम की ओर से मंदिर क्षेत्र में चुनौती के समाधान का मॉडल रखा गया था जिसे जरूरी मानते हुए चुना गया।

एजेंसी ⏭ वाराणसी।

भीड़ प्रबंधन के लिए दुनिया के तीन शहरों में भारत से इकलौते वाराणसी को चुना गया है। यहां टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन सस्टेनेबल सिटी चैलेंज प्रोजेक्ट के माध्यम से पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों के आवागमन को सुगम बनाएगी। यहां की सफलता के बाद इसे प्रयागराज, अयोध्या जैसे धार्मिक महत्व और अन्य भीड़भाड़ वाले शहरों पर लागू किया जा सकेगा। बनारस में इसकी शुरुआत विश्वनाथ धाम के दो किमी के परिधि से की जाएगी। इसका कारण यह क्षेत्र अत्यधिक भीड़ के दबाव से बारहों मास प्रभावित रहता है। आम दिनों में ही इस क्षेत्र में एक से डेढ़ लाख लोगों का अतिरिक्त दबाव होता है। इसके अलावा इसके दो किमी की परिधि में कई सघन रिहायिशी क्षेत्र और व्यावसायिक गतिविधियां भी संचालित होती हैं।



### विभिन्न विभाग करेंगे मदद

फाउंडेशन के कार्यक्रम निदेशक पीएस गणेश ने कहा कि 25 करोड़ रुपये इस उद्देश्य के लिए खर्च किए जाएंगे। विभिन्न विभागों की मदद से इसे अमल में लाया जाएगा। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि बनारस में प्रस्तावित रोप-वे से यातायात सुगम होगा। यह प्रोजेक्ट शहर में आवागमन को सुगम बनाएगा। इस दौरान सीडीओ हिमांशु नागपाल समेत अन्य मौजूद रहे।

### फाउंडेशन ने दुनिया के तीन शहरों को चुना

फाउंडेशन ने दुनिया के तीन शहरों को चुना है। यूएसए के डेट्रॉयट, यूरोप में इटली के वेनिस शहर और एशिया में वाराणसी को चुना गया है। शहरों को चुनने की प्रक्रिया में बनारस को बेंगलुरु ने चुनौती दी थी, लेकिन नगर निगम की ओर से मंदिर क्षेत्र में चुनौती के समाधान का मॉडल रखा गया था जिसे जरूरी मानते हुए चुना गया। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने कहा कि काशी में भीड़ प्रबंधन के लिए दुनियाभर से विशेषज्ञों के सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य शहरवासियों, पर्यटकों के लिए शहर को अधिक सुरक्षित और आवागमन को सुगम बनाना है।

## पेज एक का शेष

### यूजीसी नेट की नई ...

जुलाई 25 से 27 जुलाई के बीच में होने वाली है। इसी कड़ी में एनसीईटी एग्जाम 10 जुलाई को करवाया जाएगा। इन सभी परीक्षाओं को इस बार ऑनलाइन मोड में करवाने की तैयारी है। पिछली बार 18 जून को आयोजित ऑफलाइन हुई परीक्षा में गड़बड़ी हुई थी, इसके बाद इस परीक्षा को रद्द करके दोबारा आयोजित करने का फैसला किया गया था।

### नेता प्रतिपक्ष राहुल...

पत्रकारों से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर संसद में सम्मानजनक और अच्छी चर्चा कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'कल सभी विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक हुई और उसमें सर्वसम्मति बनी कि आज हमें नीट के विषय पर चर्चा चाहिए। हमें लगा कि यहां सदन में नीट पर चर्चा होनी चाहिए। मैं प्रधानमंत्री से अनुरोध करता हूं कि ये युवाओं का विषय है और इस पर सही तरीके से चर्चा होनी चाहिए और ये सम्मानजनक चर्चा होनी चाहिए। संसद से ये संदेश जाना चाहिए कि भारत सरकार और विपक्ष मिलकर छात्रों की बात कर रहा है।'

**सरकार किसी भी चर्चा को तैयार:** प्रधानः केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट और सदन में विपक्ष के हंगामे पर लोकसभा सदन के बाहर कहा कि सरकार किसी भी प्रकार की चर्चा को तैयार है। लेकिन यह चर्चा परंपरा और मर्यादा के तहत होनी चाहिए। राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में परीक्षा को लेकर खुद ही बोला। हम किसी भी विषय पर सामना करने को तैयार है। धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए समय कोई स्थगन प्रस्ताव नहीं होता है। धन्यवाद प्रस्ताव पर आप कुछ भी कर सकते हैं, अपनी बात रख सकते हैं, आपको आलोचना करनी है कर सकते हैं, सुझाव देना है दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम विद्यार्थियों को कहना चाहेंगे कि हम आपके प्रति संवेदनशील हैं। हम सारे विषय को देख रहे हैं। प्रतिपक्ष को भी कहना चाहेंगे कि आप राजनीति से बाहर आकर देखिए। सरकार कोई लीपापोती नहीं कर रही है। मैं विपक्ष से कहना चाहता हूं कि विद्यार्थियों के मन में द्वंद ना बढ़ाएं. कोई झूठ अफवाह या संशय न फैलाये, सरकार चर्चा करने को तैयार हैं। प्रधान ने आगे कहा कि हम सारी बातों को सदन में रखना चाहते हैं। मैं विद्यार्थियों और देशवासियों को कहना चाहता हूं कि हम कड़ी से कड़ी कार्रवाई करना चाहते हैं। सीबीआई जांच कर रही है, हम किसी को भी नहीं छोड़ेंगे, हम उसकी तह तक जाने वाले हैं। एक विश्वसनीय उच्च स्तरीय समीति बनाई गई है. जो परीक्षा में विसंगतियां आई हुई है उसको दूर करने पर विचार देंगे। यह सारी बातें न्यायालय के संज्ञान में है।

### राहुल बोले...

कही। सवाल यह है कि बहस के बीच किसी का माइक यदि बंद कराना हो तो क्या व्यवस्था है? इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष सीधे तौर पर माइक बंद करने के लिए नहीं कहते। यह निर्देश संकेतों में दिए जाते हैं। वास्तव में संसद सदस्यों के माइकों के स्विच लोकसभा में अध्यक्ष के आसन के दोनों ओर बैठे साउंड इंजीनियरों के पास होते हैं। उनके पास हर सांसद का नंबर और माइक का कंट्रोल होता है। जैसे कि शून्यकाल में हर सांसद को बोलने के लिए तीन मिनिट का समय मिलता है। जैसे ही यह अवधि पूरी होती है, साउंड इंजीनियर उनका माइक बंद कर देते हैं। इसी तरह जब अध्यक्ष के आसन से निर्देश आता है तो साउंड इंजीनियर उसका पालन करते हैं। जैसे ही अध्यक्ष की ओर से कहा जाता है कि कोई बात रिकार्ड पर नहीं जाएगी तो माइक बंद कर दिया जाता है। किसी चर्चा के दौरान बीच में बोलने वाले सदस्य का माइक भी बंद कर दिया जाता है।

### नीट विवाद के बीच...

समिति की पहली बैठक में हमने तय किया है कि देश में प्रवेश परीक्षाओं के लिए एक फुलप्रूफ तंत्र जल्द से जल्द विकसित करने के लिए हम आगामी कुछ दिनों तक नीट परीक्षा विवाद से प्रभावित छात्रों और अभिभावकों की चिंताओं और सुझावों को सुनेंगे। इसी के तहत मंत्रालय ने माई गॉव पोर्टल पर सुझाव भेजने की कवायद शुरू की है।

### आईजीआई एयरपोर्ट...

सहारा देने के लिए लगाए गए मोटे खंभे भी कारों के ऊपर गिरे हुये थे। यह हादसा टर्मिनल के 'पिक-अप और ड्रॉप एरिया' में हुआ। 'पिक-अप और ड्रॉप एरिया' वह भाग है, जहां यात्रियों को लाने-ले जाने वाले वाहन खड़े होते हैं। एक कैब चालक की ड्राइवर सीट पर ही मौत हो गई थी। उसकी कार के ठीक ऊपर लोहे का मोटा खंभा गिरा था। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायल हुए आधा दर्जन लोगों को हवाई अड्डे के पास स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद मलबा हटाने का काम जारी है। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) ऊषा रंगनानी ने बताया कि चार वाहन हादसे में क्षतिग्रस्त हुये। जो शेड गिरा वह प्रस्थान स्थल के द्वार संख्या एक से द्वार संख्या दो तक फैला था। दिल्ली पुलिस और दिल्ली अग्निशमन सेवा के अलावा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें भी रेस्क्यू ऑपरेशन में घंटो जुटी रही। पुलिस के मुताबिक मृतक और घायल सभी लोग दिल्ली, गुजरात और मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं।

### एलएसी विवाद के...

वहीं, मौजूदा विदेश सचिव विनय क्वात्रा 14 जुलाई के बाद अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में नियुक्त किए जा सकते हैं। यह पद पूर्व राजदूत टीएस संधू की इस साल जनवरी में हुई सेवानिवृत्ति के बाद से रिक्त है। क्वात्रा 1988 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं और वर्ष 2022 से भारत के विदेश सचिव हैं। सूत्रों ने बताया कि विक्रम मिसरी की जगह पर उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में फ्रांस में भारत के राजदूत जावेद अशरफ की नियुक्ति की जा सकती है।

**अनुभवी राजनयिक, श्रीनगर में हुआ जन्म:** 59 वर्षीय विक्रम मिस्री एक अनुभवी राजनयिक हैं। उनका जन्म वर्ष 1964 में श्रीनगर में हुआ था। सिंधिया स्कूल से पढ़ाई की शुरुआत करने के बाद उन्होंने राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित हिंदू कॉलेज से स्नातक किया है। इसके अलावा एक्सएलआरआई से मास्टर्स इन बिजनेस मैनेजमेंट (एमबीए) की डिग्री भी ली है। सिविल सेवा की तैयारी करने से पहले वह विज्ञापन और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी करीब तीन साल तक काम कर चुके हैं। पूर्व में विक्रम मिस्री ब्रसेल्स, ट्यूनिश में भारत के राजदूत रहे हैं। वर्ष 2014 में स्पेन, 2016 में म्यांमार के साथ ही अफ्रीका और उत्तरी अमेरिका में देश के कई मिशन में काम कर चुके हैं।

### टीम ने बंगाल पर ...

गई टीम में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल और सांसद कविता पाटीदार शामिल रहे। पश्चिम बंगाल से लौटने के बाद बिप्लब कुमार देब, रविशंकर प्रसाद, बृजलाल और पाटीदार ने शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की तथा उनको पश्चिम बंगाल की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। देब ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल को छोड़कर कहीं कोई दंगे नहीं हुए। पश्चिम बंगाल में टीएमसी के पोषित गुंडों में जमकर आतंक मचाया हुआ है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में हुई क्रूरता पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके साथी दल मौन साधे हुए हैं जो कि अत्यंत निंदनीय है। बिप्लब कुमार देब ने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ क्रूरता की हद पार की है। महिलाओं के साथ बलात्कार तक की घटनाएं हुई। टीएमसी के पोषित हिंसा का जो तांडव मचाया है उससे मानवता भी शर्मसार हुई है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य की मुख्यमंत्री महिला हैं उस राज्य में महिलाएं ही सुरक्षित नहीं हैं और राजनीतिक हिंसा का शिकार हो रही है यह शर्मनाक है। बिप्लब देब ने कहा कि उन्होंने जांच के दौरान हिंसा के शिकार हुए लोगों से और भाजपा के कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका हाल चाल जाना। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। लोगों को राजनीति हिंसा शिकार बनाया जा रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को जान बचाने के लिए छिपना पड़ रहा है। ममता सरकार की तानाशाही के कारण गरीबों, व्यापारियों को पलायन तक करना पड़ रहा है। बिप्लब देब ने कहा कि टीएमसी के आतंक के कारण दलित समाज के लोग अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं। हमने रिपोर्ट में बता दिया है कि जनता को ममता बनर्जी और उनकी पुलिस से कोई उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को रिपोर्ट सौंप कर पश्चिम बंगाल के हालातों का विस्तृत ब्यौरा दे दिया है।

### दिल्ली में सड़कें ...

लोगों को हो रही ऐसी दिक्कतों से जुड़ी खबरें कई और जगह से भी सामने आ रही हैं।

**लंबा ट्रैफिक जाम लगा:** दिल्ली में कई जगह लंबा ट्रैफिक जाम है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों के मुताबिक शुक्रवार सुबह 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटों में सफदरजंग बेस स्टेशन पर 228.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सुबह 2.30 बजे से 5.30 बजे तक सफदरजंग स्टेशन पर 148.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भारी बारिश के कारण दिल्ली में कई जगह जलभराव हो गया, कई रिहायशी कॉलोनियों में बिजली गुल हो गई है और इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ। मेट्रो की गति भी काफी धीमी है।

**जल मंत्री और रामगोपाल के बंगलों में भरा पानी:** शुक्रवार सुबह हुई तेज बारिश की वजह से दिल्ली के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। गली मोहल्लों में ही नहीं दिल्ली में मंत्रियों और वीआईपी लोगों के घरों के बाहर पानी भर गया। दिल्ली की मंत्री आतिशी के आवास से लेकर सांसदों के घरों के बाहर कुछ ऐसा नजारा देखने को मिला। इतना ही नहीं बारिश के बीच कई इलाकों में बिजली भी गायब हो गई।दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के घर में भी पानी घुस गया है। भारी बारिश के कारण समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव के आवास के बाहर का इलाका जलमग्न हो गया। राम गोपाल यादव को उनकी गाड़ी तक दो लोगों द्वारा उठाकर पहुंचाया गया।

### जेल से बाहर आते...

के आदेश का आपको आंकलन करना चाहिए। देखना चाहिए कि उसमें क्या कहा गया है। आज मेरी जेल यात्रा खत्म हुई। हेमंत को शुक्रवार सुबह ही जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिली। कोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल होने के ठोस सबूत नहीं मिले। सोरेन को जमानत देते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि वे प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) एक्ट के तहत जमानत की दोनों शर्तों को पूरा करते हैं। कोर्ट के फैसले के बाद सोरेन के सरकारी आवास में मिठाई बांटी गईं। हेमंत को इस मामले में 31 जनवरी की रात ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### हेमंत सोरेन की ...

साफ कहा कि प्रथम दृष्ट्या वे आरोपी नहीं हैं। हेमंत सोरेन को बेल मिलने के बाद राहुल गांधी ने फोन पर उनसे बात की। चूंकि कई विपक्षी नेताओं पर ईडी की कार्रवाई की तलवार लटक रही है लिहाजा इस केस को एक सियासी औजार के रूप में विपक्षी दल संसद के अंदर और बाहर जमकर इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है। जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का मामला भले ही हेमंत सोरेन के मामले से भिन्न हो, लेकिन प्रतिष्ठित एजेंसी माने जाने वाली केंद्रीय एजेंसी द्वार तैयार किये गये मामले को हाईकोर्ट से खारिज कर दिया जाना अपने आप में एक नजीर बनेगा। कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, हम सभी लंबे समय से कहते आये हैं कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग विपक्षी नेताओं के खिलाफ लगातार किया जा रहा है उस पर अब हाईकोर्ट ने भी मुहर लगा दी है।

## मैन्युफैक्चर्ड सैंड को प्रोत्साहित करने के सीएम योगी ने दिए निर्देश

# प्राकृतिक रेत और मौरंग के नए विकल्प से पर्यावरण व नदियों को नुकसान नहीं

सीएम योगी ने कहा है कि नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू की सीमित मात्रा और इसकी बढ़ती मांग के दृष्टिगत एम- सैण्ड को नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू के विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे रोजगार के भी नए अवसर सृजित होंगे।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने नदी रेत और मौरंग के स्थान पर 'एम-सैंड' (मैन्युफैक्चर्ड सैंड) को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। सीएम के निर्देश पर राज्य सरकार अतिशीघ्र एम-सैंड नीति लागू करने जा रही है, जिससे प्राकृतिक रेत/मौरंग के एक नए विकल्प की उपलब्धता होगी। शुक्रवार को खनन विभाग के साथ प्रस्तावित नीति पर विमर्श करते हुए सीएम ने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि पर्यावरण एवं नदियों के इकोसिस्टम को बिना नुकसान पहुंचाए सस्टनेबल विकास को गति दिया जाए। इस दृष्टि से 'एम-सैंड' एक बेहतर माध्यम है। उन्होंने कहा कि नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू की सीमित मात्रा और इसकी बढ़ती मांग के दृष्टिगत एम- सैण्ड को नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू के विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे रोजगार के भी नए अवसर सृजित होंगे।

### खास बातें

- निर्माताओं को बीआईएस प्रमाणीकरण लेना होगा
- निर्माण इकाईयों को पर्यावरण मानकों का पालन करना होगा
- रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे
- ओवरलोडिंग रोकने के लिए हर जिले में बनेगी टास्कफोर्स



### ईएमएम-11 प्रक्रिया सरल बनाएं

सीएम योगी ने खनन पट्टा धारकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सीएम ने ई-अभिवहन प्रपत्र (ईएमएम-11) जारी करने की व्यवस्था को और सरल बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रपत्र जारी करने की प्रक्रिया जनपद स्तर से ही होनी चाहिए। इसके लिए एक समय सीमा तय होनी चाहिए। निदेशालय से इसकी मॉनीटरिंग हो। ओवरलोडिंग को सफलतापूर्वक रोकने के लिए सीएम ने जनपदों में टास्क फोर्स को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग रोकने के लिए सबसे बेहतर है जीरो पॉइंट पर कार्रवाई की जाए। यानी खनन स्थल पर जहां से बालू, मौरंग, गिट्टी आदि उपखनिज वाहन में लोड किया जाता हो, कार्रवाई वहीं होनी चाहिए।

### खनन विभाग देखेगा कामकाज

नई नीति पर चर्चा करते हुए सीएम ने निर्देश दिए कि 'एम-सैंड' के गुणवत्ता मानकों को बनाये रखना अत्यन्त महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा शामिल है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी 'एम-सैंड' निर्माता अपने उत्पाद के लिये बीआईएस प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि नोडल विभाग के रूप में खनन विभाग 'एम-सैंड' के शीघ्र उत्पादन के लिए राज्य/जिला स्तर पर अनुज्ञप्तिधारकों और हितधारकों से समन्वय स्थापित कराएं। आम जनता को 'एम-सैंड' सुविधाजनक रूप से उपलब्ध हो सके तथा 'एम-सैंड' की कीमत प्राकृतिक मौरंग/बालू के सापेक्ष कम हो। इसके लिए प्रयास किया जाना चाहिए। इससे जुड़ी इकाइयों में पर्यावरणीय मानकों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाना चाहिए।

### बंजर भूमि पर ही लगाएं ईंट भट्टे

सीएम ने निर्देश दिए कि उपखनिजों के परिवहन करने वाले वाहनों की रियल टाइम ट्रैकिंग के लिए व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम का उपयोग किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि वाहन पर ई-अभिवहन प्रपत्र तब ही निर्गत हो जब वह वाहन खनन क्षेत्र के जियो फेंस एरिया में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित हो। सीएम ने कहा कि ईंट भट्टे लगाए जाने के लिए उर्वर भूमि के स्थान पर बंजर भूमि का ही उपयोग किया जाना चाहिए। इसके लिए इस क्षेत्र के उद्यमियों से संवाद करें। उन्हें उर्वर भूमि का उपयोग न करने के लिए जागरूक करें। बरसात के मौसम में बालू/मौरंग की कीमतों को नियंत्रित रखने पर जोर देते हुए सीएम ने इनके भंडारण व्यवस्था की भी समीक्षा की। सीएम को अवगत कराया गया कि वर्ष 2023-24 में जहां 533 भंडारण स्थल थे वहीं इस सत्र में 645 भंडारण स्थल हैं। पिछले वर्ष के सापेक्ष भंडारण की मात्रा में भी वृद्धि हुई है।



### पशु-पक्षियों के अनुकूल प्रजातियों का करें वृक्षारोपणः डीएम कुमार

**हरिभूमि न्यूज, अयोध्या।** डीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई। डीएम ने विगत वर्षों में वृक्षारोपण अभियान के तहत रोपित किए गए पौधों का सफलता प्रतिशत तथा वर्ष 2024–25 हेतु आवंटित पौधरोपण के लक्ष्य की प्राप्ति की विभागवार गहन समीक्षा की। डीएम ने सभी विभागों को विगत वर्ष लक्ष्य के अनुरूप रोपित पौधों का सर्वे कर सफलता प्रतिशत की सूचना उपलब्ध कराने तथा सभी सूखे पौधों का तत्काल हटाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वर्ष 2024-25 हेतु जनपद को कुल 38 लाख 12 हजार 680 पौधों के रोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसे 26 विभागों में वितरित किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग वृक्षारोपण में अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करें तथा पौधों को बड़े होने तक संरक्षित रखने पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने पशु–पक्षियों के भोजन आदि के अनुकूल प्रजातियों बरगद, पीपल, महुआ, गुलर, पाकड़ आदि वृक्षों के रोपण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्कों में फलदार व आकर्षक फूलों के प्रजाति तथा शैक्षणिक संस्थानों में फलदार पौधों यथा आंवला, सहजन, अमरूद आदि को ही रोपित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला गंगा समिति व जिला पर्यावरण समिति बैठक की। बैठक में सरयू एक्शन प्लान 2024, 'अर्थ गंगा मिशन' के तहत घाट पर हाट कार्यक्रम के अन्तर्गत गंगा ग्राम के शिल्पकारों को बढ़ावा देने, नदियों को नियमित स्वच्छ बनाए रखने, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, जनपद में प्राकृतिक कृषि व जैविक कृषि के क्षेत्रफल को बढ़ाने, जीडीपीएमएस में संबंधित से वांछित सूचना भेजने आदि बिन्दुओं पर चर्चा एवं समीक्षा की। हादसे में पिकअप सवार चार लोग घायल हो गए।






# मुंबई के पॉश इलाके में खरीदा नया अपार्टमेंट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कई हिट फिल्मों में योगदान देने के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता ने अब मुंबई के पाली हिल के आलीशान इलाके में एक नया अपार्टमेंट खरीदा है। स्क्वायर याड्र्स द्वारा पोस्ट किए गए संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों के अनुसार, उन्होंने 9.75 करोड़ रुपए में यह संपत्ति खरीदी है। उनका नया घर लगभग 1,027 स्क्वायर फीट का है और अभिनेता इसमें रहने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 25 जून को, इसकी प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके लिए आमिर ने 30 हजार रुपए की रजिस्ट्रेशन फीस और 58.5 लाख रुपए की स्टाम्प ड्यूटी का पंजीकरण शुल्क दिया है।

लाइफ Style

# सुहाना खान

## रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड के साथ पार्टी करती दिखीं



शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। कभी अपनी ड्रेस और लुक्स की वजह से तो कभी अपने रिलेशनशिप की चर्चाओं की वजह से। सुहाना ने 'द आर्चीज'से अभिनय के क्षेत्र में डेब्यू किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब सुहाना खान शाहरुख खान के साथ फिल्म 'किंग' में नजर आएंगी। इस बीच सुहाना को लंदन में अपने रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड के साथ स्पॉट किया गया है। दरअसल, सुहाना और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के डेटिंग की अफवाहें तब से चल रही हैं जब से उन्होंने 'द आर्चीज' की शूटिंग की है, तब से इन्हें कई बार एक साथ देखा गया है। सुहाना और अगस्त्य नंदा की डेटिंग की अफवाहों को तब हवा मिल गई जब दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। जिसमें दावा किया गया कि दोनों स्टार किड्स को एक साथ लंदन के एक क्लब में पार्टी करते हुए देखा गया।

दोनों एक-दूसरे के साथ पार्टी का आनंद उठाते हुए नजर आएं। इससे प्रशंसकों ने अंदाजा लगाना शुरू कर दिया कि वे दोस्त से कुछ ज्यादा हैं। एक फैन पेज ने ट्विटर पर सुहाना की कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा कीं। वीडियो को साझा करते हुए दावा किया गया कि इसमें शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान एक नाइट क्लब में दिख रही हैं। उनके सामने अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा काले रंग की शर्ट में खड़े हैं और उनके चेहरे पर एक लंबी मुस्कान दिख रही है।

हॉलीवुड मसाला



# मौत के समय हो चुके थे दिवालिया

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के मशहूर पॉप स्टार माइकल जैक्सन पूरी दुनिया में चैरिटी यानी दान देने के लिए मशहूर थे। वहीं लॉस एंजिल्स की अदालत ने एक दस्तावेज जारी करते हुए बताया कि अपने मृत्यु के समय गायक भयंकर रूप से कर्ज में डूबे हुए थे। उनपर 500 मिलियन डॉलर से ज्यादा का बकाया था। गायक 25 जून 2009 को इस दुनिया को छोड़कर चले गए थे। माइकल जैक्सन की मौत 50 वर्ष की आयु में लंदन के विस्तारित 'दिस इज इट' रेजीडेंसी की तैयारी के दौरान हो गई थी। जो जुलाई 2009 से मार्च 2010 तक चलने वाली थी।




# अब नहीं टूटेगा मर्लिन मुनरो का घर

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी अभिनेत्री और मॉडल मर्लिन मुनरो के लॉस एंजिल्स स्थित घर को लॉस एंजिल्स सिटी काउंसिल द्वारा बुधवार को ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्मारक नामांकन में मंजूरी दी गई है। इस पदनाम का उद्देश्य इस ऐतिहासिक स्थल को टूटने से बचाने में मदद करना है। दरअसल, मुनरो ने जिस घर में आखिरी सांस ली थी, उसे ब्रिना मिलस्टीन और उनके पति, रियलिटी टीवी निर्माता रॉय बैंक ने पिछले साल खरीद लिया था, जिसे वह तोड़ना चाहते थे, लेकिन अब इसे ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्मारक का नाम दे दिया गया है। एल.ए. कंजर्वेंसी ने एक्स पर साझा करते हुए लिखा, 'ब्रेंटवुड में मर्लिन मुनरो का घर अब एक ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्मारक है! एल.ए. सिटी काउंसिल ने सर्वसम्मति से मर्लिन मुनरो के अंतिम घर के लिए नामांकन को मंजूरी दे दी।



# कश्मीरी होने पर लोगों ने मारे ताने

**नई दिल्ली।** हिना खान बीते 15 सालों से एक्टिंग की दुनिया में काम कर रही हैं। वह टीवी की दुनिया की महंगी एक्ट्रेस में गिनी जाती हैं। लेकिन एक्ट्रेस बनना हिना का पहला सपना नहीं था। एक्ट्रेस बनने से पहले वह कुछ और ही बनना चाहती हैं, लेकिन किस्मत ने उन्हें एक्ट्रेस बना दिया। उसे लोगों ने कश्मीरी होने पर ताने भी मारे। हिना खान ने अपने करियर की शुरुआत साल 2009 में पॉपुलर टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से की थी। इसी सीरियल की वजह से उन्हें घर-घर में पहचान मिली थी। उन्होंने बताया था कि एक प्रोजेक्ट के हाथ से इसलिए निकल गईं, क्योंकि उनका रंग कश्मीरी लड़की लड़की जैसा नहीं था। उस प्रोजेक्ट में उन्हें कश्मीरी लड़की का रोल प्ले करना था। हालांकि उन्हें ये कहकर मना कर दिया गया था कि वो कश्मीरी नहीं दिखती हैं।



# आयुष्मान ने ताहिरा पर जताया गर्व

**मुंबई।** अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी पत्नी ताहिरा कश्यप निर्देशित फिल्म 'शर्मा जी की बेटी' के लिए उन पर गर्व जताया है। आयुष्मान खुराना और उनकी पत्नी ताहिरा अक्सर एक दूसरे को सोशल मीडिया पर सपोर्ट करते हुए दिखाई देते हैं। ताहिरा की निर्देशन में बनी उनकी डेब्यू फिल्म 'शर्माजी की बेटी' की 28 जून को प्रीमियर हुई और अभिनेता ने अपनी पत्नी की उपलब्धि पर गर्व जताया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पत्नी ताहिरा कश्यप की प्रशंसा करते हुए तस्वीरें पोस्ट कीं। जिसमें की बचपन की तस्वीर भी शामिल है। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य तस्वीरें इस पोस्ट में साझा की हैं। ताहिरा के निर्देशन में बनी फिल्म के बारे में बात करते हुए लिखा, 'आपकी आत्मा हर उस चीज में झलकती है जिसे आप छूती हैं, यही वजह है कि 'शर्माजी की बेटी' इतनी खास फिल्म है।

टीवी मसाला




# बिग बॉस के इन प्रतियोगियों पर लगा फेक शादी रचाने का आरोप

नई दिल्ली। 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कोई शक नहीं है कि यह सबसे विवादित शो में से एक है। सीजन 3 में भी एक से बढ़कर एक प्रतिभागी आए हैं। शो की शुरुआत से ही बीबी हाउस में बवाल मचा हुआ है। वहीं, इस शो के कुछ पूर्व प्रतियोगी ऐसे भी रहे हैं, जिन पर टीआरपी के लिए नकली शादी रचाने का आरोप लग चुका है। इन चर्चित चेहरों ने टीआरपी के लिए नकली शादी रचाई और आगे जाकर मुकर गईं। इस तरह ये हीरोइनें नेशनल टेलीविजन पर शादी का मजाक उड़ा चुकी हैं। इस लिस्ट में शहनाज गिल से लेकर राखी सावंत तक शामिल हैं। शहनाज गिल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' से घर-घर में अपनी पहचान बनाई। शो के होस्ट सलमान खान, शहनाज को पंजाब की कटरीना कैफ कहते हैं। वहीं, 'बिग बॉस 13' शो के खत्म होते ही शहनाज गिल ने अपना स्वयंवर रचाया था। शो में सना ने प्रतियोगियों से खूब मेहनत कराई। हालांकि, फिनाले में शहनाज ने किसी को भी चुनने से इनकार कर दिया, और शादी से मुकर गईं। ऐसा करने के बाद शहनाज पर आरोप लगा कि उन्होंने महज फेम के लिए यह ढोंग रचा था। जसलीन मथारू और अनूप जलोटा ने बतौर गर्लफ्रेंड और बॉयफ्रेंड 'बिग बॉस' शो में एंट्री ली थी।

# कलाकारों का नहीं मिला बकाया निर्माताओं को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'लाल बनारसी' के कलाकार सावी ठाकुर, गौरी चित्रांशी और कुलदीप सिंह ने अपने पूरे पैसे का भुगतान न होने के चलते निर्माता संतोष कुमार और रोशेल सिंह को नोटिस भेज दिया है। इस शो का प्रसारण मई 2023 में शुरू हुआ था और इस साल मई के दूसरे हफ्ते में खत्म हो गया था। शो के एक और अभिनेता कुलदीप सिंह के मुताबिक उन्होंने दिसंबर से मार्च तक शूटिंग की थी और उन्हें इसके लिए 4,70,000 रुपए मिलने थे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि टीवी इंडस्ट्री में आमतौर पर शो शुरू होने के 90 दिन बाद पैसा मिलना शुरू होता है, लेकिन लाल बनारसी के निर्माताओं ने इसे 120 तक खींच दिया और उसके बाद भी समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा था। कुलदीप ने कहा कि उन्हें घर का लोन भरने के साथ-साथ बाकी की जिम्मेदारियों के लिए भी पैसे की जरूरत है और कोई दूसरा रास्ता नहीं होने के कारण उन्होंने निर्माता को कानूनी नोटिस भेज दिया है।



# छात्रों का किया मार्गदर्शन नशे से दूर रहने की दी सीख

**मुंबई।** थलपति विजय दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार हैं। वह मुख्य रूप से तमिल फिल्मों में काम करते हैं। हाल में ही वह इस साल 10वीं और 12वीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने एक कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्रों को जीवन से संबंधित कुछ कठोर सबक दिए, जो बच्चों को गंभीरता से समझनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'चाहे कोई भी कारण हो,मगर किसी भी कीमत पर अपनी पहचान न खोएं। मैं अभी यह इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारे राज्य में नशीले पदार्थों का काफी ज्यादा उपयोग होता है, खासकर युवाओं में इसका बहुत अधिक उपयोग होता है।' एक अभिभावक और एक राजनीतिक संगठन के नेता के रूप में उन्हें इस पर शर्म आती है। मेरा कहना है कि कभी-कभी हमें इन परिस्थितियों से खुद ही खुद को बचाना पड़ता है। हमेशा उन्हें खुद पर नियंत्रण और अनुशासन रखना चाहिए। क्षणिक खुशियां देने वाली चीजों और नशीली दवाओं का सेवन न करें।



# करण ने सोनाक्षी को दिया 'कूल दुल्हन' का टैग



**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने सात साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद 23 जून को अपनी शादी की शुरुआत की। उनकी शादी के फंक्शन की तस्वीरों और वीडियो ने जोड़े की खुशी को खूबसूरती से कैद किया। सोनाक्षी और जहीर को उनकी नई शुरुआत के लिए फिल्म इंडस्ट्री से शुभकामनाएं मिलीं। अब, फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया है कि उन्हें उनकी शादी में क्या पसंद आया। उन्होंने सोनाक्षी को 'सबसे कूल दुल्हन' भी कहा। उन्होंने सोनाक्षी के ब्राइडल लुक की तारीफ की और उनकी शादी की सादगी को देखकर हैरान रह गए। करण ने कहा, 'आप जानते हैं कि सोनाक्षी के बारे में मुझे जो सबसे अच्छा लगा, वह यह था कि वह सबसे अच्छी दुल्हन थी। वह मस्त थी। जहीर और सोनाक्षी प्यारे लग रहे थे। वे खुश दिख रहे थे, वे बहुत खूबसूरत लग रहे थे। और कोई तामझाम या दिखावा नहीं था। यह सिर्फ शुद्ध प्रेम और मस्ती थी और यही बात मुझे उनकी शादी में पसंद आई।

# रक्तबीज में एक्शन करते दिखेंगे आदित्य रॉय कपूर!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर जल्द ही राज और डीके की अगली वेब सीरीज में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेब सीरीज का नाम 'रक्तबीज' रखा गया है। इसके लिए आदित्य को ऑफर मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस एक्शन सीरीज में आदित्य के साथ सामंथा रूथ प्रभु भी मुख्य भूमिका में होंगी। 'द नाइट मैनेजर' के बाद आदित्य रॉय कपूर का ओटीटी के लिए दूसरा प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट के लिए हामी भर दी थी। इसके तुरंत बाद निर्माताओं ने सामंथा को भी इस सीरीज में शामिल कर लिया था। दोनों कलाकारों ने सीरीज के लिए अपनी-अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है। जल्द ही दोनों इस एक्शन सीरीज के लिए साथ में भी ट्रेनिंग लेंगें। खबर के मुताबिक, राज और डीके की जोड़ी फिलहाल फैमिली मैन के तीसरे सीजन की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके बाद ये निर्देशक जोड़ी इस साल अगस्त तक 'रक्तबीज' को फ्लोर पर लाने की योजना बना रहे हैं। राज और डीके की फैमिली मैन में भी सामंथा रूथ प्रभु नजर आई थीं। सामंथा रूथ प्रभु ने इस सीरीज को लेकर एक इवेंट में कहा था, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्शन करूंगी। ये मेरे लिए बड़ी जीत है। मुझे नहीं लगा कि मैं सिटाडेल का हिस्सा बनूंगी। मैं राज, डीके, सीता और अमेजन की बहुत आभारी हूं।'

## मांगी चंद दिनों की मोहलत और 2 हफ्तों में रच दिया इतिहास

# डायरेक्टर ने किया रिजेक्ट, रो पड़े पंचम दा

**नई दिल्ली।** म्यूजिक के जादूगर आरडी बर्मन भले ही हमारे बीच नहीं हैं लेकिन वह आज भी अपने टैलेंट की वजह से पूरी दुनिया पर राज करते हैं। पंचम दा के नाम से मशहूर आरडी बर्मन ने 1960 से 1980 के दशक तक एक्टिव थे। इस दौरान उन्होंने सैकड़ों सुपरहिट गाने दिए। आरडी बर्मन की चमक ऐसी थी कि उनके जैसा न कोई हुआ और ना कोई होगा। संगीत की दुनिया में दशकों तक राज करने वाले पंचम दा का जन्म 27 जून,1939 को कोलकाता में हुआ था। आरडी बर्मन ने साल 1994 में 4 जनवरी को दुनिया को अलविदा कहा था. आर डी बर्मन को गए हुए 30 साल बीत चुके हैं। हालांकि उनकी यादें और नग्में आज भी सुर्खियों में रहती हैं। उनकी लाइफ से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात दर्शकों और म्यूजिक प्रेमियों के दिलों में जिंदा है। संगीतकार आरडी बर्मन ने 300 से ज्यादा फिल्मों में म्यूजिक कंपोज किया था। उनके गाने 21वीं सदी के युवाओं की पहली पसंद है। आज भी उनके गाने को फैंस यूट्यूब पर सर्च करके सुनते हैं और खूब एन्जॉय करते हैं।



### पंचम दा ने रिजेक्शन को किया इग्नोर

आईएमडीबी की रिपोर्ट्स के अनुसार, सुपरहिट परिंदा के बाद जब विधु अपनी दूसरी फिल्म '1942 ए लव स्टोरी' लेकर आए तो उन्हें इस फिल्म के गाने के लिए पंचम दा को अप्रोच किया था। पंचम दा ने बिना देरी किए विधु से वादा किया कि वे उनकी फिल्म में म्यूजिक देंगे। विधु जब अपने गाने के लिए पंचम दा के घर पहुंचे तो उन्होंने अपना पहला गाना 'कुछ न कहो ,कुछ भी न कहो' गीत सुनाया लेकिन विधू इस गाने से खुश नहीं हुए। उन्होंने इस गाने को रिजेक्ट कर दिया। पंचम दा ने इस रिजेक्शन को इग्नोर किया और कुछ नहीं कहा। लेकिन विधु जाते-जाते पंचम दा से कहा- आपके पीछे जो तस्वीर लगी हुई है मुझे उनके जैसे संगीत की तलाश है और मुझे पता है कि वो सिर्फ आप ही दे सकते हैं। पंचम दा पीछे पलटे और अपने पिता सचिन देव बर्मन की तस्वीर की तरफ देखा। वह यह देखकर बहुत भावुक हो गए।

### किसी के पास नहीं जाते थे काम मांगने

1960 से 1980 तक पंचम दा के गानों कहा बॉक्स ऑफिस पर चार्टबस्टर साबित होते थे। वो कुछ लिख देते थे वह हिट हो जाता है। हालांकि 80 का दशक खत्म होते और 90 का दशक आते ही पंचम दा का स्टारडम और जलवा दोनों ही कमजोर पड़ गया था। 90 का दशक आते ही म्यूजिक इंडस्ट्री में एक से एक नए कंपोजर अपनी धाक जमा चुके थे। नदीम -श्रवण ,आनन्द मिलिंद ,शिव हरी ,जतिन-ललित जैसे म्यूजिक कंपोजर को फिल्मों में काफी महत्तव मिलने लगा था। ऐसे में पंचम दा को कम ऑफर मिलने लगे थे। यह समय पंचम दा के लिए काफी कष्टकारी और निराश करने वाला था। हालांकि उनकी एक खूबी थी। वह कभी भी किसी के पास काम मांगने के लिए नहीं जाते थे. लेकिन वह काम की तलाश में बैठे रहते थे. ऐसे में एक दिन अचानक से उन्हें एक बड़ा ऑफर मिला। एक यंग डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म के अप्रोच किया। यह ऐसा मौका था जिस पर पंचम दा को यकीन नहीं हो रहा था कि उनके गानों की आज भी डिमांड होगी। ऐसे में पंचम दा भावुक हो गए। वह खुद को डायरेक्टर के सामने रोक नहीं पाए और रोने लगे थे।

# आशा भोसले की बायोग्राफी लॉन्च पर सोनू निगम ने धोए गायिका के चरण, हुए भावुक

**मुंबई।** शुक्रवार को मशहूर गायिका आशा भोसले की बायोग्राफी 'स्वरस्वामिनी आशा' लॉन्च की गई। इस मौके पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत उपस्थित रहे। उनके अलावा सोनू निगम, आशाताई की पोती जनाई भोसले भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर गायक सोनू निगम ने आशा भोसले की चरण धोए। आशा भोसले की बायोग्राफी की लॉन्चिंग पर अभिनेता जॉकी श्रॉफ भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आशा भोसले के पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अभिनेता ने खास अवसर पर गायिका को गमला भेट किया। बुक लॉन्च के अवसर पर सोनू निगम ने कहा, 'देवी मां प्रणाम, मैं बिल्कुल कुछ नहीं कहना चाहता था। लेकिन, मुझे कहा गया है तो मैं यही कहूंगा कि आज सीखने के लिए बहुत से साधन हैं। लेकिन, जब सीखने के लिए कुछ नहीं था तो लताजी और आशाजी थीं। इन्होंने पूरी दुनिया को गाना सिखाया है। जो आपसे सीख सके उनके लिए धन्यवाद। जो सीख रहे हैं, उनके लिए धन्यवाद।



# केंद्र सरकार से जल संरक्षण और सिंचाई योजनाओं के लिए मिलेगा भरपूर सहयोग

## प्रवाह क्षेत्र अविरल हो, नर्मदा किनारे के ग्रामीण को मिले परिवहन सुविधाः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नर्मदा के प्रमुख घाटों पर जल प्रवाह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई के साधनों के विस्तार का कार्य निरंतर हो। केंद्र सरकार से ऐसे कार्यों के लिए पर्याप्त धन राशि भी प्राप्त होगी। पर्यटन विकास की दृष्टि से योजनाएं लागू करने को भी प्राथमिकता दें। ग्रामवासियों की सहूलियत को देखते हुए नर्मदा में छोटे माल वाहक जहाज़ के संचालन और मत्स्य पालन की संभावना पर भी कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में गुरूवार को मंत्रालय में नर्मदा घाटी विकास विभाग के तहत नर्मदा नियंत्रण मंडल की गतिविधियों की समीक्षा हुई। उन्होंने कहा कि नर्मदा घाटी से संबंधित जैव विविधता का शोध भी किया जाए। मोती की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

इन सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हो। उन्होंने बताया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और राजभूषण चौधरी से जल संरक्षण कार्यों के संबंध में चर्चा हुई है। मप्र के हितों के लिए केंद्र सरकार से विशेष सहयोग प्राप्त होगा। प्रदेश के दो बड़े नदी जोड़ो अभियान केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती काली सिंध परियोजना के क्रियान्वयन के विषयों पर भी निर्णायक बातचीत हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा नियंत्रण मंडल की गतिविधियों की समीक्षा में दिए निर्देश



### किसानों को मिले सस्ती बिजलीः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि किसानों को सस्ते दाम पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए जल विद्युत के नए स्रोत विकसित किए जाएं। वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोतों का उपयोग भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हमने नर्मदा से काफी कुछ लिया है। हम नर्मदा को कुछ देने का भी सोचें। सभी सार्वजनिक घाट स्वच्छ और सुंदर हों, इसके लिए प्रशासनिक अमले और आमजन को सजग रहना है। जन श्रद्धा के विभिन्न स्थानों को विकसित किया जाए। आमजन की उपयोगिता के अनुरूप घाटों के अलावा नदी के पास स्थित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों को भी सुविधायुक्त बनाया जाए। नर्मदा परिक्रमा करने वाले यात्रियों के लिए शेड आदि बनाए जाएं।

### यशवंत सागर सहित अन्य जलाशयों में जल उपलब्धता को सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि नर्मदा की डाउनस्ट्रीम स्थित तालाबों में पानी के अधिकतम उपयोग के प्रयास किए जाएं। यशवंत सागर सहित अन्य जलाशयों में जल उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाए, जिससे ग्रीष्मकाल में जल राशि के माध्यम से संकट की स्थिति को टालने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पम्प स्टोरेज प्रणाली से सस्ती बिजली का प्रयोग बढ़ाने, गांव के लोगों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी के उद्देश्य से वाटर एम्बुलेंस संचालन के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वीकृत परियोजनाओं के निकट भविष्य में लोकार्पण पर भी चर्चा हुई। बैठक में बड़ादेव संयुक्त माइक्रो सिंचाई परियोजना, मां रेवा उद्वहन सिंचाई परियोजना, सोंडवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, निवाली उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, महेश्वर जानापाव उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, सेंधवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना आदि के संबंध में चर्चा हुई।

हर घर नल से जल उपलब्ध कराने वाले जिलों, जनपद, ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किया जाएगा

## मुख्यमंत्री ने कहा- नल जल योजना के संचालन का कार्य महिला स्वसहायता समूहों को सौंपा जाए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत नलजल योजना के संचालन का कार्य महिला स्वसहायता समूहों को सौंपा जाए। मिशन के अंतर्गत बनी संरचनाओं के दीर्घकालीन संचालन के लिए ग्राम स्तर पर भू-जल भण्डारण की क्षमता बढ़ाने की गतिविधियां चलाना जरूरी है, इसके लिए ग्राम स्तर पर जनजागृति अभियान चलाकर जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में जल जीवन मिशन की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, प्रमुख सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवातव, राजेश राजौरा, जेएन कंसोटिया, प्रमुख सचिव मनीष सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन की गतिविधियों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने वाले विधानसभा क्षेत्रों, जिलों, जनपद, ग्राम पंचायत आदि को पुरस्कृत किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा



### मप्र को बनाएं हर घर नल से जल उपलब्ध कराने में मॉडल राज्यः सीएम डॉ. मोहन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 63 प्रतिशत से अधिक घरों को नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश के समस्त ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य तेजी से जारी है। जिन क्षेत्रों में कठिनाई आ रही है, वहां कठिनाईयों और विसंगतियों को व्यावहारिक रूप से दूर करते हुए मध्यप्रदेश को हर घर नल से जल उपलब्ध कराने में देश में मॉडल राज्य के रूप में प्रस्तुत करने के लिए हर स्तर पर कार्य हो।*

**70 लाख 72 हजार 875 ग्रामीण परिवारों को नल से जल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गावों में आम जन को पीने का पानी सरलता से उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ लगाने, पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करने और छायादार स्थान बनाने के लिए सामाजिक पहल को प्रोत्साहित किया जाए। पानी के मितव्ययी उपयोग और पाइप आदि के संधारण में सभी ग्रामवासी सतर्कता और जागरूकता के साथ अपना योगदान दें। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के कुल एक करोड़ 11 लाख 82

### आमजन को उपलब्ध करवाएं सस्ती व सुलभ परिवहन सेवाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में नागरिकों को सस्ती व सुलभ परिवहन सेवाओं का लाभ दिया जाए। गुजरात की तर्ज पर चेक-पोस्ट व्यवस्था समय सीमा में लागू की जाएं। इस व्यवस्था में ट्रांसपोर्टर पूर्व में ही ई चेक-पोस्ट वेबसाइट पर अपने वाहन के संबंध में जरूरी स्व-घोषणा कर निर्धारित फीस जमा कर सकता है। जांच में दोषी पाए जाने पर दोगुनी फीस जमा करवाने का प्रावधान है। मप्र बेहतर व्यवस्था लागू करने की पहल करें। इसका लाभ आमजन को भी मिलेगा और शासन की आय में भी वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने व्यवस्था के लिए होमगार्ड सहित अमले तथा बजट की सहमति प्रदान की। मंत्रालय में हुई परिवहन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिए।

भोपाल में 6 जुलाई को एक दिन में लगेंगे 12 लाख पौधे

## प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगेंगे साढ़े पांच करोड़ पौधेः डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में एक पेड़ मां के नाम अभियान जन सहयोग से सफल होगा। अभियान के लिए अधिकतम जन सहभागिता के प्रयास किए जा रहे है। प्रदेश के दो बड़े नगरों में अनेक संगठन अभियान से जुड़ रहे हैं।

इंदौर जिले में जहां 51 लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है, वहीं भोपाल सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर एक दिन में ही 12 लाख पौधे रोपे जाएंगे। भोपाल जिले में 12 हजार पौधे मां के सम्मान में लगाए जाएंगे। शेष पौधे भी विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लगेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में गुरूवार को एक विशेष बैठक में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से अभियान की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर किया जाएगा पौधरोपण

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में राष्ट्रवादी विचारक, शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को अभियान के तहत पौधे लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

### विद्यार्थियों को दें विरासत की जानकारी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पौधरोपण के अभियान के साथ युवाओं को जोड़ कर उन्हें पर्यावरण का महत्व बताना प्रशंसनीय है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को विरासत से जोड़ने का कार्य भी किया जाए। भोपाल जिला पर्यटन परिषद और अन्य संस्थाएं विद्यार्थियों को पुरातात्विक महत्व के स्थानों, विज्ञान संग्रहालय और अन्य संग्रहालयों की सैर करवाएं। भोपाल में ऐसे जीवंत प्रयास होने चाहिए जिससे राजधानी एक मॉडल बने और अन्य स्थानों पर उसकी चर्चा हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले के विकास के लिए रोड मैप तैयार करने के निर्देश दिए।*

## छात्रवृत्ति से संबंधित लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अनुसूचित जाति - जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्रवृत्ति से संबंधित पिछले वर्ष के लंबित प्रकरणों का कार्य योजना बनाकर तत्काल निराकरण किया जाए। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्राप्त करने में कोई परेशानी न हो। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए छात्रवृत्ति में आवेदन के सत्यपान, पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन और छात्रवृत्ति वितरण की समय सीमा निर्धारित की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव महाविद्यालय और शाला स्तर पर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, मुख्य सचिव वीरा राणा उपस्थित थी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी, जिला लोक सेवा प्रबंधक और लीड बैंक मैनेजर आवश्यक समन्वय सुनिश्चित कर जिला स्तर पर अभियान चलाए, जिससे छात्रों को आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने में समस्या न हो। इसके साथ ही छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे अपात्र विद्यार्थियों का परीक्षण शिक्षण संस्थावार किया जाए।

जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रकिया के सरलीकरण के लिए बनेगी टास्क फोर्स

मुख्यमंत्री ने की अजा-अजजा तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा



### शिक्षा पोर्टल से 6 विभागों की 20 प्रकार की छात्रवृत्ति की स्वीकृति, अब तक 92 लाख नामांकन

*शिक्षा पोर्टल से 6 विभागों की 20 प्रकार की छात्रवृत्ति की स्वीकृति प्रदान की जाकर वितरण किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में 64 लाख विद्यार्थियों को लगभग 330 करोड़ की छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। वर्ष 2024-25 में अब तक 92 लाख नामांकन हो चुके हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव मो. सुलेमान, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अजीत केसरी, केसी गुप्ता, प्रमुख सचिव रश्मि अरूण शमी, डॉ. ई रमेश कुमार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।*

### प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था हो

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया का सरलीकरण जरूरी है। अन्य राज्यों में जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए बनाई जा रही प्रक्रिया का अध्ययन कर सामान्य प्रशासन विभाग अन्य संबंधित विभागों की टॉस्क फोर्स बनाकर कर प्रकिया के सरलीकरण के लिए तत्काल कार्रवाई करें। इसके साथ ही सभी व्यवसायिक व प्रतियोगी परीक्षाओं में अनुसूचित जाति जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी उपलब्धियां अर्जित करें, इस उद्देश्य से प्रभावी कार्य योजना बनाई बनाई जाए। बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति के युवाओं की होमगार्ड तथा पुलिस में भर्ती को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए।*

सैम के बयान से विभिन्न प्रांतों के लोगों को अपमान का घूंट पीना पड़ा था

## सैम पित्रोदा को फिर से ओवरसीज कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने पर सीएम डॉ. यादव ने कांग्रेस पर कसा तंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सैम पित्रोदा को दोबारा से ओवरसीज कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद कांग्रेस का अपना असली चरित्र दिखाती है। कांग्रेस के कर्णधारों को सैम पित्रोदा को फिर से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहा कि सच्चे अर्थों में कांग्रेस का चरित्र दोमुहा है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण सैम पित्रोदा की कांग्रेस में वापसी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस हमेशा चुनाव के समय अलग रोल में रहती है और चुनाव के बाद असली चरित्र दिखाती है।

सैम पित्रोदा के माध्यम से भारत के विभिन्न प्रांतों में रहने वाले स्थानीय रहवासियों को (आदिवासी अंचल के लोगों को) अपमान का घूंट पीना पड़ा। वो कांग्रेस का कितना शर्मनाक का बयान था। जब कांग्रेस ने कहा था कि हमारा इनसे कोई लेना-देना नहीं है और उनको अपनी पार्टी से बाहर कर दिया था। जैसे ही चुनाव निकला कांग्रेस अपने वादे से मुकर गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस समय भी कहा था कि कांग्रेस आज पित्रोदा को निकाल रही है, कांग्रेस का दरवाजा वापस खुलेगा और सैम पित्रोदा कांग्रेस की धरोहर बनकर निकलेगा। आज वह सबके सामने उदाहरण बना है। कांग्रेस के कर्णधारों को देश से माफी मांगना चाहिए कि उनसे गलती हुई और सैम पित्रोदा को फिर से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा चुनाव के समय अलग रूप में रहती है और चुनाव के बाद अपना असली चरित्र दिखाती है।

## आपातकाल राजनीतिक नहीं, राष्ट्रीय और लोकतंत्र से जुड़ा मुद्दा इस पर हर भारतीय, लोकतंत्र के हितैषी को चर्चा करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि आपातकाल राजनीतिक नहीं, राष्ट्रीय और लोकतंत्र से जुड़ा मुद्दा है। इसलिए इस पर हर किसी भारतीय और लोकतंत्र के हितैषी को चर्चा करना चाहिए। देश के 140 करोड़ लोगों को ये जानने का हक है कि कैसे असंवैधानिक तरीकों से सत्ता की तलाश के लिए कांग्रेस काल में काले कारमानों को अंजाम दिया गया।



उन्होंने बताया कि किस तरह से कांग्रेस के कार्यकाल में एक लाख 40 हजार लोगों को जेल में डाला गया। 22 लोगों की मौत कस्टडी में हो गई। संविधान से खिलवाड़ किया गया? न्यायपालिका की शक्तियों में कटौती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार के कहने पर नसबंदी के कार्यक्रम चलाया गया। मुख्यमंत्रियों को नसबंदी के लक्ष्य सौंपे गए और विरोध करने वालों को जेल में डाला गया। आपातकाल की खबर समाचार पत्रों में न छपे, इसलिए उस रात दिल्ली के कई इलाकों की लाइट काट दी गई। सिर्फ संविधान की किताब हाथ में पकड़ लेने से संविधान की रक्षा नहीं होगी, उसके अतीत के पन्नों को भी जानना जरूरी है। राहुल गांधी के इस काले अध्याय से डरने के बजाय सामना करने का साहस पैदा करना चाहिए। केवल यह कहना पर्याप्त नही होगा कि मैं ठंड से डरता नही हूं। किसी भी सच से नहीं डरना चाहिए।

दो हजार पदाधिकारी, नेता और सदस्य शामिल होंगे

## सात जुलाई को भाजपा की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की होगी बैठक



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा और इसके बाद हुए लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक 7 जुलाई को आयोजित की जाएगी। बैठक में लगभग 2 हजार पदाधिकारियों, नेताओं और सदस्यों के शामिल होने की संभावना है। इसमें मंडल स्तर तक के पदाधिकारियों तक को आमंत्रित किया जा सकता है। बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव प्रस्तुत कर विधानसभा और लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा और संगठन की आगामी रणनीति पर मंथन किया जाएगा। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बैठक की पुष्टि करते हुए बताया कि इस बड़ी बैठक में पूर्व और वर्तमान मुख्यमंत्री, पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष सहित हर स्तर के नेता और पदाधिकारी शामिल होंगे।

### मतदाता अभिनंदन से शुरू हो सकते हैं कार्यक्रम

कार्यसमिति की बैठक में संगठन चुनावों के साथ संगठन को मजबूत करने को लेकर कार्यक्रम तय किए जाएंगे। राजनीतिक प्रस्ताव में मौजूदा राजनीतिक हालात और भाजपा की जीत पर चर्चा की जाएगी। चुनाव में चूंकि मतदाताओं की मुख्य भूमिका रही है, इसलिए कार्यक्रमों की शुरुआत मतदाताओं के अभिनदंन कार्यक्रम से हो सकती है। उनकी बदौलत ही केंद्र में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। केंद्र में मप्र के कई बड़े चेहरों की भूमिका बदल चुकी है। मप्र सरकार में भी कई मंत्रियों की भूमिका में बदलाव हुआ है। बैठक के दौरान विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा होगा। इन सब बातों को ध्यान में रखकर बैठक में संगठन की आगामी रणनीति पर मंथन किया जा सकता है। सत्ता और संगठन में समन्वय को लेकर खास चर्चा हो सकती है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बीच पहले से अच्छा समन्वय है। इन दोनों के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश में क्लीन स्वीप किया है।

## डिप्टी सीएम शुक्ल ने गृह मंत्री शाह से की सौजन्य भेंट





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। शुक्ल ने शाह को नवीन कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं एवं विभिन्न विषयों पर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। वहीं उप मुख्यमंत्री शुक्ल से नई दिल्ली प्रवास के दौरान राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, युवा मामले और खेल विभाग कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सौजन्य भेंट की। विभिन्न समसामयिक विषयों पर उन्होंने उपमुख्यमंत्री शुक्ल से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल से मेघालय सरकार के कैबिनेट मंत्री हेक ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों ने विकास पर चर्चा की।

प्रशासन के निर्णय का सर्व आदिवासी समाज ने किया स्वागत

## सर्व आदिवासी समाज की स्कूलों में कम से कम दो शिक्षकों की मांग पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बीजापुर जिले में शैक्षणिक व्यवस्था के सुधार के लिए प्रशासन द्वारा एकल विद्यालयों में दो शिक्षकों की नियुक्ति का सर्व आदिवासी समाज ने स्वागत करते हुए पालकों से बच्चों को स्कूलों में दाखिले की अपील की है।



बीजापुर जिले में शैक्षणिक व्यवस्था के सुधार के लिए प्रशासन द्वारा एकल विद्यालयों में दो शिक्षकों की नियुक्ति का सर्व आदिवासी समाज ने स्वागत करते हुए पालकों से बच्चों को स्कूलों में दाखिले की अपील की है। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष जग्गू राम तेलामी में बताया कि बीते दिनों जिले के कलेक्टर अनुराग पांडेय के साथ आदिवासी समाज प्रमुखों की बैठक में जिले की शैक्षणिक व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई थी। जिले के बंद पड़े स्कूलों को खोले जाने के बाद सुविधाओं वृद्धि सहित एकल शिक्षकीय शालाओं में दो शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है जिसका समाज स्वागत करता है।

भवन की आठवीं मंजिल से कूदी महिला

## महिला की निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरने के कारण मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आत्महत्या का मामला सामने आया है। जहां एक महिला ने आठवीं मंजिल से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। साथ ही मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

यह पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतका का नाम शबनम 40 वर्षीय बताया जा रहा है। मृतका महिला आरडीए कॉलोनी के एच ब्लॉक में रहती थी। बताया जा रहा है कि महिला अविवाहित थी। वह मानसिक रूप से बीमार थी। सुसाइड करने से पहले महिला दौड़ते हुए निर्माणाधीन बिल्डिंग के आठवीं मंजिल पर चढ़ गई और वहां से छलांग लगा दी, महिला की सिर फटने से मौके पर मौत हो गई।

### महिला अविवाहित और मानसिक रूप से बीमार थी



प्राथमिक जांच में महिला को अविवाहित और मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। मृतका निर्माणाधीन बिल्डिंग के आठवीं मंजिले पर दौड़ती हुई चढ़ गई। इसके बाद वहां से छलांग लगा दी। इससे महिला मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मुख्यमंत्री मेगा प्लेसमेंट कैंप में 1300 युवाओं को मौके पर ही मिले ऑफर लेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर में स्वर्गीय लखीराम आडिटोरियम में आयोजित एक दिवसीय मुख्यमंत्री मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन हुआ। जहां 1300 युवाओं को मौके पर ही कंपनियों का ऑफर लेटर दिया गया।

बिलासपुर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर यहां आयोजित मेगा प्लेसमेंट कैंप काफी सफल रहा। बड़ी संख्या में लोग नौकरी की चाह में कैंप में बायोडाटा लेकर पहुंचे। निजी कंपनियों द्वारा इंटरव्यू के बाद लगभग 1300 युवाओं को कैंप में ही ऑफर लेटर दिए गए।



## चिंतन

# दिल्ली की जन समस्याएं मिलकर हल करें सरकारें

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली प्रशासनिक तौर पर देश के सामने कोई नजीर पेश नहीं कर पा रही है। रिकार्ड तोड़ गर्मी में बिजली आपूर्ति की बात हो, जल आपूर्ति संकट हो या अब भारी बारिश के चलते जलभराव की समस्या, सरकारें राजनीति करती नजर आईं। दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश है, यहां शासकीय विभाजन है। कुछ चीजें दिल्ली सरकार के अधीन हैं, कुछ केंद्र सरकार के अधीन, तो कुछ नगर निगम और कुछेक एनडीएमसी के अधीन। इन सबका काम जनसेवा है, जनसमस्याओं को हल करना है, बेहतर जनसुविधा उपलब्ध कराना है, यह तभी संभव है, जब सभी शासकीय विभाग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की जनता को आगे रखकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। शासकीय इकाइयों के बीच अहंकार, अविश्वास और दायित्व बोधहीनता से किसी भी जनसमस्या का समाधान नहीं होगा। दिल्ली में जबसे आम आदमी पार्टी की सरकार है और केंद्र में भाजपा की सरकार है, राष्ट्रीय राजधानी के शासकीय दायित्व के निर्वहन में टकराव है, हर मुद्दे पर राजनीति हावी है, भाजपा व आप एक दूसरे के खिलाफ हमेशा राजनीति करती रहती है, इसमें दिल्ली की जनता सफर कर रही है। दोनों दलों को मिलकर जन समस्याओं का समाधान करना चाहिए। भारत में जिस तरह की बहुदलीय राजनीतिक व्यवस्था है, जिस तरह नागरिकों के बीच भी भिन्न राजनीतिक अभिरुचि है, उसमें समूचे देश में सभी राज्यों व केंद्र में एक ही वक्त किसी भी एक दल या गठबंधन की सरकार आनी संभव ही नहीं है। अलग-अलग राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र में अलग-अलग दलों या गठबंधनों की सरकार रहेगी। इस सत्य को स्वीकारते हुए सत्ता में रहने वाले दलों को राजनीतिक मतभिन्नता से ऊपर उठकर जनकल्याण के लिए काम करना चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि दल यह बात जानते नहीं हैं। सरकार में रहते हुए राजनीतिक व्यवहार करना निषेध होना चाहिए। चुनाव के समय राजनीतिक मतभेद और दलों के बीच स्पर्धा समझ में आती है, पर सत्ता में आने के बाद जनसमस्याओं के समाधान को लेकर सियासत करना राजनीति का निकृष्टतम रूप है। यह लोकतंत्र के मकसद के लिए भी खतरनाक है। जनता अपने विवेक से सरकार का चुनाव करती है, जनसमूह का विवेक एकसम नहीं हो सकता है, ऐसे में अलग-अलग दलों की सरकारें बननी लाजिमी है। सभी दल इस तथ्य को अच्छे से आत्मसात कर लें। सरकार गठन में पद की शपथ लेने व कार्यभार संभालने के बाद सभी पदेन लोग जनता के प्रति संवैधानिक रूप से जिम्मेदार हैं। कोई भी अपने दायित्वों के निर्वहन से बच नहीं सकता। सरकार में रहते हुए अपने-अपने दायित्वों को निभाने के बजाय जिम्मेदारी निभाने के लिए दूसरे को कसूरवार ठहराना बंद होना चाहिए। दिल्ली जलमग्न है, जनजीवन अस्तव्यस्त है, बिजली व पानी के संकट का सामना कर रही है और आप व भाजपा राजनीति में डूबी हुई हैं, यह शर्मनाक है। आरोप-प्रत्यारोप से समस्याओं के हल नहीं होंगे। सभी दल हमेशा राजनीतिक मोड में रहना बंद करें। केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम और एनडीएमसी को मिलकर दिल्ली की जनसमस्याओं को दूर करना चाहिए, बजाय एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ने के। संघीय व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए न कि कमजोर। भारी बारिश पर किसी का जोर नहीं, पर ड्रेनेज सिस्टम बेहतर बनाना, जलनिकासी की व्यवस्था करना सरकार के हाथ में है। पेयजल आपूर्ति सिस्टम ठीक करना हाथ में है।



कूटनीति
प्रभात कुमार राय

# अलग-थलग पड़ता जा रहा इजराइल

> गाजा पट्टी के बाद इजराइली सेना ने फिलिस्तीन के इलाके रफहा पर अपनी आक्रामक सैन्य कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। रफहा में शुरू की गई इजराइल की सैन्य कार्रवाई का प्रबल विरोध अमेरिका द्वारा किया गया। इजराइल के समर्थक अमेरिका की कूटनीतिक सलाह की उपेक्षा करना इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भविष्य में काफी भारी पड़ सकता है। अमेरिका ने इजराइली हुकूमत को हिजबुल्ला तंजीम से भी युद्ध नहीं करने की भी सलाह दी थी। अमेरिका की दोनों कूटनीतिक सलाहों को अस्वीकार करके इजराइल के प्रधानमंत्री ने इजराइल को दुनिया के पटल पर अलग-थलग करने की बाकायदा शुरूआत कर दी है।

इजराइली सेना द्वारा फिलिस्तीन तंजीम हमास के विरुद्ध प्रारंभ की गई सैन्य कार्रवाई को 7 महीने से अधिक वक्त बीत चुका है। अपनी समस्त सैन्य क्षमता के बावजूद इजराइल की सेना अभी तक हमास की ताकत को पूरी तरह से नेस्तनाबूद नहीं कर पाई है। गाजा पट्टी के बाद इजराइली सेना ने फिलिस्तीन के इलाके रफहा पर अपनी आक्रामक सैन्य कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। रफहा में शुरू की गई इजराइल की सैन्य कार्रवाई का प्रबल विरोध अमेरिका द्वारा किया गया। इजराइल के समर्थक अमेरिका की कूटनीतिक सलाह की उपेक्षा करना इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भविष्य में काफी भारी पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका द्वारा ही इजराइल को आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्र उपलब्ध कराए जाते रहे हैं। रफहा पर आक्रमण नहीं करने के अतिरिक्त अमेरिका ने इजराइली हुकूमत को लेबनान में सक्रिय हिजबुल्ला तंजीम से भी युद्ध नहीं करने की भी सलाह दी थी। अमेरिका द्वारा दी गई इन दोनों महत्वपूर्ण कूटनीतिक सलाहों को अस्वीकार करके इजराइल के प्रधानमंत्री ने इजराइल को दुनिया के पटल पर अलग-थलग करने की बाकायदा शुरूआत कर दी है। अमेरिकन राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल सरकार से कहा है कि अमेरिका द्वारा इजराइली सेना को हथियारों की आपूर्ति तत्काल रोक दी जाएगी। यदि वास्तव में ही अमेरिका द्वारा इजराइल को आधुनिकतम हथियार नहीं प्रदान किए गए तो फिर इजराइल के लिए चौतरफा सैन्य दुश्मनों से अकेले मुकाबला करना बहुत दुश्वार हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इजराइली सेना इन दिनों हमास तंजीम से जूझ रही है। लेबनान की ईरान द्वारा समर्थित हिजबुल्ला तंजीम से सैन्य मुकाबला कर रही है। यमन के हूती आक्रमणकारियों का सामना कर रही है। सीरिया और इराक़ में विद्यमान फिलिस्तीन समर्थक छापामारों के हमलों को भी झेल रही है। भविष्य में इजराइल को तालिबान के दुर्दांत लड़ाकू का भी मुकाबला करना है। हिजबुल्ला तंजीम के विरुद्ध युद्ध नहीं शुरू करने के लिए जो सलाह अमेरिका ने इजराइल को दी थी इसके पीछे सबसे बड़ा कारण था कि अमेरिका की ताकत को बहुत अच्छी तरह से अनुमान लग रहा है। अमेरिका के सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि इजराइल का हिजबुल्ला के साथ युद्ध शुरू होने का मतलब यह होगा कि पूरा का पूरा उत्तरी इजराइल तबाह कर दिया जाएगा। 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इजराइल पर अचानक किए गए आक्रमण से प्रारंभ हुए इस युद्ध की व्यापकता का अंदाज़ा आसानी से लगाया जा सकता है। रूस बनाम यूक्रेन युद्ध में उलझा अमेरिका कदापि नहीं चाहता कि उसके लिए युद्ध का मध्य पूर्व में एक और बड़े युद्ध का मोर्चा खुल जाए। अमेरिकी कूटनीतिज्ञों का सटीक अंदाजा है कि रफहा में इजराइल द्वारा किया गया आक्रमण इस बर्बर युद्ध को वस्तुतः और अधिक विस्तार प्रदान कर देगा, इसीलिए बाइडेन ने इजराइली हुकूमत को यह सलाह दी थी कि उसको रफहा पर आक्रमण नहीं करना चाहिए और ना ही हिजबुल्ला के साथ युद्ध में कदाचित उलझना चाहिए। कहीं ऐसा ना हो जाए कि अमेरिका द्वारा इजराइल



हुकूमत को हथियार उपलब्ध नहीं कराए जाने की कूटनीतिक धमकी को वास्तव में अमेरिका द्वारा कोई अमलीजामा पहना दिया जाए। ऐसी स्थिति में इजराइल चौतरफा आक्रामक हालात में फंस जाएगा। वास्तव में अमेरिका स्वयं भी वियतनाम में और अफगानिस्तान में दीर्घकालीन गोरिल्ला युद्ध में परास्त होकर एक कटु अनुभव ले चुका है। अमेरिका नहीं चाहता कि उसका परम मित्र देश इजराइल उसकी तरह किसी दीर्घकालीन गोरिल्ला युद्ध में फंस बैठे। इजराइली हुकूमत अमेरिकन सलाह को निरंतर दरकिनार करती रही है। वर्ष 1948 में अपनी स्थापना से लेकर आज तक इजराइल किसी युद्ध पराजित नहीं हुआ है। इजराइल ने सन 1967 के युद्ध में अरब देशों को बुरी तरह पराजित किया था। इसके बाद 1973 में इजिप्ट के तत्कालीन राष्ट्रपति अनवर सादत ने इजराइल द्वारा हथियाई गई अपनी जमीन वापस लेने के लिए एक समझौता किया। जॉर्डन के शाह ने भी अपने घुटने इजराइल के सामने टेक दिए थे। यासर अराफत के नेतृत्व में एक दीर्घकालीन गोरिल्ला युद्ध इजराइल के विरुद्ध फिलिस्तीन लिबरेशन आर्मी -पीएलओ द्वारा लड़ा गया। पीएलओ के दीर्घकालीन संघर्ष का परिणाम निकला कि सन 1993 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जिमी कार्टर के नेतृत्व में इजराइली पीएम इजाकरॉबिन और पीएलओ लीडर यासर अराफत के मध्य ओस्लो समझौता हुआ, जिसके तहत वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में फिलिस्तीन को स्वायत्तता प्रदान कर दी गई थी, किंतु सार्वभौमिक राजसत्ता वाले देश का दर्जा फिलिस्तीन को प्रदान नहीं किया गया है जबकि सन 1948 में ही इजराइल को राष्ट्र घोषित करने के साथ ही संयुक्त राष्ट्र द्वारा दो स्वतंत्र राष्ट्रों के तौर पर फिलिस्तीन और इजराइल को क्रमशः 45 और 55 फीसदी भू-भाग दिया गया था। उल्लेखनीय है कि यूरोप में अमेरिका के मित्र नाटो देश एक के बाद एक फिलिस्तीन को राष्ट्र के तौर पर मान्यता दे रहे हैं। नार्वे, स्पेन और आयरलैंड द्वारा कुछ वक्त पहले ही फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दी गई है। इसके पहले नाटो सैन्य संगठन का नेतृत्व करने वाला नीदरलैंड भी फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में अपनी मान्यता प्रदान कर चुका है। दुनिया के 139 देश पहले से ही फिलिस्तीन को राष्ट्र का दर्जा दे चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि गाजा में इजराइल सेना द्वारा वहशियाना सैन्य कार्यवाही अंजाम दी गई, जिसके तहत हजारों बच्चे, हजारों महिलाएं और हजारों बेगुनाह नागरिक हलाक़ कर दिए। गए। विगत 7 महीने में गाजा पर इजराइल द्वारा बरसाया गया बारूद जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिका द्वारा गिराए गए 1500 टन बारूद के मुकाबले कई गुना अधिक है। आधुनिक इतिहास में दूसरे विश्व युद्ध के बाद अमेरिका द्वारा वियतनाम, लाओस और कंबोडिया पर इससे कहीं अधिक बारूद गिराया गया था। इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की सैन्य रणनीति के विरुद्ध पहली बार समस्त यूरोप का जनमत इजराइल के विरुद्ध खड़ा हो गया है।

इजराइली हुकूमत का यह दावा एकदम खोखला साबित हो चुका है कि वह गाजा में निर्दोष नागरिकों की हिफाजत कर रही है और केवल हमास के आतंकवादियों का सफाया कर रही है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इजराइल को बोको हरम सरीखे आतंकवादियों की श्रेणी में शामिल कर लिया गया है। इजरायली सेना के प्रवक्ता एडमिरल डेनियलहगरी का कहना है कि हमास को परास्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि हमास केवल एक तंजीम नहीं है बल्कि विचारधारा है जो हर फिलिस्तीनी के दिलों दिमाग में बस गई है। ऐसा प्रतीत होने लगा है कि इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का हमास को नेस्तनाबूद कर देने का सैन्य मिशन नाकाम हो चुका है। नेतन्याहू अपनी सैन्य रणनीति में खुद ही उलझ कर रह गए हैं, यहां तक कि उनके परम मित्र देश अमेरिका भी उनकी सैन्य रणनीति से नाराज होकर उनको भविष्य में हथियार प्रदान नहीं करने की धमकी दे रहा है।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल




# वो जो लौट कर घर ना आए...

अठारहवीं लोकसभा अस्तित्व में आ चुकी है। आम चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए कुल दस लाख से अधिक केंद्र व राज्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी इन चुनावों को सम्पन्न कराने के लिए अपने घर परिवार बच्चों को छोड़कर मतदान केंद्रों पर ड्यूटी देने गए 123 कर्मचारी अपने घर जीवित वापस नहीं आए वरन वह अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए ड्यूटी पर ही विभिन्न कारणों से जान गंवा गए। चुनाव आयोग को चुनाव कराने के लिए बड़ी संख्या में कर्मियों की जरूरत होती है और ये कर्मी विभिन्न सरकारी विभागों, सरकारी स्कूल के शिक्षकों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और एलआईसी सहित विभिन्न उद्यमों जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से लिए जाते हैं, जो देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपने-अपने जिलों में चुनाव कराने में मदद करते हैं। चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त लोगों के अनुपस्थित रहने की कोई गुंजाइश नहीं है। अनुपस्थिति पर आयोग की ओर से दंड दिया जाता है। चुनाव कार्य में केवल उन्हीं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा सकती है जो केंद्र या राज्य के स्थायी कर्मचारी हैं। इस बार का लोकसभा चुनाव 45 डिग्री वाले गर्म मौसम में सम्पन्न हुआ। यह गर्म मौसम की तपिश चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के लिए बेहद भारी साबित हुई। सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही 54 कर्मचारियों की ड्यूटी करते हुए मौत हो गई। 33 मौतें तो वोटिंग के आखिरी दिन 1 जून को हुईं। मरने वालों में ज्यादातर होमगार्ड्स थे, जिनके परिवारों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। कुछ परिवार ऐसे हैं, जिन्हें सहारा देने वाला कोई नहीं बचा। उनकी आखिरी उम्मीद 15 लाख रुपये का सरकारी मुआवजा है, जो अब तक नहीं मिला है। उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के दूसरे राज्यों में भी चुनाव ड्यूटी के दौरान कई कर्मचारियों की मौत हुई। चुनाव आयोग से इसकी जानकारी मांगी, लेकिन जवाब नहीं मिला। एक रिपोर्ट के मुताबिक राज्यों में अधिकारियों से बात की, तो पता चला कि मध्यप्रदेश में 27, असम में 15, राजस्थान-छत्तीसगढ़ में 8-8, पंजाब में 7 और दिल्ली में 4 मौतें हुई हैं। उत्तर प्रदेश में चुनाव के दौरान गर्मी काफी अधिक रही और चुनाव कर्मियों को सुविधाओं का अभाव था यही कारण है कि 54 पोलिंग स्टाफ की मौत हो गई। ड्यूटी पर जान गंवाने वाले इन कर्मचारियों में से अभी तक सिर्फ 27 के आश्रितों को सरकार की ओर से मदद मिली है। इलेक्शन कमीशन के मुताबिक, जान गंवाने वाले कर्मचारियों में ज्यादातर होमगार्ड, सफाईकर्मी और वोटिंग कराने वाले कर्मचारी थे। इन सभी की 500 रुपये रोज के हिसाब से ड्यूटी लगाई गई थी। सभी को वोटिंग से 3 से 4 दिन पहले तय लोकसभा क्षेत्रों में पहुंचना था। यूपी के मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा के हवाले से बताया गया है कि यूपी में रिपोर्ट हुईं सभी मौतें नेचुरल डेथ की कैटेगरी में आती हैं, इसलिए सभी पीड़ित परिवारों को 15 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। इलेक्शन कमीशन की गाइडलाइन के अनुसार, चुनाव ड्यूटी के दौरान पोलिंग स्टाफ की मौत होने पर दो तरह से मदद दी जाती है। पहला- कर्मचारी की बीमारी से या फिर प्राकृतिक मौत होने पर 15 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाता है। दूसरा- किसी भी तरह के उपद्रव या आतंकी हमले में पोलिंग स्टाफ की मौत होने पर 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। चीफ इलेक्शन कमिश्नर अभी यह जानकारी नहीं दे रहे हैं कि देश में कितने पोलिंग कर्मचारियों की मौत हुई, कब तक पीड़ित परिवारों को मुआवजा मिल जाएगा। सवाल सह है कि क्या तपती गर्मी को देखते हुए चुनाव टाला जा सकता था, वरिष्ठ पत्रकारों ने ऐसे 6 सवाल चीफ इलेक्शन कमिश्नर को मेल के जरिये भेजे। 5 दिन बाद भी जवाब नहीं आया। यह शर्मनाक है कि देश का चुनाव आयोग ड्यूटी पर तैनात जान गंवाने वाले कर्मचारियों की सही संख्या तक नहीं बता रहा है। मध्यप्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी अनुपम रंजन के मुताबिक चुनाव ड्यूटी के दौरान 27 कर्मचारियों की मौत हुई है। इनमें से 21 के परिवारों को केंद्र सरकार की तरफ से 15 लाख रुपये की मदद दी गई है। छत्तीसगढ़ में 8 कर्मचारियों की मौत हुई। सभी के परिवारों को मुआवजा मिल गया है। राजस्थान के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण गुप्ता के मुताबिक, प्रदेश में 8 मौतें हुई हैं, जिनमें से 6 परिवारों को मुआवजा मिल गया है। एक ओर वह नेता हैं जो संविधान हाथ में लेकर संविधान में आस्था का प्रदर्शन करते हैं और मौका मिलने पर संविधान का दुरुपयोग करने से भी नहीं चूकते हैं वहीं दूसरी ओर वे हैं जो अपनी जान ड्यूटी देते गंवा गए। हमारे विचार में इन तमाम लोगों को कर्तव्य परायणता के लिए श्रद्धांजलि दी जानी चाहिए और इनके आश्रितों को यथा शीघ्र आर्थिक मदद दी जानी चाहिए। इसमें देरी या अनावश्यक कागजी बाधाएं दूर करने की जरूरत है, ताकि लोकतंत्र के इन पहरूओं की आत्मा को शान्ति मिल सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित
दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

## गुरु अपने ज्ञान से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकता है



संकलित
प्रेरणा

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में किताना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं की जड़**

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। - **निरंजन विश्वकर्मा**, दुर्ग

## ट्रेंड

### सुधारों की सिफारिश



22 जून 2024 को इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था। सरकारी संगठनों, शिक्षाविदों को शामिल करते हुए, समिति का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया में सुधारों की सिफारिश करना, एनटीए की संरचना व संचालन की समीक्षा करना है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### खाद्य सुरक्षा तेजी से बिगड़ी



सूडान में खाद्य सुरक्षा तेजी से बिगड़ रही है, 755,000 लोग विनाशकारी परिस्थितियों में हैं और 14 क्षेत्रों में अकाल का खतरा है। मानवतावादियों को जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए निर्बाध, निरंतर पहुंच की आवश्यकता है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### छात्रों को सम्मान मिले



विपक्ष नीट परीक्षा और पेपर लीक मुद्दे पर सरकार के साथ रचनात्मक बहस करना चाहता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें आज संसद में ऐसा करने की अनुमति नहीं दी गई। यह एक गंभीर चिंता है। हम प्रधानमंत्री से छात्रों को वह सम्मान देने का आग्रह करते हैं जिसके वे हकदार हैं।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### कभी जबलपुर, कभी दिल्ली



बड़े ज़ोर शोर के साथ प्रधानमंत्री जी ने टर्मिनल 1 के इसी हिस्से का उद्घाटन किया था आज धड़ाम हो गया 3 लोगों की जान चली गई कई लोग घायल हैं। कभी राम मंदिर, कभी अटल सेतु, कभी जबलपुर टर्मिनल, कभी दिल्ली टर्मिनल

-संजय सिंह, आप नेता

## करंट अफेयर

# चीन की धमकी, ताइवान ने नागरिको को किया सतर्क

ताइवान ने अपने नागरिकों से चीन और अर्ध-स्वायत्त चीनी क्षेत्रों हांगकांग और मकाऊ की यात्रा करने से बचने का आग्रह किया है। बीजिंग ने स्वशासित द्वीप ताइवान के लोकतंत्र की स्वतंत्रता के समर्थकों को मार डालने की धमकी दी थी, जिसके बाद ताइवान ने अपने नागरिकों से यह अपील की है। मुख्यभूमि मामलों की परिषद के प्रवक्ता और इसके उप प्रमुख लियांग वेन-चेह ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह सलाह जारी की। ताइवान की ओर से यह अपील चीन की ओर से बढ़ती धमकियों के बीच आई है। चीन दावा करता है कि ताइवान उसका अपना क्षेत्र है और यदि आवश्यक हुआ तो वह बलपूर्वक उस पर कब्जा कर सकता है। स्वतंत्रता समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद चीन ने ताइवान के स्वतंत्रता समर्थकों को खोज खोज कर मार डालने की धमकी दी है। चीन ने 2016 में डीपीपी की पूर्व राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन के चुनाव जीतने के बाद से ताइवान की सरकार के साथ सभी तरह के संपर्क से इनकार कर दिया है। लियांग ने कहा, चीन की ओर से मिल रही धमकी को देखते हुए नागरिकों की सुरक्षा के लिए सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह नागरिकों को सलाह दे।



## ऑफ बीट

# दुनिया का चौथा विशाल मूंगा विरंजन अभी जारी

दुनिया की मूंगा चट्टानें पानी के नीचे के शहरों की तरह हैं, जो सभी प्रकार की मछलियों और समुद्री जानवरों से भरी हुई हैं। मूंगा चट्टानें समुद्र के 1% से भी कम हिस्से को कवर करती हैं, लेकिन वे कई महत्वपूर्ण मछली प्रजातियों सहित सभी समुद्री प्रजातियों के अनुमानित 25% का समर्थन करती हैं। इन जटिल पारिस्थितिक तंत्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का आर्थिक मूल्य केवल अमेरिका में सालाना 3 .4 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। आज, समुद्र के बढ़ते तापमान से कई चट्टानों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।जब समुद्र का पानी बहुत लंबे समय तक गर्म हो जाता है, तो मूंगे अपने ऊतकों में रहने वाले रंगीन सहजीवी शैवाल, जिन्हें ज़ोक्सांथेला कहते हैं, को बाहर निकाल देते हैं – एक प्रक्रिया जिसे मूंगा ब्लीचिंग कहा जाता है। ये शैवाल मूंगों को भोजन प्रदान करते हैं, इसलिए प्रक्षालित मूंगे भुखमरी और बीमारी के प्रति संवेदनशील होते हैं और यदि पानी जल्दी से ठंडा नहीं हुआ तो वे मर सकते हैं। रिकॉर्ड स्तर पर वैश्विक महासागर की गर्मी के साथ, वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि वैश्विक मूंगा ब्लीचिंग चल रही है। 2023 की शुरुआत से, भूमध्य रेखा के उत्तर और दक्षिण, हिन्द, प्रशांत और अटलांटिक महासागरों में मूंगे मर रहे हैं।



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# दिल्ली हवाई अड्डे की घटना मोदी सरकार के 'भ्रष्टाचारी मॉडल' की मिसालः कांग्रेस


## आईजीआई के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा ढहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने गुरुवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा ढहने की घटना को मोदी सरकार के 'भ्रष्टाचारी मॉडल' की मिसाल करार दिया और आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में बने बुनियादी ढांचे घटिया गुणवत्ता के चलते ताश के पत्तों की तरह ढह रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश के बीच शुक्रवार को तड़के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा वाहनों पर गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस हादसे के बाद विमानों का परिचालन स्थगित करना पड़ा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में बने घटिया बुनियादी ढांचे के ताश के पत्तों की तरह ढहने के लिए भ्रष्टाचार और आपराधिक लापरवाही जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि दिल्ली हवाईअड्डे के टर्मिनल 1 की छत गिरी, जबलपुर हवाई अड्डे की छत गिरी, अयोध्या की नई सड़कों की हालत खस्ता, राम मंदिर में लीकेज, मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक रोड में दरारें, 2023 और 2024 में बिहार में 13 नए पुल ध्वस्त हो गए, प्रगति मैदान सुरंग जलमग्न हो गई और गुजरात में मोरबी पुल त्रासदी हुई। खरगे ने कहा कि ये कुछ ऐसे स्पष्ट उदाहरण हैं जो पीएम मोदी और भाजपा के 'विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे' के निर्माण के बड़े-बड़े दावों की असलियत को उजागर करते हैं। 10 मार्च को जब मोदी ने दिल्ली हवाई अड्डे के टी1 का उद्घाटन किया तो उन्होंने खुद को 'दूसरी मिट्टी का इंसान' बताया था। ये सारी झूठी वाहवाही और बयानबाजी केवल चुनाव से पहले रिबन काटने के समारोहों के लिए थी। दिल्ली हवाई अड्डे की त्रासदी के पीड़ितों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना। उन्होंने एक भ्रष्ट, अयोग्य और स्वार्थी सरकार का खामियाजा भुगता।

पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मार्च में प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 का उद्घाटन किया था, आज उसकी छत ढह गई जिसमें एक कैब ड्राइवर की दुखद मृत्यु हो गई। तीन महीने पहले प्रधानमंत्री ने जिस जबलपुर हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था, उसकी भी छत ढह गई। उन्होंने कहा कि अयोध्या में निर्माण कार्यों के खस्ताहाल पर पूरा देश दुखी है। यह भाजपा का 'चंदा लो और धंधा दो' का भ्रष्टाचारी मॉडल है जिससे अब पर्दा उठ चुका है। प्रियंका गांधी ने सवाल किया, क्या 'प्रधान उद्घाटन मंत्री' इन घटिया निर्माण कार्यों और इस भ्रष्टाचारी मॉडल की जिम्मेदारी लेंगे?


मल्लिकार्जुन खरगे


प्रियंका गांधी


### दिल्ली हवाई अड्डा पर छत का गिरनाः टीएमसी ने मोदी की गारंटी के 'ध्वस्त' होने का आरोप लगाया

*कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर छत का एक हिस्सा गिरने की घटना के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के 'ध्वस्त' होने का आरोप लगाया। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने घोषणा की कि छत गिरने की घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। टीएमसी ने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में लिखा, प्रधानमंत्री मोदी की 'गारंटी' की एक झलकः उनके झूठ तले ध्वस्त होती हुई।' टीएमसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली हवाई अड्डे पर टी-1 की छत गिर गई, जिसका मोदी ने मार्च में सिर्फ चुनावी लाभ के लिए जल्दबाजी में 'उद्घाटन' कर दिया था, जबकि इसका काम अधूरा था। नायडू ने यह भी कहा कि हवाई अड्डे की संरचना का गहन निरीक्षण किया जाएगा। सरकारी सूत्रों ने बताया कि दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1(टी-1) की जो छत गिरी उसका निर्माण कार्य 2008-09 में हुआ था और इस कार्य का ठेका जीएमआर ने निजी कंपनी को दिया था।*

## खबर संक्षेप

### कच्छ में लगे भूकंप के हल्के झटके

**कच्छ।** गुजरात के कच्छ में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई है। अभी तक किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। इससे पहले 26 जून को मणिपुर और असम में भूकंप आया था। रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता क्रमशः 4.5 और 3.2 थी। हालांकि, भूकंप की वजह से किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ था।



### रास सांसद फूलो देवी की बिगड़ी तबीयत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा सदस्य और छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ नेता फूलो देवी नेताम शुक्रवार को संसद में विरोध प्रदर्शन के दौरान बेहोश हो गईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वे नीट मुद्दे पर सदन के वेल में विरोध कर रही थीं, तभी उन्हें चक्कर आने लगे। उन्हें दिल्ली के आरएमएल अस्पताल ले जाया गया है। सांसद स्वाति मालीवाल भी साथ थीं।



### तेलंगाना की फैक्ट्री में विस्फोट, 5 की मौत

**रंगा रेड्डी।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में शुक्रवार को एक ग्लास फैक्टरी में हुए विस्फोट में 5 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि शादनगर में फैक्टरी के एक टैंक में शाम करीब साढ़े चार बजे विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर है।



### 'मेरे बैग में बम है...' स्टाफ से बोला यात्री

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में सफर करने जा रहे एक यात्री ने स्टाफ से कहा कि उसके बैग में बम है। इसके बाद पूरे वहां मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। ट्रांजिट चेकिंग के दौरान उसने स्टाफ को अपने बैग में बम होने की जानकारी दी। स्टाफ ने तुरंत 'बॉम्ब थ्रेट असेसमेंट कमिटी' को सूचना दी। टीम ने तुरंत यात्री के बैग की जांच शुरू की।



### 'येदियुरप्पा ने मुंह बंद रखने के लिए पैसे दिए'

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व सीएम बी एस येदियुरप्पा के खिलाफ नाबालिग लड़की से यौन शोषण के मामले में सीआईडी लगातार जांच कर रही है। अब येदियुरप्पा पर आरोप लगा है कि उन्होंने तीन सहयोगियों के साथ पीड़िता और उसकी मां को चुप रहने पैसे दिए। येदियुरप्पा और सहयोगियों अरुण वाईएम और रुद्रेश एम के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं।



## पूर्वांचल, बिहार, झारखंड, त्रिपुरा और कर्नाटक में कर रहे जालसाजी

# सॉल्वर गिरोह के 33 सदस्य रडार पर राजस्थान से 10 स्टूडेंट को धर-दबोचा

## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की ताबड़तोड़ कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के रडार पर पूर्वांचल, बिहार, झारखंड, त्रिपुरा और कर्नाटक के सॉल्वर गिरोह के 33 सदस्य हैं। सभी 2021 में नीट में फर्जीवाड़े के प्रयास के आरोप में सारनाथ थाने में दर्ज मुकदमे के आरोपी हैं। आईएमएस बीएचयू के दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय की बीडीएस की छात्रा रही पटना की जूली कुमारी को 12 सितंबर 2021 को नीट परीक्षा के दौरान सारनाथ के एक केंद्र से गिरफ्तार किया गया था। वह त्रिपुरा की रहने वाली हिना विश्वास की जगह परीक्षा देते पकड़ी गई थी।

इसके बाद 48 आरोपियों का नाम आया था। अहम सूत्रधार मिर्जापुर के चुनार थाना के कैलहट के डॉ. शरद पटेल को 22 अप्रैल को एसटीएफ ने आरओ-एआरओ परीक्षा-2023 का पेपर लीक कराने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा में धांधली के मामले में आरोपी रहे हैं।




देश के कई राज्यों में फैला रखा था जाल




### डॉ. शरद का एक करीबी भी लपेटे में

सॉल्वर गैंग के डॉ. शरद सिंह पटेल का नाम नीट परीक्षा में फर्जीवाड़े के प्रयास में 2022 में सामने आया था। मुकदमे के तत्कालीन विवेचक के प्रार्थना पत्र पर अदालत ने डॉ. शरद के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया था। उसी दौरान एक व्यक्ति ने विवेचक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कमिश्नरेट के अफसरों को प्रार्थना पत्र दिया और विवेचना रोहनिया थानाध्यक्ष को स्थानांतरित कर दी गई। बताया जा रहा है कि पूछताछ की जद में डॉ. शरद का वह करीबी भी आएगा।

### राजस्थान में भी कार्रवाई, मेडिकल कॉलेज के 10 स्टूडेंट्स गिरफ्तार



देश भर में नीट परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ जांच एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं। नीट परीक्षा में फर्जीवाड़े के तार अब राजस्थान में झालावाड़ मेडिकल कॉलेज से जुड़े हैं। जहां जांच एजेंसियों ने डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने के आरोप में 10 छात्रों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने इस कॉलेज के 10 छात्रों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 8 को जमानत मिल चुकी है। फिलहाल 2 छात्र अभी भी पुलिस की कस्टडी में हैं। इन छात्रों पर 15-15 लाख रुपए लेकर डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने का आरोप है।

### नीट-यूजी जांचः सीबीआई ने गोधरा के चार आरोपियों की रिमांड मांगी

**गोधरा।** सीबीआई ने पंचमहल जिले के गोधरा में पांच मई को नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं में कथित रूप से शामिल रहने के मामले में गुजरात पुलिस द्वारा गिरफ्तार पांच लोगों में से 4 लोगों की चार दिन की रिमांड की अपील की। सीबीआई के वकील ध्रुव मलिक ने जिला अदालत को सूचित किया कि गुजरात पुलिस ने पहले जांच की है, लेकिन एजेंसी को इन आरोपियों को हिरासत में लेने की जरूरत है क्योंकि वह नए सिरे से जांच कर रही है। पंचमहल के प्रधान जिला न्यायाधीश सीके चौहान ने सीबीआई के रिमांड आवेदन पर आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस या जांच एजेंसियां गिरफ्तारी के बाद शुरुआती 15 दिन से अधिक किसी आरोपी की हिरासत की मांग नहीं कर सकतीं। मलिक ने कहा उचित लगे तो 15 दिन से अधिक रिमांड दी जा सकती है।

### मुखिया ने ही सिपाही भर्ती का पेपर लीक कराया



बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने सिपाही भर्ती पेपर लीक में शामिल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि शिक्षक भर्ती परीक्षा के बाद सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक का मास्टरमाइंड भी नालंदा के नगरनौसा निवासी संजीव मुखिया उर्फ लूटन की है। एक अक्टूबर, 2023 को कांस्टेबल भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र लीक हुआ था। दो दिन पहले ईओयू को इस केस में बड़ी लीड मिली थी। टीम ने छापेमारी कर बंगाल के 3 लोगों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया।

## राज्य सरकार ने खोला खजाना

# महिलाओं को हर माह मिलेंगे 1500 रु., बिजली बिल माफ

## महाराष्ट्र सरकार ने बजट पेश किया



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की एनडीए सरकार ने चुनावी सीजन में पेश बजट में बड़े ऐलान किए हैं। वित्त मंत्री अजित पवार की ओर से पेश बजट में मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना तर्ज पर महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपए देने का ऐलान किया है।

इस स्कीम का फायदा 21 से 60 साल तक की उम्र की महिलाओं को मिलेगा। इस स्कीम का नाम 'मुख्यमंत्री माझी लाड़की बहिन योजना' रखा गया है। इस स्कीम को 1 जुलाई से ही लागू कर दिया जाएगा और लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इस स्कीम के लिए 46 हजार करोड़ रुपए का सालाना बजट तय किया गया है।

### 5 सदस्यों वाले परिवार को हर साल 3 सिलेंडर फ्री

एकनाथ शिंदे सरकार ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के ठीक पहले यह फैसला लिया है। मुंबई क्षेत्र में वैट में कटौती की गई है और इसके चलते पेट्रोल एवं डीजल के दामों में भी कमी आई है। एक और कल्याणकारी योजना का ऐलान करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 5 सदस्यों वाले परिवार को हर साल 3 सिलेंडर फ्री में दिए जाएंगे। इसे मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना का नाम दिया गया है। शिंदे सरकार ने किसानों को भी साधने की कोशिश करते हुए बकाया बिजली बिल माफ करने का ऐलान किया है। इससे 44 लाख किसानों को फायदा मिलेगा।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाई

इन स्कीमों के अलावा वैट कम होने से पेट्रोल की कीमत में 65 पैसे की कमी आई है। डीजल भी 2.07 रुपए कम हुआ है। यह कटौती पूरे राज्य नहीं बल्कि अकेले मुंबई क्षेत्र में ही लागू की जाएगी। डीजल की कीमत में कटौती करने से किसानों को भी फायदा होगा। राज्य सरकार के इस बजट से उम्मीद की जा रही थी कि कुछ कल्याणकारी योजनाओं का ऐलान होगा क्योंकि अगले कुछ महीनों में ही चुनाव होने हैं।

# कृषि मंत्री चौहान ने ब्याज अनुदान दावों के निपटान हेतु वेब पोर्टल किया लॉन्च

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के अंतर्गत बैंकों द्वारा प्रस्तुत ब्याज अनुदान दावों के निपटान की प्रक्रिया को स्वचालित और तेज करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग और नाबार्ड द्वारा संयुक्त रूप से विकसित वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, नाबार्ड के अध्यक्ष, किसान कल्याण विभाग और बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर चौहान ने कहा कि मोदी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि अवसंरचना कोष को पीएम मोदी द्वारा 1 लाख करोड़ रुपये की फंडिंग के साथ लॉन्च किया गया था ताकि फसलों के भंडारण की क्षमता बढ़ाई जा सके और किसानों के नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि नए लॉन्च किए गए क्रेडिट दावों के स्वचालन से दावों का निपटान एक दिन के भीतर सुनिश्चित हो जाएगा, जो अन्यथा मैन्युअल निपटान के लिए महीनों लगते थे। उन्होंने कहा कि इस कदम से पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी और भ्रष्ट तरीकों पर रोक लगेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज तक कृषि अवसंरचना कोष के तहत 67,871 परियोजनाओं के लिए 43,000 करोड़ पहले ही स्वीकृत किए जा चुके हैं, 72,000 करोड़ के निवेश को जुटाया गया है। इसके अतिरिक्त, बैंक ब्याज सबवेंशन दावों के त्वरित निपटान की उम्मीद कर सकते हैं।

मंत्रालय के अनुसार कृषि अवसंरचना कोष योजना को 2020 में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य फसल कटाई के बाद प्रबंधन अवसंरचना के विकास के लिए नुकसान को कम करना, किसानों को बेहतर मूल्य का एहसास दिलाना, कृषि में नवाचार और कृषि अवसंरचना के निर्माण के लिए निवेश आकर्षित करना है। इस योजना के तहत बैंकों और वित्तीय संस्थानों के माध्यम से 2025-26 तक 1 लाख करोड़ की कुल राशि उपलब्ध कराई गई है। इस योजना में बैंकों द्वारा दिए गए 2 करोड़ तक के ऋणों के लिए 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान और बैंकों द्वारा भुगतान की गई क्रेडिट गारंटी शुल्क की अदायगी का प्रावधान है।



# प्रेमानंद महाराज ने प्रदीप मिश्रा को दी नसीहत, समाधान का बताया 'रास्ता'

एजेंसी ▶▶

राधारानी विवाद को लेकर कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा और प्रेमानंद महाराज चर्चाओं में हैं। प्रेमानंद महाराज ने धर्म रक्षा संघ के प्रतिनिधि मंडल से वार्ता करते हुए कहा कि प्रदीप छोटे भाई हैं। वे गलती मान लें, सारा विवाद यहीं खत्म हो जाएगा।

धर्म रक्षा संघ का एक प्रतिनिधि मंडल हनुमान टेकरी के महंत अधिकारी दशरथ दास महाराज के नेतृत्व में ब्रज के रसिक संत प्रेमानंद महाराज से मिलने शुक्रवार सुबह श्रीराधा केली कुंज पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल ने बरसाना में प्रदीप मिश्रा के खिलाफ रमेश बाबा की अध्यक्षता में महापंचायत के बारे में प्रेमानंद महाराज को विस्तृत जानकारी दी और उनसे मार्गदर्शन का अनुरोध किया।

### धर्म रक्षा संघ और हनुमान टेकरी के महंत भी नाराज

*धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि 3 दिन की समय सीमा पूरी होने के बाद भी मिश्रा अपने अहंकारी स्वभाव के कारण टस से मस नहीं हुए, मगर अब हमारे धर्म योद्धा, संत और ब्रजवासी शांत नहीं बैठेंगे। राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि आजकल मिश्रा की आत्मा में बकासुर प्रवेश कर गया है । अमर्यादित प्रलाप कर रहे हैं।*

## ओवैसी ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि उनकी नाक के नीचे ये सब कैसे हो रहा

# ओवैसी ने बंगले के सामने उपद्रव पर बिरला से की शिकायत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने दिल्ली स्थित अपने सरकारी बंगले पर उपद्रवियों के उत्पात को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से नाराजगी जताई है।

बिरला ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को नोटिस भेजकर तलब किया, क्योंकि घटना उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में हुई है और ओवैसी का बंगला पुलिस मुख्यालय से थोड़ी दूर है। घटना के बाद ओवैसी ने बिरला से मुलाकात की थी। बिरला ने ओवैसी को कार्रवाई का भरोसा दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना गुरुवार रात 9 बजे के बाद की है। करीब 6-7 युवा मध्य दिल्ली में 34 अशोक रोड स्थित ओवैसी के सरकारी बंगले पर पहुंचे थे। उन्होंने न केवल बंगले के गेट और दीवार पर ओवैसी के खिलाफ पोस्टर चिपकाए बल्कि उनके नामपट्ट पर काली स्याही पोत दी। घटना के बाद उपद्रवियों ने वीडियो बनाकर ओवैसी की संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की और नारे लगाए। सोशल साइट एक्स पर उपद्रवियों का वीडियो आया। संसद में 18वीं लोकसभा का सत्र शुरू होने के बाद शपथ ग्रहण के दौरान ओवैसी ने संविधान की शपथ लेने के बाद जय फिलिस्तीन का नारा लगाया, लेकिन जय हिंद नहीं कहा। सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बताया है कि कुछ अज्ञात उपद्रवियों ने गुरुवार को उनके दिल्ली वाले घर पर काली स्याही फेंकी है।

ओवैसी ने कहा कि मैं अब यह गिनती भूल गया हूं कि मेरे दिल्ली आवास को कितनी बार निशाना बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जब मैंने दिल्ली पुलिस से पूछा कि उनकी नाक के नीचे ये सब कैसे हो रहा है तो पुलिस ने असमर्थता व्यक्त की। ओवैसी ने एक्स पर इस घटना को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से भी सवाल किया। ओवैसी ने स्पीकर बिरला से पूछा कि हमें बताएं कि सांसदों की सुरक्षा की गारंटी होगी या नहीं। ओवैसी ने कहा कि वह इन सब घटनाओं से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने उपद्रवियों से कहा कि स्याही फेंकने या कुछ पत्थर फेंकने के बाद भागें नहीं।




## हापुड़ में हादसा

# श्रद्धालुओं से भरा कैंटर बेकाबू होकर खाई में पलटा, 18 जख्मी

एजेंसी ▶▶ हापुड़

यूपी के हापुड़ स्थित थाना देहात क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-334 स्थित गांव धनौरा कट के पास हिमाचल प्रदेश स्थित नगरकोट धाम की यात्रा कर वापस लौट रहा श्रद्धालुओं से भरा एक तेज रफ्तार कैंटर अनियंत्रित होकर खाई में जा पलटा।

इसमें सवार करीब 18 श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को गढ़ रोड स्थित सीएचसी में भर्ती कराया। यहां पांच श्रद्धालुओं की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें मेरठ के लिए रेफर कर दिया। थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव लुखराड़ा निवासी गंगे अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ कैंटर में सवार होकर हिमाचल प्रदेश स्थित नगरकोट धाम की यात्रा पर गए थे। गुरुवार की रात करीब डेढ़ बजे जैसे ही उनका कैंटर एनएच-334 स्थित गांव धनौरा कट के पास पहुंचा तो अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खाई में जा गिरा।



# अमीरों की सूची में उथल-पुथल, मस्क को पछाड़ बेजोस बने अरबपति नंबर वन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरबपतियों की लिस्ट में शुक्रवार को भी उथल-पुथल नजर आई। जेफ बेजोस एक बार फिर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हो गए हैं। उन्होंने एलन मस्क को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल किया है।

■ अडानी को काफी पीछे छोड़कर आगे निकले अंबानी

वहीं, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी अब अदाणी ग्रुप के मालिक गौतम अदाणी को काफी पीछे छोड़ 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जेनसेन हुआंग भी उनसे पीछे हैं। हालांकि, इस साल की कमाई में हुआंग और अदाणी मुकेश अंबानी से आगे हैं।

## ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स ने जारी की ताजा रैंकिंग सूची

### रैंकिंग में अदानी से आगे अंबानी, लेकिन कमाई में पीछे

एशिया के सबसे रईस शख्स मुकेश अंबानी अपने हमवतन गौतम अदाणी से इस रैंकिंग में काफी ऊपर पहुंच गए हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में पिछले तीन दिन से उछाल जारी है और अब वह 116 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ अदाणी से 3 पायदान ऊपर 11वें स्थान पर हैं। अदाणी 105 अरब डॉलर के साथ 14वें पोजीशन पर हैं। यही नहीं, अंबानी दुनिया में इस साल सबसे अधिक कमाई करने वाले जेनसेन हुआंग से भी दो पायदान ऊपर हैं। हुआंग 109 अरब डॉलर के साथ 13वें स्थान पर हैं।





### अधिक कमाई करने वाले टॉप-10 रईस

1. जेनसेन हुआंग 64.8 अरब डॉलर,
2. मार्क जुकरबर्ग 56.5 अरब डॉलर,
3. जेफ बेजोस 42.7 अरब डॉलर,
4. लैरी पेज 37.7 अरब डॉलर,
5. माइकल डेल 35.6 अरब डॉलर,
6. सर्गी ब्रिन 34.4 अरब डॉलर,
7. लैरी एलिसन 30.2 अरब डॉलर,
8. स्टीव बाल्मर 25.2 अरब डॉलर,
9. गौतम अदाणी 21 अरब डॉलर,
10. मुकेश अंबानी 19.9 अरब डॉलर की संपत्ति रही।

### फ्रांस के बर्नाल्ट सूची में तीसरे स्थान पर काबिज

बर्नार्ड अर्नाल्ट की दौलत गुरुवार को 2.49 अरब डॉलर घटकर 199 अरब डॉलर रह गई। अभी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर काबिज फ्रांस का यह अरबपति कुछ महीने पहले सबसे अमीर शख्स था। चौथे नंबर पर मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग है। गुरुवार को 2.22 अरब डॉलर की कमाई करने वाले जुकरबर्ग का नेटवर्थ 185 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

## खबर संक्षेप

### रुपया सात पैसे चढ़कर 83.38 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले सात पैसे मजबूत होकर 83.38 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी तथा कच्चा तेल विपणन कंपनियों की डॉलर मांग ने रुपये की तेज बढ़त को सीमित किया। रुपया 83.42 प्रति डॉलर के भाव पर खुला।

### सोने में 370 रुपए की तेजी चांदी 600 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 370 रुपये की तेजी के साथ 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू बाजार में मूल्यवान धातु मजबूत हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,180 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### जेएसडब्ल्यू इंफ्रा खरीदेगी नवकार कॉर्प में हिस्सेदारी



**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर ने कहा कि वह करीब 1,012 करोड़ रुपये में नवकार कॉरपोरेशन में 70.37 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। कंपनी ने नवकार कॉरपोरेशन (नवकार) के कुछ प्रवर्तकों और प्रवर्तक समूह (विक्रेताओं) के सदस्यों के साथ 10,59,19,675 इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण करने के लिए एक शेयर खरीद समझौता किया है। जो कंपनी कुल इक्विटी शेयर पूंजी का 70.37 प्रतिशत है।

## दास ने 18वें सांख्यिकी दिवस सम्मेलन में कहा

# आंकड़ों की गणना पद्धति में पूर्वाग्रहों को हटाना जरूरी : आरबीआई गवर्नर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कृत्रिम मेधा (एआई) एवं मशीन लर्निंग का इस्तेमाल बढ़ने से आंकड़ों की गणना-पद्धति (एल्गोरिद्म) में पूर्वाग्रहों को खत्म करने की जरूरत बतायी। दास ने केंद्रीय बैंक की तरफ से आयोजित 18वें सांख्यिकी दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निष्कर्ष निकालने के लिए सांख्यिकी का इस्तेमाल एक पसंदीदा साधन के तौर पर लगातार बढ़ रहा है और यह क्षेत्र अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए तथ्यों के संग्रह से आगे बढ़कर व्याख्या एवं निष्कर्ष निकालने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### कंप्यूटिंग की बढ़ी ताकत तेजी से इस्तेमाल हो रही

दास ने कहा कि नजरिये में आए इस बदलाव ने सांख्यिकी को अन्य प्रमुख विषयों का अभिन्न अंग बनने की छूट दी है। निर्णय निर्माण की दक्षता में सुधार और मानवीय ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगकर्ता के अनुभव को समृद्ध करने के लिए सांख्यिकीय तरीकों को अपनाने में कंप्यूटिंग की बढ़ी ताकत का तेजी से इस्तेमाल हो रहा है।



### डिजिटल पहुंच के दोहन का प्रयास

*दास ने कहा कि रिजर्व बैंक की टीम इन घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि आरबीआई वैकल्पिक डेटा स्रोतों से अपेक्षाओं, भावना संकेतकों और नीति विश्वसनीयता वाले उपायों का विश्लेषण करने के लिए विशाल कंप्यूटिंग शक्ति और बढ़ती डिजिटल पहुंच का दोहन करने का प्रयास कर रहा है।*

■ एआई एवं मशीन लर्निंग के प्रयोग से एल्गोरिद्म खत्म किया जाए

■ साख्यिकी का इस्तेमाल पसंदीदा साधन के तौर पर बढ़ रहा

■ यह क्षेत्र निष्कर्ष निकालने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है

### डिजिटल डेटा की मात्रा व भंडारण बढ़ रहा

दास ने कहा कि संग्रहीत डिजिटल डेटा की मात्रा और भंडारण क्षमता में तेजी से वृद्धि हो रही है जिससे नए अवसरों के साथ नई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा, अब ध्यान एआई और मशीन लर्निंग तकनीकों में क्षमता बढ़ाने और अव्यवस्थित डेटा का विश्लेषण करने पर है।

### रिजर्व बैंक ने कई क्षेत्रों में एआई व मशीन लर्निंग अपनाया

इस दौरान नैतिक पहलुओं को भी ध्यान में रखने और एल्गोरिदम में पूर्वाग्रहों को खत्म करने की जरूरत है। रिजर्व बैंक ने कई क्षेत्रों में एआई और मशीन लर्निंग विश्लेषण को अपनाया है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक अब उच्च आवृत्ति और वास्तविक समय पर उपलब्ध डेटा की निगरानी एवं विश्लेषण के लिए अत्याधुनिक प्रणालियां विकसित करने का लक्ष्य बना रहा है।

### आरबीआई ने एचएसबीसी पर लगाया जुर्माना



आरबीआई ने कार्ड से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने पर हांगकांग व शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएसबीसी) पर 29.6 लाख रुपये का जुर्माना शुक्रवार को लगाया। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि एचएसबीसी पर यह जुर्माना भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 'बैंकों के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और रुपया मूल्यवर्गित सह-ब्रांडेड प्रीपेड कार्ड परिचालन' पर जारी कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लगाया गया है।

# एनपीएस अंशधारकों के सौदे का निपटान एक जुलाई से उसी दिन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने एक जुलाई से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली अंशधारकों के लिए सौदे वाले दिन ही निपटान की अनुमति दे दी है। पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने एक बयान में कहा कि किसी भी निपटान दिवस पर सुबह 11 बजे तक ट्रस्टी बैंक द्वारा प्राप्त राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) अंशदान उसी दिन निवेश किया जाएगा और ग्राहकों को उसी दिन एनएवी (शुद्ध संपत्ति मूल्य) का लाभ मिलेगा।

बयान के अनुसार, अब तक, ट्रस्टी बैंक द्वारा प्राप्त योगदान का निपटान अगले दिन (टी+1) निवेश किया जाता है। इसका मतलब है कि पिछले दिन तक प्राप्त योगदान अगले दिन निवेश किया जाता है। पीएफआरडीए ने कहा कि किसी भी निपटान दिवस पर सुबह 9:30 बजे तक प्राप्त योगदान को पहले से ही उसी दिन निवेश के लिए माना जाता था। अब, सुबह 11 बजे तक प्राप्त योगदान राशि भी लागू एनएवी के साथ उसी दिन निवेश किया जाएगा।

■ ग्राहकों को उसी दिन एनएवी का लाभ मिलेगा

### समयबद्ध तरीके से ग्राहकों को लाभ मिले

बयान के अनुसार, पीएफआरडीए ने ई-एनपीएस के लिए 'पॉइंट ऑफ प्रजेंस' (पीओपी), नोडल कार्यालयों और एनपीएस ट्रस्ट को सलाह दी है कि वे अपने एनपीएस परिचालन को संशोधित समयसीमा के अनुरूप करें ताकि समयबद्ध तरीके से ग्राहकों को लाभ मिल सके।

## लाइफस्टाइल ने की सीज़न की सबसे बड़ी सेल की घोषणा

*मुंबई। भारत के प्रमुख फैशन संगमों में से एक लाइफस्टाइल बहुप्रतीक्षित बिक्री लाइफस्टाइल सेल की घोषणा करते हुए उत्साहित है। इस बहुप्रतीक्षित बिक्री लाइफस्टाइल सेल में खरीदार नवीनतम स्टाइल पर 50 प्रतिशत की छूट पा सकते हैं जिसमें शीर्ष फैशन ब्रांड अग्रणी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड से नवीनतम रुझानों और फैशन विकल्पों के व्यापक चयन के साथ लाइफस्टाइल सेल फैशन के प्रति उत्साही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। वार्डरोब लाइफस्टाइल कलेक्शन वसंत-ग्रीष्मकालीन अनुभूति का सबसे अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिसमें पुष्प प्रिंट और हल्के रंग, स्टाइलिश वर्गीकरण में ट्रेंडिंग शिफ़ली और क्रॉशिया ड्रेस, विंटेज ब्लूम्स प्रमुखता से शामिल है। कोर्ड-सेट, महिलाओं के लिए स्टाइलिश डेनिम ट्रेंड, और मुद्रित शर्ट की एक विस्तृत श्रृंखला, बिल्कुल नई ढीली पुरुषों के लिए फिट पैंट और अनोखी टीज रोमांचक छूट पर उपलब्ध हैं। इस मौसम में गर्मी बढ़ाते हुए कूल दिखने के लिए फ़ैशन प्रेमी निश्चिंत हो सकते हैं। लाइफस्टाइल की बिक्री ट्रेंड सेटर्स के लिए नवीनतम रुझानों की खरीदारी करने का एक शानदार अवसर प्रस्तुत करती है। मेलेंज, जिंजर, फोर्का, कोड, एएनडी, बीबा, ग्लोबल सहित 100 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड घरेलू, जैक एंड जोन्स, इंडियन टेरेन, पार्क एवेन्यू, पेपे जींस, प्यूमा, एडिडास, फॉसिल, अरमानी एक्सचेंज, मेबेलिन, लोरियल और कई अन्य परिधान, सौंदर्य प्रसाधन, घड़ियाँ, सुगंध आदि आकर्षक कीमतों पर जूते, हैंडबैग और सहायक उपकरण मौसमी आवश्यक वस्तुओं में से अपनी पसंद का विकल्प चुन सकते हैं। इसके अतिरिक्त, एसबीआई क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए एक विशेष ऑफर है, जिन पर न्यूनतम खरीदारी रु.7000* पर तत्काल 5 प्रतिशत * की छूट मिलती है, नियम एवं शर्तें लागू है। लाइफस्टाइल सेल सभी लाइफस्टाइल स्टोर्स, एंड्रॉयड और आईफोन उपयोगकर्ताओं के लिए लाइफस्टाइल ऐप ऑनलाइन* **www.lifestyle-stores.com** पर उपलब्ध है।

## शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी का दौर थमा

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर शुक्रवार को बैंक, वित्त एवं प्रौद्योगिकी शेयरों में मुनाफावसूली आने के कारण पिछले चार सत्रों से जारी तेजी का दौर थम गया। दोनों ही मानक सूचकांक हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। इसके साथ ही पिछले तीन दिनों से हर रोज सेंसेक्स और निफ्टी के नया रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला भी थम गया। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स पहली बार 79,000 और निफ्टी 24,000 के स्तर के पार बंद हुए थे। इस कारोबारी सप्ताह में सेंसेक्स 1,822.83 अंक यानी 2.36 प्रतिशत उछला जबकि निफ्टी में 509.5 अंक यानी 2.16 प्रतिशत की तेजी रही। जून महीने में सेंसेक्स ने कुल 7.14 प्रतिशत की छलांग लगाई जो किसी भी महीने का उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 210.45 अंक गिरकर 79,032.73 पर बंद हुआ। बीएसई की 30 कंपनियों में यह सबसे ज्यादा लाभ वाली कंपनी रही।



■ सेंसेक्स 210 अंक फिसला, निफ्टी में 30 अंक की गिरावट

**इन शेयरों में रहा नुकसान :** सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में सबसे ज्यादा नुकसान वाली कंपनी इंडसइंड बैंक रही। इसके बाद एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, जेएसडब्ल्यू स्टील और बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी गिरावट देखी गई।

**इन शेयरों में रहा लाभ :** विपरीत रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, नेस्ले और टाइटन सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।

**रिलायंस का बाजार पूंजीकरण 21 लाख करोड़ रुपये के पार:** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में शुक्रवार को दो प्रतिशत से अधिक की तेजी आई और कंपनी का बाजार मूल्यांकन 21 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया।

**औद्योगिक उत्पादन मई में 6.3 फीसदी की दर से बढ़ा (नई दिल्ली)।** कोयला, प्राकृतिक गैस और बिजली क्षेत्र के उत्पादन में अच्छी वृद्धि होने से मई के महीने में देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 6.3 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**PUBLIC NOTICE**

Mr. Manish Srivastava S/o Mr. Surendra Kumar Srivastava R/o CB2-303, Supertech Capetown Sector-74, Noida, UP. 201303, And Mrs Niharica Srivastava W/o Mr. Manish Srivastava R/o CB2- 303, Supertech Capetown Sector-74, Noida, UP. 201303, have booked a flat no-F1-1101 project Supertech Romano at Sector-118 Noida, after divorce Mr Manish Srivastava wants to remove the name of Mrs. Niharica Srivastava, from the flat No F1-1101 project Supertech Romano, If anyone have objection, contact to Supertech office-ESquare C-2, Sec-96, Noida. Within fifteen days

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## सरकार की सकल देनदारियां बढ़ी

**नई दिल्ली।** सरकार की कुल सकल देनदारियां दिसंबर के अंत में 166.14 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 171.78 लाख करोड़ रुपये हो गईं। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सार्वजनिक ऋण प्रबंधन तिमाही रिपोर्ट (जनवरी-मार्च, 2024) में कहा गया कि यह आंकड़ा तिमाही आधार पर 3.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक समीक्षाधीन तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण कुल सकल देनदारियों का 90.2 प्रतिशत था।

■ मार्च अंत में 3.4 फीसदी से बढ़कर 172 लाख करोड़ हुई

## सेलस्वीडन मेंलीडआईटी में हुआ शामिल, क्लाइमेट एक्शन के प्रति मज़बूत प्रतिबद्धता दिखाई

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न स्टील निर्माता कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को यह साझा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हाल ही में उसे लीडरशिप ग्रुप फॉर इंडस्ट्री ट्रांजिशन (लीडआईटी) के सदस्य के तौर पर शामिल किया गया, जिसकी घोषणा 25 जून, 2024 को स्वीडन के विस्बी में आयोजित 'एंगेजिंग इंडिया एट अल्मेडालेन' में की गई। लीडआईटी को स्वीडन और भारत की सरकारों ने सितंबर 2019 में यूनाइटेड नेशंस क्लाइमेट एक्शन सम्मिट में लॉन्च किया था। "लीडआईटी" विश्व आर्थिक (वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम) मंच से समर्थित है। लीडआईटी उन देशों और दूरदर्शी कंपनियों का गठबंधन है जो पेरिस समझौते और नेट-जीरो ट्रांजिशन को हासिल करने की कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। लीडआईटी के सदस्य इस धारणा से सहमत हैं कि अधिक ऊर्जा खपत वाले उद्योग कम कार्बन उत्सर्जन की राह अपनाएं और उन्हें अपनाना भी चाहिए, जिससे 2050 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। लीडआईटी विजन के साथ तालमेल बिठाने के लिए सेल का यह रणनीतिक कदम सेल की क्लाइमेट एक्शन की दिशा में उसकी प्रतिबद्धता को उजागर करता है और कंपनी को जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयासों के साथ भी जोड़ता है।



लीडआईटी को स्वीडन और भारत की सरकारों ने सितंबर 2019 में यूनाइटेड नेशंस क्लाइमेट एक्शन सम्मिट में लॉन्च किया था।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ: (i) निविदा सूचना। 81 / 2023–24 दिनांक 05.01.2024 (क्र. सं. 11)**

**(ii) निविदा संख्या 08235705 नियत तिथि 15.07.2024**

उपर्युक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा के विरूद्ध स्पष्टीकरण संलग्न किया गया है, शेष सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

1969/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जुलाना | वार्ड नं. 7, जुलाना में भान के मकान से बदन सैक्रेटरी के मकान तक आईएलपीबी गली का निर्माण + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.07.2024 | 2.21 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7206353677 secmcjulana@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/40/27276/1/88/7 दि. 28.06.24


## शब्द पहेली - 5556




**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

**शब्द पहेली - 5555 का हल**





भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा मुकाबला

मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर रात 8 बजे

# टी20 वर्ल्ड कप का महासंग्राम आज, 17 साल में पहली बार अजेय रही टीम बनेगी चैंपियन

एजेंसी ▶▶| जॉर्जटाउन

बारबाडोस। टी20 विश्व कप 2024 की दो फाइनलिस्ट टीमें मिल चुकी हैं। शनिवार को खिताबी मुकाबले में 2007 की चैंपियन भारत का सामना पहली बार फाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम से होगा। यह मुकाबला बारबाडोस में खेला जाएगा। दोनों ही टीमें इस मैच के लिए तैयार हैं। टी20 विश्व कप की शुरुआत 2007 में हुई थी और भारतीय टीम पहले ही संस्करण में चैंपियन बनी थी। तब से लेकर अब तक 17 साल में पहली बार ऐसा होगा कि पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही टीम चैंपियन बनेगी। यह नौवां संस्करण है और पिछले आठ संस्करण में कभी ऐसा नहीं हुआ कि कोई टीम एक भी मैच न गंवाते हुए चैंपियन बनी हो। 2007 से लेकर 2022 टी20 विश्व कप तक चैंपियन बनने वाली टीम ने अभियान के दौरान कोई न कोई मैच जरूर गंवाया है। हालांकि, इस बार न तो दक्षिण अफ्रीका और न ही भारत ने अब तक अपने फाइनल तक के अभियान में कोई मैच गंवाया है।






## 17 वर्षों में पहली बार होगा ऐसा

*अब फाइनल में अजेय टीमों की भिड़ंत होगी। इससे पहले 17 वर्षों में किसी टी20 विश्व कप में कभी ऐसा नहीं हुआ था। वहीं, पिछली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए चैंपियन बनने वाली टीम भी भारत ही है। 2013 के चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया अजेय रही थी और उसने पूरे संस्करण में कोई मैच नहीं गंवाया था। तब भारत ने फाइनल में इंग्लैंड को ही शिकस्त दी थी। अब भारत के पास 11 साल बाद इतिहास दोहराने का मौका है।*

## बारिश की संभावना

क्रिकेटप्रेमियों की निगाहें अब बारबाडोस पर टिक गई हैं, जहां आज भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी लड़ाई होनी है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को बारबाडोस में बारिश की संभावना है। यह संभावना 78% तक जताई गई है, जबकि बादल पूरे दिन छाए रहेंगे।

## दोनों दिन बारिश हुई तो कौन बनेगा चैंपियन ?



अगर शनिवार और रविवार दोनों ही दिन ज्यादा बारिश होती है और मैच रद्द हो जाता है तो फिर भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच ट्रॉफी शेयर की जाएगी। यानी दोनों टीमें जॉइंट विनर घोषित होंगे।

## रिजर्व डे का प्रावधान

हां, फाइनल के लिए रिजर्व डे रखा गया है। अगर शनिवार को बारिश के कारण मैच नहीं खेला जाता है तब यह रविवार को खेला जाएगा। आईसीसी ने इस मैच के लिए 3 घंटे 10 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम रखा है।

## भारत का सफर

| तारीख | जगह | खिलाफ | नतीजा |
|---|---|---|---|
| 5 जून | न्यूयॉर्क | आयरलैंड | 8 विकेट से जीता |
| 9 जून | न्यूयॉर्क | पाकिस्तान | 6 रन से जीता |
| 12 जून | न्यूयॉर्क | अमेरिका | 7 विकेट से जीता |
| 15 जून | फ्लोरिडा | कनाडा | मैच रद्द |
| 20 जून | बारबाडोस | अफगानिस्तान | 47 रन से जीता |
| 22 जून | एंटीगुआ | बांग्लादेश | 50 रन से जीता |
| 24 जून | सेंट लूसिया | ऑस्ट्रेलिया | 24 रन से जीता |
| 27 जून | गयाना | इंग्लैंड | 68 रन से जीता |

## दक्षिण अफ्रीका का सफर

| तारीख | जगह | खिलाफ | नतीजा |
|---|---|---|---|
| 3 जून | न्यूयॉर्क | श्रीलंका | 6 विकेट से जीता |
| 8 जून | न्यूयॉर्क | नीदरलैंड | 4 विकेट से जीता |
| 10 जून | न्यूयॉर्क | बांग्लादेश | 4 रन से जीता |
| 15 जून | सेंट विन्सेंट | नेपाल | 1 रन से जीता |
| 19 जून | एंटीगुआ | अमेरिका | 18 रन से जीता |
| 21 जून | सेंट लूसिया | इंग्लैंड | 7 रन से जीता |
| 24 जून | एंटीगुआ | वेस्टइंडीज | 3 विकेट से जीता |
| 27 जून | त्रिनिदाद | अफगानिस्तान | 9 विकेट से जीता |

## भारत ने गंवाए 10 टूर्नामेंट

| वर्ष | टूर्नामेंट और रिजल्ट |
|---|---|
| 2014 | टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में हार |
| 2015 | क्रिकेट वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में हार |
| 2016 | टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में हार गया |
| 2017 | चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली हार |
| 2019 | क्रिकेट वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में हार |
| 2021 | वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल हारे |
| 2021 | टी20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज से बाहर |
| 2022 | टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में मिली हार |
| 2023 | वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल हारे |
| 2023 | क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में हुई हार |

## भारत की टी20 लगातार जीत

| लगातार मैच जीते | कब से कब तक |
|---|---|
| 12 | नवंबर 2021 से फरवरी 2022 |
| 11* | दिसंबर 2023 से जून 2024 |
| 9 | जनवरी 2020 से दिसंबर 2020 |

## खबर संक्षेप



### गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने ड्रॉ खेली बाजियां

**बुखारेस्ट।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक के दूसरे दौर में रूस के इयान नेपोमनियाचची से कड़े मुकाबले में ड्रा खेला। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने भी फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से अंक बांटे। अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना अपनी एक गलती के कारण हमवतन वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने से चूक गए जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया।

### डब्लूटीएल का तीसरा सत्र दिसंबर में होगा

**अबू धाबी।** विश्व टेनिस लीग (डब्लूटीएल) का तीसरा सत्र 19 से 22 दिसंबर तक यहां एतिहाद एरेना में आयोजित किया जाएगा। चार दिवसीय कार्यक्रम में अपने पिछले सत्र में डेनियल मेदवेदेव, स्टेफानोस सितसिपास, आंद्रे रुबलेव, आर्यना सबलेंका, इगा स्वियातेक और एलेना रयबाकिना जैसे दिग्गजों ने हिस्सा लिया था। पिछले सत्र को मेदवेदेव, रुबलेव, मीरा एंड्रीवा और सोफिया केनिन की मौजूदगी वाली टीम पीबीजी ईगल्स ने जीता था। इस सत्र के लिए खिलाड़ियों की घोषणा बाद में की जाएगी।

### अली से गेंदबाजी नहीं करवाना बड़ी चूक


**जॉर्जटाउन।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत ने उन्हें चारों खाने चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और स्वीकार किया कि यहां की टर्न लेती पिच पर मोईन अली से गेंदबाजी नहीं करवाना रणनीतिक चूक थी। बटलर ने कहा, 'यह बेहद निराशाजनक है। भारत ने मैच में हमें चारों खाने चित किया। वह जीत के पूरे हकदार थे। उन्होंने बड़ा स्कोर बनाया। मुझे उम्मीद थी कि हम उन्हें 145-150 रन पर रोक देंगे। इससे अधिक का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल था।'



# डार्विन का लगातार 7वें मैच में गोल उरुग्वे ने बोलिविया को 5-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

कोपा अमेरिका



डार्विन नुनेज़ ने अपने लगातार सातवें अंतरराष्ट्रीय मैच में गोल किया, जिससे उरुग्वे ने गुरुवार रात को बोलिविया को 5-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

फ़ैकुंडो पेलिस्ट्री ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिलाई जबकि नुनेज़ ने 21वें मिनट में अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से पिछले सात मैचों में 10वें और कुल 25 मैचों में 13वें गोल के साथ इसे दोगुना कर दिया। मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 77वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया तथा फेडेरिको वाल्वरडे (81वें मिनट) और रोड्रिगो बेंटानकुर (89वें मिनट) ने गोल करके उरुग्वे को बड़ी जीत दिलाई। उरुग्वे के इस जीत से 6 अंक हो गए हैं और वह सोमवार को अमेरिका के खिलाफ होने वाले मैच को ड्रा कराने पर भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगा।

## पनामा ने अमेरिका को 2-1 से हराया

**अटलांटा।** टिम वीह को मैच के शुरू में ही रेड कार्ड मिलने के कारण 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे अमेरिका को पनामा से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। जोस फजार्डो ने 83वें मिनट में बैकअप गोलकीपर एथन होर्वाथ को छकाकर पनामा की तरफ से विजयी गोल किया। इससे पहले फोलारिन बालोगुन ने 22वें मिनट में अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन सीजर ब्लैकमैन ने 26वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। अमेरिका को वीह की कमी खली जिन्हें मैच के 18वें मिनट में साल्वाडोर के रेफरी इवान बार्टन ने रॉड्रिक मिलर के सिर पर मुक्का मारने के कारण रेड कार्ड देकर मैदान से बाहर भेज दिया था।


## ओलंपिक जाने वाली रिले धाविका किरण ने स्वर्ण जीता

एजेंसी ▶▶| पंचकूला

ओलंपिक जा रही हरियाणा की किरण पहल ने राष्ट्रीय अंतर प्रांत एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में 50.92 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीत लिया किरण ने 50.95 सेकंड का ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क दूसरी बार पार किया। हरियाणा की दीपांशी ने रजत और आंध्र प्रदेश की ज्योतिका श्री दंडा ने कांस्य पदक जीता। ज्योतिका भी पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की सदस्य है। मध्यम दूरी के धावक परवाज खान ने 1500 मीटर में तीन मिनट 42.95 सेकंड के साथ स्वर्ण जीता। पंजाब के गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मीटर में 10.32 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता। ओडिशा के अनिमेष कुजुर को रजत और असम के अमलान बोरगोहेन को कांस्य पदक मिला। महिला वर्ग में कर्नाटक की एस एस स्नेहा विजयी रहीं। महिलाओं के 1500 मीटर वर्ग में के एम दीक्षा तीसरे स्थान पर रही जबकि पश्चिम बंगाल की लिली दास ने जीत दर्ज की। दिल्ली की चंदा दूसरे स्थान पर रही। पुरूषों के 400 मीटर फाइनल में मोहम्मद अनस ने फोटो फिनिश में मुहम्मद अजमल को हराया।

## द्रविड़, रोहित ने किया कोहली का समर्थन

एजेंसी ▶▶| जॉर्जटाउन



भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा ने खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली का समर्थन करते हुए उम्मीद जताई कि यह स्टाइलिश बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के फाइनल में बड़ी पारी खेलेगा। कोहली ने टी20 विश्व कप के सात पारियों में केवल 75 रन बना पाए हैं। द्रविड़ ने कहा, 'आपने देखा होगा कि जब भी विराट थोड़ा जोखिम भरा क्रिकेट खेलते हैं तो हो सकता है कि कुछ अवसरों पर उन्हें सफलता न मिले। मैं इसमें किसी तरह का मिथक नहीं जोड़ना चाहता हूं लेकिन मुझे उम्मीद है कि वह जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे। मुझे उनका रवैया और समर्पण पसंद है।'कप्तान रोहित ने कहा, 'वह बेहतरीन खिलाड़ी हैं। कोई भी खिलाड़ी इस तरह के दौर से गुजर सकता है। हम समझते हैं कि वह कितना कुशल खिलाड़ी है और हम बड़े मैचों में उनके महत्व को समझते हैं।'

# शेफाली ने रचा इतिहास, 194 गेंदों पर ठोका सबसे तेज दोहरा शतक

**महिला टेस्ट क्रिकेट : भारतीय टीम ने पहले दिन बनाए रिकॉर्ड 525 रन**

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के रिकॉर्डतोड़ दोहरे शतक से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र महिला क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकार्डों की झड़ी लगा दी जिसमें एक दिन का सर्वोच्च स्कोर शामिल है। शेफाली ने सिर्फ 194 गेंद में 205 रन बनाए और स्मृति मंधाना (149) के साथ 292 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने पहले दिन चार विकेट पर 525 रन बनाए।







शेफाली ने आस्ट्रेलिया की अन्नाबेल सदरलैंड का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फरवरी में 248 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। बीस बरस की शेफाली पूर्व कप्तान मिताली राज के बाद टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक जमाने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज बन गई। मिताली ने अगस्त 2002 में टांटन में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 407 गेंद में 214 रन बनाए थे। भारत ने एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का 89 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा। इंग्लैंड की महिला टीम ने 1935 में क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो विकेट पर 431 रन बनाए थे।

### पहले दिन 500 रन बनानी वाली पहली टीम

शेफाली को इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 96 रन था। अपना पांचवां टेस्ट खेल रही शेफाली ने 23 चौके और आठ छक्के लगाए। स्मृति मंधाना का भी टेस्ट क्रिकेट में यह सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 127 रन था। टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए यह भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। महिला टेस्ट में किसी भी विकेट के लिए यह दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। दोनों ने पहले विकेट के लिए 312 गेंद में रिकॉर्ड 292 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। भारत महिला टेस्ट मैच में एक दिन में 500 से अधिक रन बनाने वाली पहली टीम बन गई।

**नाडा ने एएफआई से प्रतियोगिता में रोकने के लिए कहा**

# ओलंपिक के दावेदार मनु डोपिंग मामले में निलंबित

एजेंसी ▶▶| पंचकुला

ओलंपिक क्वालीफिकेशन के दावेदार माने जा रहे भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने प्रतिबंधित स्टेरॉयड के सेवन के आरोप में अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि मनु का पॉजीटिव टेस्ट इस साल अप्रैल में इंडियन ग्रां प्री के दौरान लिया गया था। इससे पहले उन्हें नाडा के निर्देश पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने प्रतिस्पर्धाओं से परे रहने के लिए कहा था।

एशियाई चैंपियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने वाले 24 साल के इस खिलाड़ी का विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से ओलंपिक क्वालीफिकेशन लगभग निश्चित था। इस मामले के सामने आने के बाद हालांकि उनका पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होना लगभग तय है। वह यहां गुरुवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप के लिए शुरुआती प्रवेश सूची में थे। लेकिन बाद में जारी की गई सूची से उनका नाम हटा दिया गया। एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने बताया कि नाडा ने महासंघ से मनु को प्रतियोगिताओं से रोकने के लिए कहा है लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की कि एथलीट ने डोपिंग अपराध किया है या नहीं। सुमरिवाला ने कहा, 'ऐसा कुछ हो सकता है, लेकिन हम अभी नहीं जानते कि वास्तविक कारण क्या है।



## मनु का शानदार प्रदर्शन

*मनु 15 से 19 मई तक भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.06 मीटर के थ्रो के साथ ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने एक जून को ताइपे शहर में ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 81.58 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। मनु विश्व एथलेटिक्स 'रोड टू पेरिस' सूची में 15वें स्थान पर थे और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की राह पर थे क्योंकि 32 एथलीट पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे। क्वालिफिकेशन की अंतिम तिथि 30 जून है। चोपड़ा और किशोर जेना ने 85.50 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल कर पहले ही ओलंपिक के लिए स्वतः योग्यता हासिल कर चुके है।*

# निराशा को भुलाने से वापसी में मिली मदद



एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऑस्ट्रेलिया के 2020-21 के दौरे में भारत की चमत्कारिक वापसी के सूत्रधार रहे अजिंक्य रहाणे ने कहा कि एडिलेड टेस्ट की निराशा से उबरकर एकजुट होने से श्रृंखला में वापसी करने में मदद मिली थी। भारतीय टीम तब एडिलेड में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट मैच में 36 रन पर आउट हो गई थी जो उसका टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर भी है। भारत ने इसके बाद शानदार वापसी करके श्रृंखला 2-1 से जीती थी। नियमित कप्तान विराट कोहली के निजी कारणों से स्वदेश लौटने के बाद रहाणे ने टीम की कमान संभाली थी।




## उप राज्यपाल सिन्हा ने जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# बाबा बर्फानी के रंग में रंगा मंदिरों का शहर... पहला जत्था रवाना

एजेंसी ▸▸| जम्मू

अमरनाथ यात्रा तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने से पहले एलजी मनोज सिन्हा ने मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना भी की। इस दौरान भगवती नगर में अलौकिक नजारा देखने को मिला। देशभर से पहुंचे श्रद्धालु बाबा भोले के जयघोष लगा रहे थे। कोई बाबा के भजन गा रहा था तो कई उन भजनों पर झूमता हुआ नजर आ रहा था। हर किसी के चेहरे पर अलग ही खुशी थी। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जाने वाले पहले में शामिल तीर्थयात्रियों ने अपने को खूब भाग्यशाली बताया। एक तीर्थयात्री ने कहा कि वह इस दिन का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे और आखिर आज यह दिन आ ही गया। भगवान भोले ने उन्हें पहले जत्थे में शामिल होने का मौका दिया, इसलिए बेहद खुश हैं।



### पवित्र गुफा के लिए दो मार्गों से यात्रा शुरू

*दक्षिण कश्मीर हिमालय में लगभग 13,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा के लिए दो मार्गों से यात्रा पूरी की जाती है। एक मार्ग बालटाल आधार शिविर से शुरू होता है तो दूसरा पहलगाम आधार शिविर से। कश्मीर घाटी के जिले अनंतनाग में नुनवान-पहलगाम मार्ग पारंपरिक है और यह करीब 48 किलोमीटर लंबा है। वहीं, गंदरबल जिले में 14 किलोमीटर छोटा लेकिन खड़ी पहाड़ियों से घिरा बालटाल मार्ग है। पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के बाद एलजी मनोज सिन्हा ने कहा, "अमरनाथ यात्रा को जा रहे तीर्थयात्रियों का पहला जत्था जम्मू से रवाना हो गया है। पिछले 3-4 सालों में यात्रा के लिए बहुत सारे इंतजाम किए गए हैं और इस बार भी जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सभी जरूरी इंतजाम किए हैं, सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कहा, सभी तीर्थयात्रियों को सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा के लिए मेरी शुभकामनाएं। बाबा अमरनाथ सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाएं।'*

### 4603 श्रद्धालुओं का पहला जत्था आधार शिविर पहुंचा

शुक्रवार सुबह जम्मू से बम-बम भोले और जय बाबा बर्फानी के जयघोष लगाते हुए त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच 4603 श्रद्धालु कश्मीर के लिए रवाना हुए, जो देर शाम काजीगुंड की नवयुग टनल से होते हुए बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों में पहुंचे। इससे पहले उधमपुर के टिकरी के काली माता मंदिर में जत्थे का पहला स्वागत किया गया। शनिवार को भक्तों को बाबा बर्फानी के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। शनिवार सुबह दोनों रूटों से पवित्र गुफा के लिए पहलगाम और बालटाल आधार शिविरों से तीर्थ यात्री प्रस्थान करेंगे। 4603 श्रद्धालुओं में 3631 पुरुष, 711 महिलाएं, 252 साधु और नौ बच्चे शामिल हैं। वे 231 वाहनों के काफिले में सवार थे।





# आसमान से जमीन तक अभेद्य सुरक्षा, 90 हजार जवान तैनात

प्रदेश के प्रवेशद्वार लखनपुर से पवित्र गुफा तक 90 हजार जवान तैनात किए गए हैं, जो हाईवे, लंगर स्थलों, आधार शिविरों, यात्री निवासों आदि पर सुरक्षा संभाल रहे हैं। यात्रियों को लेकर जाने वाले काफिले में शामिल तमाम बसों की पुंख्ता जांच की गई है। एक-एक बस की सीट से लेकर डिक्की तक जांची गई। चालकों को कहा गया कि वे यात्रियों को बस में चढ़ाने से पहले बस को पूरी तरह से चेक कर लें, ताकि किसी की तरह सुरक्षा में चूक न हो। बेस कैंप से लेकर गुफा तक के सभी मार्गों पर 17 से ज्यादा पीटीजेड हाई-डेफिनेशन 360-डिग्री व्यू कैमरे लगाए गए हैं।

### ड्रोन-सीसीटीवी से कड़ी निगरानी





### संवेदनशील जगहों पर शार्प शूटर

यात्रियों के काफिले के बीच एक बुलेटप्रूफ तंत्र शामिल होगा। यात्रियों की रास्ते में कड़ी निगरानी रहेगी। काफिले के बीच और रास्ते में संवेदनशील जगहों पर शार्प शूटर तैनात किए गए हैं, ताकि कहीं भी कोई संदिग्ध दिखे तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### सटीक स्थानों पर नजर रखी जाएगी

बालटाल और चंदनबाड़ी बेस कैंप से लेकर प्रमुख स्थानों पर दर्जनों स्टैटिक कैमरे रणनीतिक रूप से लगाए गए हैं। सभी पंजीकृत यात्रियों को आरएफआईडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) टैग से लैस किया गया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि यात्रा के दौरान उनके सटीक स्थानों पर नजर रखी जा सके।



## कनाडा के जंगल में लगी आग ने बढ़ा दी पूरी दुनिया में गर्मी

**ओटावा।** कनाडा के जंगलों में साल 2023 में गर्मी की वजह से लगी भयावह आग ने भारत के मुकाबले अधिक कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ी। गर्मी पैदा करने वाली इस गैस ने भारत में जलाए गए जीवाश्म ईंधन के मुकाबले दुनिया में अधिक प्रदूषण फैलाने के साथ ही तापमान में भी इजाफा किया। यह खुलासा विश्व संसाधन संस्थान और मैरीलैंड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के ग्लोबल चेंज बायोलॉजी में प्रकाशित एक नए अध्ययन में किया गया।

### अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित यान में छिपना पड़ा

# भयंकर हादसा, स्पेस में टुकड़े टुकड़े हो गई रूस की सैटेलाइट

एजेंसी ▸▸| मास्को



सैटेलाइट में हुए विस्फोट के बाद अंतरिक्ष में कचरा और भी बढ़ गया है, क्योंकि अंतरिक्ष का कचरा आसमान में ही तैरने लगता है। रूस की जिस सैटेलाइट में विस्फोट हुआ, उसका नाम रेसूरस पी-1 बताया जा रहा है। फिलहाल, यह कैसे टूटा इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

कुछ विशेषज्ञों ने आशंका जताई है कि कहीं रूस ने ही इस सैटेलाइट को मिसाइल से निशाना बनाया हो साल 2022 में ही इस सैटेलाइट को मृत घोषित किया गया था। अंतरिक्ष में बढ़ रहे मलबे पर नजर रखने वाले अमेरिकी अंतरिक्ष कमान ने बताया कि फिलहाल रूस के सैटेलाइट के टूटने से अभी अन्य किसी सैटेलाइट को कोई खतरा नहीं है। अमेरिकी स्पेस कमांड ने बताया कि यह घटना गुरुवार को हुई। नासा के अंतरिक्ष कार्यालय ने इसके बारे में वृहद जानकारी दी है।

### अमेरिकी वैज्ञानिक ने जताई आशंका

दरअसल, रूस ने साल 2021 में एक मिसाइल हमला करके अपने एक निष्क्रिय सैटेलाइट को तबाह किया था, जिसके बाद अमेरिका समेत पश्चिमी देशों ने रूस की आलोचना की थी। ऐसे में फिर से एक बार आशंका जताई जा रही है कि अपने हथियारों की टेस्टिंग के लिए रूस ने दोबारा ऐसा न किया हो। अंतरिक्ष-ट्रैकर और हार्वर्ड खगोलशास्त्री जोनाथन मैकडॉवेल ने कहा कि फिलहाल, हवाई क्षेत्र या समुद्री क्षेत्र से कोई ऐसी जानकारी नहीं मिली है कि रूस ने मिसाइल लॉन्च किया है। लेकिन रूस क्या करता है इसको कौन जानता है।

### बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता, भारत इस तरह के व्यवहार की निंदा करता है

# इटली में भारतीय सतनाम सिंह की मौत पर भारत की दो टूक

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| नई दिल्ली

उत्तरी इटली में हाल ही में हुई भारतीय नागरिक सतनाम सिंह की मौत के मामले पर शुक्रवार को विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया सामने आई है। नई दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मामले में उनके नियोक्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है, जांच जारी है। हम इटली में उनके साथ हुए व्यवहार की निंदा करते हैं। भारत कामगारों के साथ मानवीय व्यवहार की मांग करता है। हम सतनाम सिंह के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।

गौरतलब है कि बीते दिनों इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी इस मामले को संसद में उठाते हुए अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा था कि मुझे उम्मीद है कि मामले में दोषी को कड़ी सजा मिलेगी। सतनाम सिंह इटली में एक खेत में काम करते थे। वहां काम करते हुए मशीन में उनका एक हाथ कट गया था। इसके बाद उनके नियोक्ता ने इलाज कराने की बजाय उन्हें सड़क किनारे फेंक दिया था। इसकी वजह से सतनाम की मौत हो गई थी। इस घटना के सामने आने के बाद इटली में कई भारतीय कामगार प्रदर्शन कर रहे हैं। पीएम मेलानी का संसद में दिया गया बयान भी उक्त घटनाक्रम के बीच ही सामने आया है।

### लेबनान में दूतावास से संपर्क में रहें भारतीय

उधर लेबनान के हालात को लेकर रणधीर जायसवाल ने कहा कि वहां कुल करीब 2 से 3 हजार भारतीय नागरिक रहते हैं। भारतीय दूतावास उनके संपर्क में है। हमने अपने नागरिकों को यात्रा संबंधी कोई सलाह नहीं दी है। लेकिन भारतीयों को हमारे दूतावास के संपर्क में बने रहने की सलाह दी है।

### एससीओ सम्मेलन में जाएंगे जयशंकर

उन्होंने कहा कि 3 और 4 जुलाई के बीच कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में आयोजित किए जाने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। पूर्व में इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की संभावना जताई जा रही थी। लेकिन संसद के मौजूदा सत्र की वजह से वह इस आयोजन में शिरकत नहीं करेंगे। एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत के अलावा रूस, चीन और पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष भी शामिल होंगे। सम्मेलन में अफगानिस्तान की ताजा स्थिति, क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों में चर्चा की जाएगी।




### बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता, हम खारिज करते हैं अमेरिका की यह अत्यंत पक्षपातपूर्ण रिपोर्ट

# धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट पर भारत की अमेरिका को खरी-खरी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| नई दिल्ली

धार्मिक स्वतंत्रता पर हाल ही में जारी की गई 'इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम रिपोर्ट-2023' को लेकर भारत ने अमेरिका के खिलाफ कड़ा पलटवार किया है। यहां राजधानी में शुक्रवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत अमेरिका के विदेश विभाग की इस रिपोर्ट को अस्वीकार करते हुए सिरे से खारिज करता है। क्योंकि पहले की तरह ही यह अत्यंत पक्षपातपूर्ण है और इसमें भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ का भी अभाव है।

रिपोर्ट से यह स्पष्ट होता है कि ये गलत बयानी, अपने आप लगाए गए आरोप-प्रत्यारोप, वोट बैंक से प्रेरित है और एक खास तरह का नैरेटिव गढ़ने के लिए इसमें कुछ चुनिंदा घटनाओं को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि बीते बुधवार को अमेरिका ने यह रिपोर्ट जारी की थी। जिसमें कहा गया था कि भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरती भाषणों और अल्पसंख्यकों के घरों, पूजा स्थलों को तोड़े जाने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देखने को मिल रही है।

### वैधानिक प्रक्रिया पर उठाती सवाल

जायसवाल ने कहा कि यह रिपोर्ट भारत की कानूनी, वैधानिक प्रक्रिया पर भी सवालिया निशान लगाती है। साथ ही देश के संवैधानिक प्रावधानों को गलत ढंग से प्रस्तुत करती है। जिसे कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता है। वर्ष 2023 में भारत ने आधिकारिक तौर पर घृणा अपराध, भारतीय नागरिकों, अल्पसंख्यकों पर नस्लीय हमलों, पूजा स्थलों पर की गई तोड़फोड़, कानून लागू करने वाले अधिकारियों द्वारा हिंसा और दुर्व्यवहार के अलावा विदेशों में उग्रवाद, आतंकवाद को राजनीतिक संरक्षण के साथ कई मामले उठाए हैं। भारत-अमेरिका के बीच मानवाधिकार और विविधता के सम्मान के मुद्दे पर चर्चा होती रही है। लेकिन इस तरह की वार्ता विदेशी हस्तक्षेप का लाइसेंस नहीं बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में उन कानूनों को भी निशाना बनाया गया है जो भारत में वित्त के दुरुपयोग पर निगरानी रखते हैं। सुझाव के साथ कहना कि नियमों को मानने का बोझ अनुचित है। ऐसे में यह रिपोर्ट ऐसे कानूनों की आवश्यकता पर सवाल उठाना चाहती है। वहीं स्वयं अमेरिका में और भी कड़े कानून और नियम हैं। वह निश्चित रूप से अपने लिए ऐसे समाधान प्रयोग नहीं करेंगे।

### पन्नू, गुप्ता मामले में रिपोर्ट का इंतजार

उन्होंने कैंपबेल की पन्नू और निखिल गुप्ता को लेकर की गई टिप्पणियों को लेकर कहा कि हमने इस मामले में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। यह मामले से जुड़े तमाम पहलुओं पर गौर कर रही है। जब इसके निष्कर्ष सामने आएंगे तो हम उस दिशा में उचित कार्रवाई करेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109